27 जून 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार | वर्ष-31, अंक- 250, पृष्ठ-12 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्री जगन्नाथ रथयात्रा

नीलांचल निवासाय नित्याय परमात्मने बलभद्र सुभद्राभ्याम् जगन्नाथाय ते नमः

## एक नजर

### धनबाद और लोहरदगा में रिश्वत लेते 2 सरकारी कर्मचारी गिरफ्तार

**लोहरदगा/धनबाद।** झारखंड में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गुरुवार को 2 सरकारी कर्मचारियों को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एक कर्मचारी को धनबाद से गिरफ्तार किया गया है, तो दूसरे को लोहरदगा से। धनबाद में एलआरडीसी कार्यालय में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर अनीश कुमार को एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत गिरफ्तार किया है।

**एलआरडीसी का कम्प्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार :** एलआरडीसी के कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर को एसीबी के अधिकारी अपने साथ एसीबी कार्यालय ले गयी है। उससे पूछताछ जारी है। दूसरी टीम **शेष पेज 11 पर...**

# पलामू के चार नए थाना भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण, डीआईजी ने कहा- जल्द कराएंगे उद्घाटन

- **रेहला, देवरी, नावाडीह कला और पाटन में भवन हस्तांतरण, बरसात से पहले व्यवस्था सुदृढ़**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चार थानों के लिए निर्मित नए भवनों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और इन्हें संबंधित थाना व ओपी प्रभारियों को विधिवत रूप से हस्तांतरित भी कर दिया गया है। जल्द ही इन भवनों का उद्घाटन कराया जाएगा। इस संबंध में पलामू के पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने बताया कि बरसात के मौसम को देखते हुए पुलिस बल को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी भवनों में जल्द से जल्द शिफ्टिंग का कार्य भी पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बेहतर भवनों में पुलिस कर्मियों को कार्य करने का अनुकूल वातावरण मिलेगा, जिससे अपराध नियंत्रण और जनसंपर्क कार्यों में भी तेजी आएगी।



इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, पलामू द्वारा पत्रांक 2870/गो० के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखंड रांची को सूचित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि जिन थाना भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है, उनके नाम और हस्तांतरण की तिथि इस प्रकार है: रेहला थाना : 30 मार्च
देवरी ओपी 28 मार्च 2025
नावाडीह कला ओपी 19 अप्रैल
पाटन थाना 26 जून 2025 है।

डी आई जी नौशाद आलम ने कहा कि नवनिर्मित भवनों में जल्द ही आवश्यक संसाधन, फर्नीचर व अन्य आवश्यक उपकरणों और उपस्करों की आपूर्ति की जाएगी, जिससे स्टाफ को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि इन भवनों के उद्घाटन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा।

डीआईजी नौशाद आलम ने बताया कि वह आज इस संबंध में मुख्यालय में आयोजित बारिया अधिकारियों की बैठक में एडीजे से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक पलामू ने उक्त जानकारी के साथ इस पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक, पलामू प्रक्षेत्र पलामू क्षेत्र को भी भेजी है, ताकि समुचित जानकारी उच्चाधिकारियों को मिल सके और आगे की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो।

## जीएलए कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय पासवान बने जेएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

- **नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति ने सौंपी जिम्मेदारी, सकारात्मक दिशा में काम करने का लिया संकल्प**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय, मेदिनीनगर के कुलपति द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर के हिंदी विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक सह जन सूचना पदाधिकारी डॉ. अजय कुमार पासवान को जेएस कॉलेज, मेदिनीनगर का प्रोफेसर इंचार्ज (प्रभारी प्राचार्य) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति झारखंड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 2000 की धारा 64 के तहत कुलपति को प्रदत्त अधिकारों के तहत की गई है। डॉ. पासवान की यह नियुक्ति अंतरिम व्यवस्था के रूप में तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। डॉ. अजय कुमार पासवान ने जिम्मेदारी मिलने पर विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे छात्रों के शैक्षणिक और नैतिक विकास के साथ कॉलेज की व्यवस्था को और सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे।

**शेष पेज 11 पर...**

# अस्पताल में भर्ती शिबू सोरेन की हालत स्थिर, राष्ट्रपति ने की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में सर गंगा राम हॉस्पिटल पहुंचकर इलाजरत झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने शिबू सोरेन के बड़े पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिवार के अन्य सदस्यों से भी मुलाकात की और उनके इलाज के संबंध में बातचीत की। राष्ट्रपति के आधिकारिक "एक्स" हैंडल पर



इसकी जानकारी दी गई है। राष्ट्रपति के साथ अस्पताल में हेमंत सोरेन से बातचीत की तस्वीर भी साझा की गई है। एक्स हैंडल पर लिखा गया है, "भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने शिबू सोरेन के पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।"

लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे 81 वर्षीय शिबू सोरेन को कुछ दिन पहले नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया गया है कि उनकी हालत स्थिर है। उनके पुत्र झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी दो दिन पूर्व दिल्ली पहुंचे। शिबू सोरेन की बहू विधायक कल्पना सोरेन, उनके छोटे पुत्र विधायक बसंत सोरेन सहित परिवार के कई लोग दिल्ली में मौजूद हैं। बुधवार की रात झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी अस्पताल में शिबू सोरेन से मुलाकात **शेष पेज 11 पर...**

## 15 दिन के एकांतवास के बाद भगवान जगन्नाथ का हुआ नेत्रदान, रथ मेला आज

### जय जगन्नाथ गूंजा सब ओर

**रांची।** भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को 15 दिवसीय एकांतवास के बाद गुरुवार को गर्भगृह से बाहर लाया गया। प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ सहदेव और पुजारी रामेश्वर पाढ़ी की अगुवाई में नयनदान (नेत्र निर्माण) की विशेष प्रक्रिया पूरी की गई। जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों की आंखें श्रद्धा से भर आईं। ठीक तीन बजे ढोल-नगाड़ों, घंटों और भेर की मधुर ध्वनि से पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में डूब गया। चारों दिशाओं से "जय जगन्नाथ" के



जयघोष गूंज उठे।

**कोलकाता के फूलों से सजा मंदिर परिसर :** इस पावन अवसर पर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। कोलकाता से मंगाए गए गेंदाफूल, रजनीगंधा, गोपाटी, गुलाब और ऑर्किड जैसे फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया, मानो स्वयं प्रकृति ने देवताओं के स्वागत में अपनी अनुपम छटा बिखेरी हो।

**कड़ी सुरक्षा और भक्तों की सुविधा का विशेष ध्यान :** भक्तों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए। दर्शन को व्यवस्थित रखने के लिए विशेष व्यवस्था की गई ताकि श्रद्धालु सुगमता से भगवान के दर्शन कर सकें।

**शेष पेज 11 पर...**

# नशा मुक्ति के लिए झारखंड ने लिया संकल्प

## स्वस्थ व नशामुक्त झारखंड की परिकल्पना के लिए सरकार दृढ़संकल्पित : सुदिव्य कुमार



- **नशा मुक्ति के लिए राजधानी में मैराथन दौड़**

**रांची।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना है कि हमारा झारखंड नशा मुक्त हो। उन्होंने संकल्प लिया है झारखंड को नशा मुक्त करने का। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए ,नशा मुक्त झारखंड के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पिछले 14 दिनों से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए गुरुवार को नशा मुक्त झारखंड के लिए युवाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। स्वस्थ झारखंड, नशामुक्त झारखंड की परिकल्पना को लेकर हमलोग आज मैराथन दौड़ के लिए जमा हुए हैं। सुदिव्य कुमार गुरुवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता के लिए आयोजित **शेष पेज 11 पर...**

## राज्य को नशा व अपराधमुक्त बनाने की शुरुआत : दीपिका पांडेय

- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशील सोच से ही नशामुक्ति की ओर झारखंड**

**रांची।** झारखंड में 10 से 26 जून तक आयोजित मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का समापन गुरुवार को डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में संपन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इसे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदृष्टि सोच और संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान का समापन नहीं बल्कि राज्य को नशामुक्त एवं अपराधमुक्त बनाने की दिशा में एक नई शुरुआत है।

**नशे के बड़े सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता**



दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि आज झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में कदम से कदम मिला कर चल रहा है जहां सभी आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है वही दूसरी ओर झारखंड सामाजिक बुराइयों के खिलाफ भी मुखर होकर खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के बड़े सौदागरों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है ताकि समाज के ताने-बाने को नष्ट करने वाले तत्वों पर रोक लगाई जा सके।

**अफीम की खेती के खिलाफ चलाया गया व्यापक अभियान : मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव **शेष पेज 11 पर...**

## झारखंड की 34,000 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की केंद्र ने की समीक्षा

# पतरातू थर्मल पावर प्रोजेक्ट पर खास नजर

**उदय चंद्र सिंह**

**नई दिल्ली।** झारखंड में चल रही 34,213 करोड़ से अधिक लागत की 11 अहम बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की केंद्र सरकार ने समीक्षा की है। इस समीक्षा बैठक की अध्यक्षता उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी ) सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने 24 जून को की। बैठक में झारखंड के साथ-साथ सिक्किम, नागालैंड, असम और अरुणाचल प्रदेश की बड़ी परियोजनाओं की भी समीक्षा हुई, लेकिन झारखंड की पतरातू थर्मल पावर स्टेशन परियोजना पर सबसे अधिक जोर दिया गया।

बैठक में केंद्र के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और परियोजना से जुड़े निजी पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। परियोजना निगरानी समूह की इस समीक्षा का मकसद, लंबित मुद्दों को तेजी से सुलझाना और काम को आगे बढ़ाना था।

**पतरातू थर्मल पावर स्टेशन बना केंद्र बिंदु :** बैठक में पतरातू थर्मल पावर स्टेशन विस्तार परियोजना (चरण-1) की विस्तृत समीक्षा की गई।यह प्रोजेक्ट एनटीपीसी और पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के ज़रिए विद्युत मंत्रालय के अधीन चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य चरणों में 4,000 मेगावाट क्षमता तैयार करना है, जिसमें पहले चरण में 800-800 मेगावाट की 3 इकाइयां लगेंगी , यानी कुल 2,400 मेगावाट।

यह ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट मौजूदा पतरातू थर्मल प्लांट की जमीन पर बन रहा है और इसमें सुपरक्रिटिकल तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, जिससे बिजली उत्पादन में बेहतर क्षमता और कम प्रदूषण सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस संयंत्र को पानी नलकारी डैम से मिलेगा और कोयला एनटीपीसी के कैप्टिव कोल ब्लॉकों से आएगा।

**अन्य राज्यों की परियोजनाएं भी समीक्षा में रहीं :** बैठक में सिक्किम की दो परियोजनाएं (943 करोड़), नागालैंड की दो परियोजनाएं (544 करोड़), असम की एक (6,700 करोड़) और अरुणाचल प्रदेश की तीन परियोजनाओं (33,469 करोड़) के भी मुद्दों पर चर्चा हुई।

अरुणाचल की 2,880 मेगावाट की दिबांग जलविद्युत परियोजना, जो देश का सबसे ऊंचा बांध बनने जा रहा है, 2032 तक शुरू हो सकती है। वहीं नागालैंड में कोहिमा बाईपास रोड की परियोजना से शहर में ट्रैफिक कम होगा और संपर्क बेहतर बनेगा।

बैठक में अरुणाचल प्रदेश की 1,000 करोड़ रुपये की निजी परियोजना (जियोएनप्रो पेट्रोलियम लिमिटेड) से जुड़े मुद्दों पर भी बात हुई। डीपीआईआईटी सचिव ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह इस परियोजना को प्राथमिकता दे और जरूरी मदद सुनिश्चित करे। उन्होंने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने की भी बात कही।

श्री भाटिया ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और निजी निवेशकों के बीच बेहतर तालमेल और समय पर कार्रवाई के लिए पीएमजी पोर्टल का इस्तेमाल किया जाए, जिससे परियोजनाओं को बिना देरी के लागू किया जा सके।



## उपायुक्त ने किया योजनाओं का निरीक्षण, समाधान के दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** उपायुक्त समीरा एस ने गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया और कोटखास पंचायत सचिवालय में बहु ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। योजना की अध्यक्ष पुनम देवी और सचिव मंदीप मेहता ने बताया कि छह वर्षों से संचालन में तकनीकी खामियाँ उत्पन्न हो चुकी हैं। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता जेसोंन होरो को सभी समस्याओं की रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही जलकर की अनिवार्य वसूली का निर्देश जलसहियाओं को दिया गया।

# सड़क दुर्घटना में नाबालिग की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**● गांव में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था युवक, इलाज के दौरान हुई मौत**



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शाहद निवासी मुकेश राम के 15 वर्षीय पुत्र सिकंदर राम की बुधवार की रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने गांव में एक शादी समारोह के मटकोड़वा में शामिल होने गुरुवा मोड़ की ओर जा रहा था, तभी तेज रफ्तार दोपहिया वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद सिकंदर राम को गंभीर हालत में लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे मेदिनीनगर के एमएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर सड़क जाम कर दिया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना पाकर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। प्रशासन द्वारा उचित आश्वासन दिए जाने के बाद स्थिति सामान्य हो पाई।

## छत से गिरकर गर्भवती महिला की मौत, इलाके में शोक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 निवासी महावीर केशरी की पत्नी सोनी देवी (उम्र 24) की गुरुवार को छत से गिरकर मौत हो गई। वह गर्भवती थी और एक डेढ़ साल की बेटी की माँ थी। हादसे के बाद परिजन उसे अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से इलाके में शोक की लहर है। पूर्व पार्षद राजेंद्र पाल सहित कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

## सदाबह नदी किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार, पलामू।** नावाबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत चनेया गांव के पास सदाबह नदी किनारे एक अधेड़ अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव को चंद्रशेखर दुबे इंटर कॉलेज के पीछे क्षतिग्रस्त कुएं में देखा और तत्काल इसकी सूचना नावाबाजार पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी सीताराम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर कागजी प्रक्रिया पूरी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मेदिनीनगर भेजा गया। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है कि यह दुर्घटना है या कोई आपराधिक मामला। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार व्यक्ति आसपास का प्रतीत नहीं हो रहा था, जिससे आशंका और गहराती जा रही है।

### मुख्य नहर में छोड़ा गया खरीफ फसल के लिए पानी, किसानों ने जताई खुशी



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय भीमबराज से गुरुवार को खरीफ सीजन के लिए दायीं मुख्य नहर में 271 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि फिलहाल हैदरनगर तक सीमित जलप्रवाह किया जा रहा है, जिसे मांग और लाइनिंग वर्क के अनुसार बढ़ाया जाएगा। डाउन स्ट्रीम में कोयल नदी में 6450 क्यूसेक जलप्रवाह हो रहा है। ससमय पानी छोड़े जाने पर किसानों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे जलस्तर मेंटेन रहेगा और बिचड़ा डालना संभव होगा। ज्ञात हो कि 24 जून को राष्ट्रीय नवीन मेल में ह्लमुख्य नहर में पानी छोड़ने में देरी से किसान चिंतितह्व शीर्षक से समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया।

### पुलिस ने वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कई वर्षों से फरार चल रहे थे दोनों आरोपी, न्यायिक हिरासत में भेजा गया**

**ऊंटारी रोड।** बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में चल रहे पुराने मुकदमे में अस्थाई वारंट जारी होने के बाद दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार दुबे ने बताया कि जीआर संख्या 1359/2002 के तहत आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज था। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल डोम (पिता सूरज डोम, निवासी सोरडीहा) और लालबाबू चंद्रवंशी (पिता गोकुल चंद्रवंशी, निवासी कब्लाशी) शामिल हैं। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## पूर्व मुखिया के परिवार व ग्रामीणों ने दिखाई वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता





**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामनगर और राजनडीह गांव के बीच स्थित डीहई पहाड़ से भटककर मैदान में आ पहुंचे एक हिरण को कुत्तों के हमले से ग्रामीणों ने मिलकर बचाया और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। गुरुवार सुबह जब चार कुत्ते हिरण का पीछा कर रहे थे, वह भागकर पूर्व मुखिया इंदु सिंह के आवासीय परिसर में घुस गया। वहां मौजूद उनके पति कपिलदेव नारायण सिंह और ग्रामीणों ने शोर मचाया और कुत्तों को भगा दिया। इसके बाद वर्तमान मुखिया कमला देवी के पुत्र रौशन कुमार ने वनपाल मिथुन कुमार को सूचना दी। वन विभाग के सहयोग से हिरण को बोलेरो वाहन में लादकर भौंराहा पर्वत के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस प्रयास में नंदू सिंह, दीपक भारती, विजय राम, अभिषेक, मनीष कुमार मेहता, बिट्टू कुमार, आकाश कुमार और राजू चौधरी समेत कई ग्रामीण शामिल रहे। बताया गया कि कोविड-19 के दौरान ग्रामीणों की सजगता से जंगलों की हरियाली लौटी है, जिससे हिरण व अन्य जीव-जंतु लौटे हैं। हालांकि शिकारियों की बढ़ती गतिविधियां अब भी खतरा बनी हुई हैं। पूर्व में हिरण की मौत, शिकारियों की गिरफ्तारी और जंगल में भटककर आने की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि वन विभाग को सतर्कता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की जरूरत है।

## पांकी में सांसद ने किया सोलर पैनल का उद्घाटन



**▸ मजदूर किसान महाविद्यालय पहुंचे सांसद कालीचरण सिंह, कर्मियों से की बैठक**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** चतरा सांसद सह मजदूर किसान महाविद्यालय के अध्यक्ष कालीचरण सिंह गुरुवार को पांकी प्रखंड के डंडार कला स्थित महाविद्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित सोलर पैनल सिस्टम का विधिवत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिलीप कुमार राम, सचिव बिंदेश्वरी सिंह और अन्य कर्मियों द्वारा पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के बाद सांसद ने महाविद्यालय की भौतिक संरचना का निरीक्षण किया और एक बैठक में सभी कर्मियों की समस्याएं सुनीं। सांसद ने महाविद्यालय में नए विषयों की पढ़ाई शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा और संबंधित दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रेमचंद महतो, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, ललित मेहता, भाजपा नेता संकटेश्वर सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## नशा है नरक का द्वारः हैदरनगर में निकली जागरूकता प्रभातफेरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** स्थानीय प्लस टू हाई स्कूल परिसर से गुरुवार को छात्र-छात्राओं की नशा मुक्ति जागरूकता प्रभातफेरी निकाली गई। 'नशा है नरक का द्वार, उजड़ता है इससे संसार' जैसे नारे लगाते छात्र बस स्टैंड, स्टेशन रोड, बैंक रोड होते हुए स्कूल लौटे। प्रभातफेरी में प्राचार्य बैद्यनाथ राम, थाना प्रभारी अफजल अंसारी, शिक्षक सुमन कुमार और आशीष मिश्रा समेत दर्जनों लोग शामिल रहे। बस स्टैंड में सभा को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि नशा व्यक्ति की उम्र को कम कर देता है और जीवन को तबाह करता है। उन्होंने बताया कि यह अभियान 15 अगस्त 2020 से शुरू हुआ था और इसका उद्देश्य स्वस्थ समाज का निर्माण है। प्राचार्य ने कहा कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि नई पीढ़ी को सही दिशा दी जा सके।

### लटपौरी में प्रभात फेरी से दिया नशा मुक्ति का संदेश



**मोहम्मदगंज।** लटपौरी पंचायत मुख्यालय में गुरुवार को नशा मुक्ति अभियान के अंतिम दिन प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। नशा को स्वास्थ्य और समाज के लिए घातक बताते हुए उसे त्यागने का आह्वान किया गया। उमवि के छात्रों, जलसहियाओं और जेएसएलपीएस महिला समूहों ने जागरूकता अभियान को सफल बनाया। एफएलसीआरपी पूनम देवी और ईपीआरपी सुधा देवी ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

### राजकीय विद्यालय में मनाया गया नशा विरोध दिवस



**सतबरवा।** सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में विश्व मादक द्रव्य निषेध दिवस पर गुरुवार को गृह कारा, आपदा प्रबंधन तथा स्कूली शिक्षा विभाग के संयुक्त निर्देशन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। रंगोली, वाद-विवाद, क्विज, साइकिल रेस, नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता में सफल छात्रों को पुरस्कृत किया गया। जिला प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी ने सप्ताह में एक दिन विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। मौके पर कई शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

## तीन गांवों में नहीं है आंगनबाड़ी, बच्चों का नहीं बन पा रहा जन्म प्रमाणपत्र




**◂◂ नदीपर, गोलापत्थर और झरीवा गांवों में बच्चों को न पोषाहार, न प्रमाणपत्र की सुविधा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत नदीपर, गोलापत्थर और झरीवा गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र नहीं होने से बच्चों को पोषाहार नहीं मिल रहा है और जन्म प्रमाणपत्र भी नहीं बन पा रहा। इसके कारण स्कूलों में नामांकन और आधार कार्ड सृजन भी मुश्किल हो गया है। गांव के लोग बताते हैं कि निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र 2-3 किलोमीटर दूर है। प्रमाणपत्रों के लिए आवश्यक रजिस्टर प्रविष्टि, हस्ताक्षर और मोहर के अभाव में आवेदन अस्वीकृत हो रहे हैं। पंचायत समिति सदस्य ममता देवी ने कहा कि वे इस विषय में कई बार सीडीपीओ, बीडीओ और विधायक को आवेदन दे चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था और शीघ्र आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना की मांग की है।

## सांप के डंसने से किसान की मौत, गांव में छाया मातम

**● नदियाईं में खेत में काम कर रहे किसान को करैत सांप ने काटा, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के नदियाईं गांव में बुधवार को करैत सांप के डंसने से 50 वर्षीय किसान सूरज कुमार की मौत हो गई। वह अपने घर के समीप खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक करैत सांप ने उन्हें डंस लिया। घटना के बाद परिजन पहले झाड़-फूंक कराने में समय गंवा बैठे। जब हालत गंभीर हुई तो उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद लाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने सूरज कुमार को मेहनती और मिलनसार बताया। स्थानीय चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि इस प्रकार की घटनाओं में झाड़-फूंक के बजाय तुरंत अस्पताल ले जाना चाहिए ताकि जान बचाई जा सके।

## पांडू थाना ने स्कूली बच्चों संग चलाया नशा मुक्ति अभियान

**साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा पर भी दी गई जानकारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड।** पांडू थाना प्रभारी बिगेश कुमार राय के नेतृत्व में गुरुवार को पाण्डु थाना क्षेत्र के राजकीय कल्याण +2 उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को नशे के दुष्परिणाम, सड़क सुरक्षा और साइबर अपराध की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने इस पहल की सराहना की।

### बरसात में अस्पताल का पहुंच पथ जलमग्न, मरीज हुए परेशान

**हैदरनगर।** बरसात शुरू होते ही हैदरनगर पश्चिमी पंचायत स्थित सरकारी अस्पताल का पहुंच पथ जलजमाव से डूब गया है। बुधवार दोपहर को कई मरीजों और उनके परिजनों को अस्पताल परिसर तक नहीं पहुंच पाने के कारण इलाज के लिए अन्यत्र जाना पड़ा। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि बरसात की शुरूआत में ही स्थिति इतनी खराब है तो आगे और समस्या होगी। इस अस्पताल में प्रतिदिन करीब 200 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें सीमावर्ती गढ़वा जिले से भी मरीज शामिल होते हैं। पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने कहा कि इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पीसीसी अप्रोच पथ का निर्माण आवश्यक है। वहीं, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि मामले को संज्ञान में लेकर शीघ्र समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### गोदामी पोखरा के अतिक्रमण से गिर रहा भू-जल स्तर

**हुसैनाबाद।** शहर में भूजल स्तर तेजी से गिरता जा रहा है। जल संकट गहराता जा रहा है, लेकिन न तो लोग गंभीर हैं और न ही स्थानीय प्रशासन। विशेषज्ञों के अनुसार, वर्षा जल संचयन, सोखता गड्ढों का निर्माण, तालाब-पोखर का संरक्षण और अधिक से अधिक पौधारोपण ही इसका समाधान हो सकता है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय जपला में कक्षा 11वीं में नामांकन शुरू

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय-2 लंगरकोट, जपला में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं (विज्ञान) में रिक्त सीटों पर नामांकन के लिए ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अशहर रूमी ने बताया कि इच्छुक छात्र विद्यालय कार्यालय से आवेदन फार्म लेकर 11 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 12 जुलाई को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। उन्होंने सभी योग्य छात्रों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

**बैठक** | **हुसैनाबाद में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, अफवाहों से बचने की अपील**

## एसडीएम-एसडीपीओ ने लिया जुलूस रूट का फीडबैक, समिति से मांगा वॉलेंटियर्स का विवरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** गुरुवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी आईएस ओमप्रकाश गुप्ता और एसडीपीओ आईपीएस एस. मोहम्मद याकूब ने संयुक्त रूप से की। बैठक का संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। एसडीएम ओमप्रकाश गुप्ता ने कहा कि हुसैनाबाद में पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाने की परंपरा रही है, जिसे बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल थाना को देने की अपील की। वहीं, एसडीपीओ ने ताजिया जुलूस के रूट की जानकारी ली और बताया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने मुहर्रम कमेटी से 5-5 वॉलेंटियर्स के नाम व मोबाइल नंबर देने को कहा। बैठक में सैयद तक्की रिजवी और एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान समेत कई लोगों ने प्रशासन के समक्ष उपयोगी सुझाव रखे। बैठक में अंचल अधिकारी पंकज कुमार, एसआई मुकेश सिंह, बीरेंद्र राम, दंगवार-देवरी ओपी प्रभारी, फायर ब्रिगेड के अधिकारी, कई समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की सख्त नजर



**मोहम्मदगंज।** मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को मोहम्मदगंज थाना परिसर में थाना प्रभारी नारायण सोरेन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एएसआई शेख अमानुल्लाह ने संचालन किया और पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने पर बल दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों और साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करने वाले तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने आम लोगों से आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की। इस बैठक में समाज के सभी वर्गों से लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें महेंद्र सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, रविन्द्र सिंह, इसराइल सिद्दीकी, कैश सिद्दीकी सहित कई शांति समिति सदस्य एवं जनप्रतिनिधि शामिल थे। सभी ने आपसी सौहार्द से पर्व मनाने का संकल्प लिया।

# डीसी ने कस्तूरबा विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर जताई नाराजगी

● बच्चियों से संवाद कर पठन-पाठन, अनुपस्थित छात्राओं और जल जीवन मिशन की भी की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने गुरुवार को नीलांबर-पीतांबरपुर के लेस्लीगंज स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से सीधा संवाद किया और पठन-पाठन से जुड़ी समस्याएं जानीं। उन्होंने छात्राओं से अंग्रेजी ग्रामर और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। निरीक्षण में पाया गया कि छात्राओं के बीच अभ्यास पुस्तिका, प्रश्न बैंक एवं स्टूडेंट किट का वितरण नहीं हुआ है। इस पर उपायुक्त ने वार्डन पर नाराजगी जताते हुए आवश्यक सुधार नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। विज्ञान प्रयोगशाला, आईसीटी लैब और कंप्यूटर कक्ष भी संचालन से बाहर पाए गए। उन्होंने वार्डन को ससमय सभी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने और कार्यशैली में सुधार लाने को कहा।

डीसी ने नामांकित छात्राओं की उपस्थिति कम होने पर भी चिंता जताई। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबे समय से अनुपस्थित छात्राओं के अभिभावकों से संपर्क कर छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कोटखास पंचायत में संचालित योजनाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बहु-ग्रामीण जलापूर्ति योजना की समीक्षा की और वीडब्लूएससी की बैठक में भाग लेते हुए मासिक जलकर वसूली सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई का निरीक्षण कर संचालित एजेंसी को सभी पंचायतों में प्लास्टिक संग्रहण केंद्रों से समय पर कचरा उठाने का निर्देश दिया।

इस दौरान सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज, शहर के चार स्थानों से निकलेगी शोभायात्रा

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** शहर में भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा शुक्रवार को चार अलग-अलग स्थानों से निकाली जाएगी। सदियों पुरानी परंपरा के तहत चैनपुर गढ़ से मौसीबाड़ी तक की रथ यात्रा शाम पांच बजे आरंभ होगी। पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों के साथ जयकारे लगाते हुए रथ खींचेंगे। राम जानकी मंदिर से भी शुक्रवार को रथयात्रा निकाली जाएगी। दोपहर एक बजे सम्मान समारोह और 2:30 बजे महाआरती के बाद यात्रा का शुभारंभ 3 बजे होगा। रथयात्रा शास्त्री चौक, शिवाला रोड, माली मोहल्ला, कन्नीराम चौक, आढ़त रोड, गोपाल मार्केट, पंचमुहान चौक, सत्तार सेठ चौक, हॉस्पिटल चौक, गीता भवन रोड, थाना रोड, कचहरी चौक, स्टेशन रोड, बेलवाटिका चौक, जिला स्कूल चौक, जय भवानी चौक होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। इस्कॉन की ओर से रथ यात्रा हरे कृष्ण निवास पुलिस लाइन रोड से दोपहर दो बजे निकाली जाएगी। यह रथयात्रा भारत माता चौक, हॉस्पिटल चौक, छहमुहान चौक, साह्दिक मंदिर चौक, बेलवाटिका चौक, स्टेशन चौक, कचहरी रोड, ओवर ब्रिज, रेडमा, चंद्रशेखर आजाद चौक, बैरिया चौक, गायत्री मंदिर रोड होते हुए पुनः हरे कृष्ण निवास लौटेगी। इस्कॉन प्रभु गौरधाम ने बताया कि रथ यात्रा श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। रास्ते में फूल वर्षा और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ठाकुरबाड़ी मंदिर से भी एक रथ यात्रा रेडमा चौक, सुरेश सिंह चौक होते हुए जनकपुरी राम जानकी मंदिर तक जाएगी। प्रशासन ने सभी रथ यात्राओं को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

## उप विकास आयुक्त ने की मनरेगा और अबुआ आवास योजना की समीक्षा




● लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और जियो टैगिंग में तेजी लाने के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित ब्लॉक-सी सभागार में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने मनरेगा और ग्रामीण आवास योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत लंबित जियो टैगिंग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (2024-25) के 1370 लंबित स्वीकृति मामलों को दो दिन में निपटाने को कहा।

बैठक में फेज 1 और फेज 2 के चयनित आदर्श ग्रामों के लिए वीडीपी अपडेट करने, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी के लिए गड्ढा खुदाई एक सप्ताह में पूर्ण करने, और सिंचाई कूपों की जोड़ाई में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

खेल विकास योजना और आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में लंबित कार्यों को अविलंब शुरू कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबंधित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पलामू में नशा मुक्ति के लिए दौड़ा जनसैलाब, मैराथन से जागरूकता का संदेश

● डीसी और एसपी ने की अपील: नशा छोड़ें, स्वस्थ जीवन अपनाएं

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व मादक पदार्थ निषेध दिवस के अवसर पर पलामू में जागरूकता के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। उपायुक्त समीरा एस. और पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने समाहरणालय परिसर से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, कर्मी और नागरिक शामिल हुए।

उपायुक्त ने कहा कि नशा का सेवन गलत कार्य है, इससे व्यक्ति का स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन प्रभावित होता है। उन्होंने सभी से नशा मुक्त समाज की ओर योगदान देने की अपील की। वहीं, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने कहा कि नशे की लत से बाहर निकलना कठिन होता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने जीवन को नशे से दूर रखें और अफीम जैसी अवैध खेती से भी परहेज करें। मैराथन दौड़ समाहरणालय से शुरू होकर शहीद चौक, छह मुहान, अस्पताल चौक होते हुए पुलिस लाइन स्टेडियम में समाप्त हुई, जहां एक सभा आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और मैराथन के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## कारगिल विजय दिवस के लिए नगर भवन आवंटन की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय पहुंचा और नगर आयुक्त से कारगिल विजय दिवस समारोह के लिए नगर भवन के निःशुल्क आवंटन की मांग की। परिषद की ओर से बताया गया कि प्रतिवर्ष 26 जुलाई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति नगर भवन में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया जाता रहा है। परिषद के जिला अध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कहा कि परिषद आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है, इसलिए इस वर्ष भी भवन को निःशुल्क उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है। सहायक नगर आयुक्त ने आवेदन प्राप्त कर इस पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में परिषद के महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता, सचिव सुनील कुमार सिंह, सदस्य अमित तिवारी और विकास तिवारी शामिल थे।

## डिज्नीलैंड मेले के संचालन की खुली नीलामी, 74.70 लाख की बोली लगी



**मेदिनीनगर।** श्रावणी डिज्नीलैंड मेले के आयोजन को लेकर नगर निगम द्वारा गुरुवार को शिवाजी मैदान के लिए बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी की गई। पवन कुमार गुप्ता ने 74.70 लाख की उच्चतम बोली लगाकर मेला संचालन का अधिकार प्राप्त किया। नगर निगम द्वारा न्यूनतम बंदोबस्ती राशि 74 लाख तय की गई थी। पिछली बार पवन गुप्ता ने 61.52 लाख में टेंडर जीता था। इस वर्ष मेला 1 जुलाई से 10 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। खुली डाक की प्रक्रिया सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो की देखरेख में संपन्न हुई। मौके पर टैक्स दरोगा प्रदीप मेहता, सहायक संतोष कुमार, राजस्व निरीक्षक सोनाली कुमारी और विकास कुमार उपस्थित रहे।

# रिवर फ्रंट पर उजाले में खेला जा रहा जुआ असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से लोग परेशान

● सुरक्षा को लेकर गश्त की मांग, प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कोयल रिवर फ्रंट, जो पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया था, अब प्रशासन की अनदेखी और उचित निगरानी के अभाव में असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। यहां दिन के उजाले में ही खुलेआम जुआ खेला जा रहा है। इस फ्रंट को साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर 5.5 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया था, ताकि स्थानीय लोग और पर्यटक सैर-सपाटे का आनंद ले सकें।

लेकिन वर्तमान में स्थिति भयावह हो चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां असामाजिक तत्वों का दिनभर जमावड़ा लगा रहता है। जुआ खेलने वालों के बीच कई बार झगड़ा और गाली-गलौज की घटनाएं भी हो चुकी हैं। रील बनाना, जन्मदिन मनाना, ऊंची आवाज में शोरगुल जैसी गतिविधियों से माहौल अशांत हो चुका है। बीते दिनों कोटा पत्थर और जाली को क्षतिग्रस्त करने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

स्थानीय लोग प्रशासन से सुरक्षा के लिए नियमित गश्त की मांग कर रहे हैं। पिछले वर्ष कुछ महिलाओं की चेन छिनतई की घटनाओं के बाद थोड़े समय के लिए पुलिस गश्त शुरू हुई थी, लेकिन अब वह भी बंद हो गई है। रामजानकी मंदिर के पास बने बैठने के स्थानों पर असामाजिक तत्व जुआ खेलते रहते हैं।

रिवर फ्रंट पर आने वाले लोग असहज महसूस करते हैं और परिवार के साथ वहां समय बिताने से कतराते हैं। इस पर शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने कहा कि ऐसे तत्वों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने टीओपी-1 प्रभारी इंद्रदेव पासवान को निर्देश दिया है कि वह क्षेत्र में गश्त और सतत निगरानी सुनिश्चित करें, ताकि रिवर फ्रंट को सुरक्षित और सौम्य स्थान बनाया जा सके।

## जिले के सभी पंचायतों में 1 जुलाई से लगेंगे वित्तीय समावेशन शिविर

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विशेष जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई से 30 सितंबर तक जिले के सभी पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर वित्तीय समावेशन योजनाओं की संतृप्ति सुनिश्चित की जाएगी। शिविरों में निष्क्रिय पीएमजेडीवाई खातों का केवाईसी पुनः सत्यापन, नए बैंक खातों का उद्घाटन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत नामांकन किया जाएगा। बैठक में इस अभियान को सफल बनाने हेतु जेएसएलपीएस की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं कृषि विभाग के कृषक मित्रों की मदद से अधिकतम प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सेवाओं की पहुँच को मजबूत करना और पात्र लाभुकों को योजनाओं का पूरा लाभ दिलाना है। इस दौरान अभियान की रणनीति, संचार व्यवस्था और समन्वय से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

## नशा उन्मूलन को लेकर शहर थाना की टीम ने बच्चों को किया जागरूक

● सीएम एक्सीलेंस केजी स्कूल में छात्रों को दिलाई गई शपथ

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार के नेतृत्व में सीएम एक्सीलेंस केजी स्कूल में नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और समाज को भी इससे बचाने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि नशा न केवल व्यक्ति विशेष बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए विनाशकारी है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिति सभी प्रभावित होती हैं।

थाना प्रभारी ने छात्रों से कहा कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने परिवेश के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि नशा समाज में बढ़ते अपराध, घरेलू हिंसा और मानसिक बीमारियों का कारण बनता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके विरुद्ध जागरूक करेंगे। इस दौरान पुलिस टीम के साथ विद्यालय के शिक्षकगण और कर्मचारी भी मौजूद थे। थाना प्रभारी ने बच्चों को साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के विषय में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनजान लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल आदि साझा न करें और दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें। यह जागरूकता अभियान न केवल बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उन्हें अपने समाज और परिवार के लिए जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा भी मिली।

## बर्खास्त अनुसेवकों का धरना जारी डीसी को सौंपा मांग पत्र



**मेदिनीनगर।** जिले के 251 बर्खास्त अनुसेवकों ने समाहरणालय परिसर में लगातार दूसरे दिन भी धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान अनुसेवकों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और सेवा समायोजन की मांग की। धरना पर बैठे अनुसेवकों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिना किसी ठोस कारण के 8 वर्षों की सेवा के बाद पद से हटा दिया गया। कई अनुसेवकों ने बताया कि वे बैंक लोन में डूबे हैं और उनके परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। अनुसेवकों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार उनकी मांगें नहीं मानती तो वे सपरिवार आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। उन्होंने 1 मार्च 2025 से लंबित वेतन का भुगतान और सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने की भी मांग की है। धरना में सुधाकर दुबे, नंदू बैठा, गुड्डू पासवान, विकास कुमार, रश्मि देवी, शोभा देवी, कृष्णा पासवान समेत कई अनुसेवक शामिल हुए।

## बालूमाथ स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ में रविवार को सीसीएल मगध-संघमित्रा क्षेत्र द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। 16 जून से 30 जून तक चलने वाले इस पखवाड़े का उद्देश्य न केवल अस्पताल परिसर की सफाई करना है, बल्कि आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिग्विजय कुमार ने की। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश बड़ाइक, डॉ. प्रभा कुमारी, डॉ. नीरज कुमार, अलीशा टोप्पो, एमपीडब्ल्यू गुलाम कुरैशी, अनिल कुमार, मिथलेश कुमार, मो० मजहर, दीपांशु कुमार, संदीप कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग और सीसीएल के अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे। स्वास्थ्य कर्मियों ने सामूहिक श्रमदान कर अस्पताल परिसर की सफाई की और अस्पताल में मौजूद मरीजों एवं परिजनों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कूड़ा-कचरा निष्पादन, खुले में थूकने से परहेज और हाथ धोने जैसे छोटे मगर प्रभावी उपायों पर भी जोर दिया गया। डॉ. प्रकाश बड़ाइक ने बताया कि गंदगी अनेक बीमारियों की जड़ होती है और यदि हम अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें, तो कई बीमारियों से स्वतः ही बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल कुछ दिनों का नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे सभी की आदत में बदलना होगा। सीसीएल प्रतिनिधियों ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत क्षेत्र के अन्य अस्पतालों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो।

**जन जागरूकता** | जीएलए कॉलेज में संयुक्त रूप से आयोजित हुआ नशा मुक्ति अभियान व अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस कार्यक्रम

# रैली, मानव श्रृंखला, संगोष्ठी व डॉक्यूमेंट्री प्रजेंटेशन से विद्यार्थियों को मिला संदेश

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज परिसर में झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान तथा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशा के प्रति जागरूकता फैलाना और खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति अभियान के तहत कॉलेज के मुख्य द्वार से लेकर मुख्य सड़क तक मानव श्रृंखला बनाकर की गई। तत्पश्चात नशा उन्मूलन हेतु एक रैली निकाली गई। इसके बाद कॉलेज सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें कई वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का परिचय डॉ. वीरेंद्र कुमार ने दिया जबकि स्वागत भाषण डॉ. भावना सिंह ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई. जे. खलखो ने नशा से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इससे दूर रहने की सलाह दी।

दूसरे सत्र में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। डॉ. संजय बाड़ा ने ओलंपिक खेलों के ऐतिहासिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं डॉ. राघवेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं को खेल के प्रति जागरूक करते हुए इसके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. रविशंकर, डॉ. राघवेंद्र सिंह, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की योग प्रशिक्षिका राखी सोनी, श्री मनीष तिवारी, डॉ. आशुतोष पांडे, डॉ. सौरभ, बी.एड विभाग के शिक्षकगण, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नशा विद्यार्थी जीवन को बर्बाद कर सकता है : शर्मिला वर्मा

वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने अपने वक्तव्य में नशा मुक्ति विषय पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि कैसे नशा विद्यार्थी जीवन को बर्बाद कर सकता है। डॉ. रविशंकर ने पारिवारिक जीवन पर नशा के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी, वहीं डॉ. राघवेंद्र सिंह ने युवाओं को नशा से दूर रहकर बेहतर भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस समन्वयक (एनपीयू) डॉ. प्रदीप कुमार ने की और उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के जीवन के लिए उपयोगी बताया।

## एसडीएम ने पकड़ा अवैध बालू लदा ट्रैक्टर

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने नवादा मधु टोला में गुरुवार दोपहर अवैध बालू से लदा एक ट्रैक्टर पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि ट्रैक्टर पुलिसकर्मी के परिवार से जुड़ा है और दो सप्ताह से लगातार अवैध बालू की ढुलाई कर रहा था। एसडीएम ने मौके पर सदर सीओ सफी आलम व थाना प्रभारी बृज कुमार को बुलाकर ट्रैक्टर सुपुर्द किया और विधिसम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि क्षेत्र में आगे ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए। खनन पदाधिकारी को भी फोन पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

## मनरेगा तालाब निर्माण में खुलेआम नियमों की उड़ रही धज्जिया

**बड़गड़।** प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में भारी गड़बड़ी सामने आई है। योजना संख्या 9581 के तहत परसवार पंचायत के भदरा टोंगरी में स्वीकृत तालाब निर्माण में खुलेआम जेसीबी से खुदाई कर नियमों का उल्लंघन किया गया। मनरेगा नियमों के तहत बरसात के मौसम में 15 जून के बाद मिट्टी कटाई प्रतिबंधित होती है, लेकिन यहां मशीन से कार्य कराया जा रहा है। योजना स्थल पर दो दिन पहले तक कोई गतिविधि नहीं थी, जिससे संदेह और गहरा होता है। सूचना पट भी नहीं लगाया गया है। इस योजना में मजदूरी मद से छह मास्टर रोल के माध्यम से ?81,376 की निकासी की गई है, जबकि मौके पर कार्य नगण्य है। ग्रामीणों ने इस पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। संबंधित पदाधिकारियों को सूचना दिए जाने के बावजूद अब तक कोई पहल नहीं की गई है।

## अंबेडकर बस्ती में ट्रांसफार्मर जलने से अंधेरा

**खरौंधी (गढ़वा)।** बजरमरवा पूर्वी अंबेडकर बस्ती में एक सप्ताह से 200 केवीए ट्रांसफार्मर जल जाने से बिजली आपूर्ति ठप है। करीब एक हजार की आबादी अंधेरे, गर्मी और पानी की किल्लत से परेशान है। स्थानीय उपभोक्ता उपेंद्र कुमार भारती, सत्यनारायण राम, संजय राम आदि ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है और विषैले जीवों का डर बना हुआ है। महिला उपभोक्ताओं ने कहा कि पानी भरने के लिए उन्हें भोर में लाइन में लगना पड़ता है। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत के बावजूद समाधान नहीं हुआ। लोग जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं। इस संबंध में श्री बंशीधर नगर के जेईई महादेव महतो ने बताया कि ट्रांसफार्मर मरम्मत के लिए भेजा गया है और दो दिनों में उसे पुनः स्थापित कर दिया जाएगा।

## बीपीओ पर ग्रामीणों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

**केतार।** प्रखंड के सैकड़ों ग्रामीणों ने बीडीओ प्रशांत कुमार को आवेदन देकर बीपीओ नीरज कुमार पाल पर योजना लाभुकों से अवैध पैसे वसूलने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जो लाभुक पैसे नहीं देते, उनका कार्य रोक दिया जाता है। उन्होंने बीपीओ को कार्यमुक्त कर नए पदाधिकारी की नियुक्ति की मांग की है। अन्यथा आंदोलन की चेतावनी दी है। आवेदन देने वालों में ओम नारायण गुप्ता, इरफान अंसारी, पंकज रजक, बलराम कुमार, सोनी देवी सहित सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर हैं। बीपीओ ने आरोप को षड्यंत्र बताते हुए इनकार किया।

## भगवान जगन्नाथ के पट खुलते ही हुआ भजन-कीर्तन प्रारंभ

**रंका।** ठाकुरबाड़ी मंदिर रंका में गुरुवार दोपहर 1 बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के पट विद्वान पंडित भोलानाथ शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ खोले गए। पट खुलते ही पंचारी मंत्र ह्लहरे राम, हरे कृष्णह्व के साथ 24 घंटे का अखंड भजन-कीर्तन शुरू हो गया। रथ यात्रा आज निकाली जाएगी, जिसमें कीर्तन मंडलियाँ नगर भ्रमण कर भगवान को रथ पर मौसी गाड़ी तक ले जाएंगी। हजारों श्रद्धालु रथ खींचने के लिए उमड़ते हैं। मान्यता है कि रथ को छूने और खींचने से पाप मिटते हैं। इस अवसर पर भगवान को कोरेया का फूल चढ़ाने की विशेष परंपरा भी है, जिसकी तैयारी भक्तों ने शुरू कर दी है। यह रथ यात्रा गढ़वा जिले की सबसे बड़ी धार्मिक परंपराओं में से एक मानी जाती है।

## आश्वासन पर टूटा आमरण अनशन, 90 दिनों में समाधान का भरोसा

**चिनियां।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में 60 घंटे से आमरण अनशन पर बैठे चिनियां निवासी अनिल राम ने शनिवार शाम 4 बजे अपना अनशन समाप्त कर दिया। यह निर्णय तब हुआ जब अंचलाधिकारी उमेश्वर यादव, बीडीओ सुबोध कुमार व अन्य अधिकारियों ने 90 दिनों में भूमि विवाद का समाधान करने का लिखित आश्वासन दिया। अनिल राम का आरोप है कि उनकी पैतृक भूमि पर अवैध कब्जा है, और पिछले आश्वासन के बावजूद समाधान नहीं हुआ, जिसके चलते वे दोबारा अनशन पर बैठे। अनशन के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई, बावजूद इसके वे डटे रहे। अंचलाधिकारी ने बताया कि विवादित जमीन पर आपत्ति दर्ज है, जिसकी सुनवाई के लिए नोटिस जारी कर दी गई है। भौतिक जांच भी हो चुकी है। अब स्थानीय प्रशासन की इस पहल से ग्रामीणों में उम्मीद जगी है कि वर्षों पुराना विवाद सुलझेगा। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार, बीपीओ रोशन कुमार, अंचल कर्मचारी विनोद दुबे समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## विद्यालयों में चला नशा विरोधी अभियान

**केतार।** प्रखंड के लोहिया समता उच्च विद्यालय और पीएम श्री मध्य विद्यालय में गुरुवार को नशामुक्ति अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने छात्रों को नशा, साइबर अपराध और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा समाज में कोढ़ बन चुका है और अधिकांश अपराधों की जड़ यही है। इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां होती हैं और पारिवारिक रिश्ते टूटते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे खुद के साथ समाज को भी नशे से दूर रहने की प्रेरणा दें। साइबर क्राइम पर उन्होंने बच्चों को बैंक डिटेल और ओटीपी साझा न करने की हिदायत दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान एएसआई आदित्य कुमार, प्रधानाध्यापक जवाहर दुबे, देवेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, सोनू सिंह, दिलेश गुप्ता और अन्य लोग मौजूद थे।

# डीसी ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**● डॉक्टर की अनुपस्थिति और रोस्टर अनियमितता पर फटकार, शिकायत नंबर जारी करने की घोषणा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर निशा की जानकारी संतोषजनक न होने पर उन्हें फटकार लगाई गई। उन्होंने जनरल वार्ड, ओपीडी और प्रसव वार्ड का भी निरीक्षण किया। डीसी ने कहा कि जिले के अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने के लिए लगातार भ्रमण किया जा रहा है। मेराल अस्पताल में डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए, जिनपर शो-कॉज जारी होगा। उन्होंने सभी अस्पतालों में ड्यूटी रोस्टर सार्वजनिक रूप से चस्पा करने का निर्देश दिया और एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने की बात कही, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायत की जा सके। निरीक्षण में सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राजेश कुमार व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## समाजसेवी ने खुद के खर्च पर कच्ची सड़क की मरम्मत कराई

**मेराल।** हासनदाग गांव में बस्ती से टांड़ टोला जाने वाली कच्ची सड़क में कीचड़ और जलजमाव से ग्रामीण परेशान थे। समाजसेवी भरदुल विश्वकर्मा ने अपने खर्च पर मोरम डलवाकर रास्ते की मरम्मत कराई। इस कार्य की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को हुई, जिन्होंने भरदुल को फोन कर बधाई दी और खर्च वहन करने की घोषणा की। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जल्द ही इस सड़क को पीसीसी में तब्दील कर स्थायी समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार जताया। मौके पर प्रदीप चौबे, दीपक चौबे, ठाकुर चौधरी, परीक्षित चौबे आदि लोग उपस्थित थे।

## युवक की हत्या कर शव कुएं में फेंकने का आरोप, पत्नी से पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** भागोडीह पंचायत के चुंदी गांव निवासी विकेश कुमार की संदिग्ध मौत के बाद उनकी मां रीना कुंवर ने बेटे की हत्या का आरोप ससुरालवालों पर लगाया है। सोमवार शाम से लापता विकेश का शव बुधवार को एक कुएं में पाया गया। कुएं में चप्पल देखकर ग्रामीणों ने खोजबीन शुरू की थी। मृतक की मां ने प्राथमिकी में ससुर अनील साह, सास दुर्गा देवी, साले रंजन कुमार और अन्य पर आरोप लगाते हुए बताया कि पहले भी झगड़े और धमकी दी गई थी। फोन कॉल व घर के पास घूमने जैसे संदिग्ध गतिविधियों के बाद विकेश को सास से बात करने के बहाने बुलाया गया था। घटना के बाद से ससुराल पक्ष के लोग चुप हैं। पुलिस ने मृतक की पत्नी पूजा देवी से पूछताछ की, जिसे गर्भवती होने के कारण घर भेज दिया गया। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।



## पतहरिया में इस्लामिया कमेटी का पुनर्गठन, मुहर्रम की तैयारी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** पतहरिया पंचायत के सड़की गांव में बुधवार को मुहर्रम पर्व की तैयारी को लेकर इस्लामिया कमेटी का पुनर्गठन किया गया। बैठक में समुदाय के लोगों ने सर्वसम्मति से बाबू खान को अध्यक्ष, इमामुद्दीन खान को उपाध्यक्ष और आलम खान को कोषाध्यक्ष चुना। समिति में जमालुद्दीन, अफरोज, मंसूर, जावेद, वाहिद, इम्तियाज, बेचन, अमिर, तौफीक, इमरान, समीर, सलीम, युसूफ, नसरुद्दीन और गुड्डू खान को सदस्य बनाया गया। सभी ने संकल्प लिया कि मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण, गरिमामय और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा।

## शिक्षकों को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में सहयोग का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सीआरपी की बैठक हुई। बीआरपी ने निर्देश दिया कि ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान को सफल बनाने हेतु सभी प्रभारी प्रधानाध्यापक, शिक्षक व विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य छात्र-छात्राओं को जागरूक करें। इस अभियान के तहत हर छात्र को अपनी माँ के नाम पर एक पौधा लगाना है। विद्यालयों में शिक्षक इस अभियान का उद्देश्य समझाएंगे, जिससे बच्चों में मातृ सम्मान और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित हो सके। बीआरपी ने यह भी कहा कि सभी लगाए गए पौधों की जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाए और उसकी फोटोग्राफी कर संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी जाए। सीआरपी को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के सभी प्रधानाध्यापकों से बैठक कर इस कार्य को सुनिश्चित करें। इस बैठक में लेखपाल राकेश तिवारी, सीआरपी प्रशांत कुमार देव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## पंजाब नेशनल बैंक का ग्रामीण शिविरों में सेविंग खाता अभियान

**भंडरिया (गढ़वा)।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा एक मई से गढ़वा प्रखंड के विभिन्न गांवों–नौका, जनेवा, तेवाली, जोन्हीखांड आदि में बचत खाता खोलने हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं। गुरुवार को शाखा प्रबंधक संजय अधिकारी की अगुवाई में तेवाली जोन्हीखांड गांव में शिविर लगाकर 30 लोगों के खाते खोले गए। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण इलाकों के लोग बैंक तक नहीं पहुंच पाते या बिचौलियों के चक्कर में फंस जाते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह शिविर मददगार साबित हो रहा है। यह अभियान 30 जून तक चलेगा। स्थानीय लोग भी इस पहल का लाभ उठा रहे हैं।

## शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी में शिक्षा को लेकर बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय भवनाथपुर में गुरुवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार उपाध्याय ने की। गोष्ठी की शुरूआत व्याख्याता सुशील कुमार ने की, जिन्होंने बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित उपस्थिति, नामांकन, लर्निंग गैप को पाटने और घर में पढ़ाई का माहौल बनाने के लिए शिक्षक और अभिभावकों के बीच समन्वय जरूरी है। गोष्ठी में प्राचार्य दिलीप उपाध्याय ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को निर्धारित ड्रेस में, समय पर विद्यालय भेजें और उन्हें मोबाइल न दें। विद्यालय में मोबाइल पूर्णतः वर्जित है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर, नियमित विद्युत आपूर्ति, साइंस लैब, स्टेम लैब, लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब और बेंच-डेस्क जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। इस मौके पर विद्यालय के अन्य शिक्षक, अभिभावकगण एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### 302 के फरार आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तिहार, कुर्की की चेतावनी

**रमना।** थाना कांड संख्या 117/21 में नामजद टंडवा पंचायत निवासी नंदा पासवान की गिरफ्तारी न होने पर गुरुवार को पुलिस ने उसके घर पर इश्तिहार चिपकाया। नंदा पासवान पर हत्या और धमकी देने जैसे संगीन आरोप हैं और वह तीन वर्षों से फरार है। माननीय न्यायालय के आदेश के बाद एसआई जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस बल ने ढ़ोल-नगाड़े के साथ गांव में ढिंढोरा पिटवाया और आरोपी को तय समय सीमा के भीतर समर्पण करने की चेतावनी दी। यदि निर्धारित समय पर वह हाजिर नहीं होता है तो उसके घर की कुर्की की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि सभी कानूनी प्रक्रियाएं न्यायालय के निदेर्शानुसार की जा रही हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से युवती गंभीर रूप से घायल, गढ़वा रेफर

**चिनियां।** गुरुवार को चिनियां मुख्यालय में एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय युवती आस्था कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। वह रामलाल साह की पुत्री है और सब्जी की दुकान से लौटते समय हनुमान मंदिर के समीप एक अज्ञात ट्रैक्टर की ट्राली की चपेट में आ गई। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने आस्था को टक्कर मारी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ी और उसके सिर में गहरी चोट आई। सिर फटने से अत्यधिक खून बहने लगा और वह अचेत अवस्था में तड़पती रही। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे चिनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी मिलते ही चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार अस्पताल पहुंचे और घायल को रेफर कराने में सहयोग किया। थाना प्रभारी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक फरार है।

### इटावा कांड के विरोध में भवनाथपुर में यादव सम्मान रैली निकाली गई

**भवनाथपुर।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में रविवार को यादव समाज ने भवनाथपुर में ₹यादव सम्मान रैली₹ निकाली। यह रैली प्रांतीय यादव महासभा के बैनर तले प्रखंड मुख्यालय से शुरू होकर कारपुरी चौक तक पहुंची, जहां सभा का आयोजन हुआ। नारों, बैनरों और अनुशासन के साथ निकली इस रैली में ₹यादव समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान₹ जैसे नारे गूंजे। सभा में वक्ताओं ने इटावा कांड को जातिगत मानसिकता का उदाहरण बताया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मनोज यादव, गोपाल यादव, उमेंद्र यादव, अनिल राउत, विजय यादव सहित समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को झारखंड जैक बोर्ड परीक्षा 2025 के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव, विद्या विकास समिति के सचिव नकुल कुमार शर्मा, मंत्री डॉ. ब्रजेश कुमार, निरीक्षक नीरज लाल, जिला संघचालक काशी महतो व प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। विद्यालय के टॉपर आशुतोष चौबे (96.8%) और सुमित कुमार (96.4%) को ?5000 नकद, एंड्रॉयड मोबाइल और पुस्तकें दी गईं। कार्यक्रम में शिक्षक, समिति सदस्य व अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद थे।


कार्यालय :–प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू

अति–अल्पकालिन निविदा सूचना।
शुद्धि पत्र

सरयू प्रखंड अन्तर्गत चिहिन्त स्थल में एक अद्द महुआ तेल प्रोसेसिंग युनिट का अधिष्ठान किया जाना है, जिसके लिये इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/कम्पनी से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है,पूर्व में निविदा खोलने के तिथि दिनांक 26.06.2025 को रखा गया था,जिसका PR 355356 हैं, अपरिहार्य कारण से निविदा खोलने की नईतिथि 28.06.2025 को निर्धारित की गईहै।

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 26.06.2025, 01:00 बजे अपराहन् तक |
| II. | निविदा जमा करने का स्थान | :– | प्रखंड कार्यालय, सरयू। |
| III. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 28.06.2025, 11:00 बजे पूर्वाहन् से |
| IV. | निविदा खोलने का स्थान | :– | प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू का कार्यालय वैश्म। |

**Work Description :-**Supply, Installation, Testing and Commissioning of Mahuwa Oil Processing Unit Annexure-"A"

नोटः–निविदा संबंधित सूचना/विवरणी https://latehar.nic.inपर देखा जा सकता है।

PR 355992 (Rural Development) 25-26 (D)

प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू।



**District Ayush Society Chatra**

Advt:- 01/Dpm/Ctr/2025

**Recruitment Notice**

**Recruitment for DPMU cell on contract basis at district AYUSH Society chatra**

National Ayush Mission (NAM), Jharkhand, is committed to provide accessible, affordable and accountable quality health services to the last person of the last household at last village, The thrust is on establishing a fully functional, community owned, decentralized health delivery system with intersectoral convergence at all levels, to ensure simultaneous action on a wide range of health determinants such as water, sanitation, education, nutrition social and gender equality.

NAM, Jharkhand is seeking online application from eligible candidates for the following position for District Ayush Society Chatra Government of Jharkhand:-

| Sl. No. | Name of post | Number of post | Remuneration Rs./month | Qualification & Eligibility criteria |
|---|---|---|---|---|
| 1. | District programme manager | 1(UR) | Rs.50,000 | **Essential Minimum Qualification:** Graduation degree in any discipline including Ayush and MBA in healthcare Management/Master in health/hospital administration/post Graduation diploma in Hospital & healthcare management(Two years) from AICTE recognized institute. **Essential Minimum Experience:** Minimum 1year working experience in public health programme. exposure in social sector scheme/missions at national, state and district level **Required Minimum Competencies:** Computer knowledge includingMS Office, Ms Word, MS power point and Ms Excel would be desirable. **Note:** preference will be given to persons having experience of working in Health sector including AYUSH. |

Terms of Engagement:

1. Contractual employment will be made for 1 years from the date of appointment, however, contract may be extended or terminated on the basic of satisfactory/unsatisfactory service without any notice.
2. Age Limit Minimum-21 years Maximum-60 years as or 31 March2025
3. Last date for receiving the application is 26/07/2025 Application received after last date/time will be refused/rejected.
4. The successful candidate will be required to execute contractual agreement and their services will be guided by the service rules of NAM.
5. How to apply: Go to website www.chatra.nic.in & apply and fill the form along with the required documents and make the payment i.e.1000/-for each application on the portal.
6. Required document:
   a. Aadhar card  b. Pan card
   c. Photograph(passport size)  d. 10th Marksheet  e. 12th Marksheet
   f. Semester wise mark-Sheet of BAMS/BUMS/BHMS/BSMS/BYNS/MBA- finance/ M.Com /C.A/ICWA/ICWA(Inter)/CA(Inter)/Graduation/MBA
   g. Degree certificate  h. Experience certificate
   i. Caste Certificate for ST/SC/EBC I/BC II/EWS if applicable-which should not be older than 6 months before the last date of application.
   j. Domicile /Residential Certificate(if applicable)-which should not be older than 6months before the last date of application.
7. For the post of District Programme Manager shortlisted candidates would be called for Document verification and personal interview on the date, time and place communicated with them through website. Personal interview will be conducted under the Chairmanship of District Commissioner.

**Note:** If number of Application increases considerably then written Exam may be conducted by authority.

8. List of selected candidates will be published on website.
9. The selected candidates will get an annual enhancement of 03% based on satisfactory performance to be decided by the performance assessment committee of AYUSH.
10. Leave- The selected candidates will get maximum 18 days leave during a calendar year
11. The District AYUSH society reserves the right to cancel/postponed the recruitment wholly or partly if so required No claim will be admissible in case of such cancellation/postponement.
12. Canvassing in any from either for selection or for place of posting will result in cancellation of the candidature of the applicants.
13. Minimum qualifying marks will be as per the resolution no: 13026 dated:27.11.2012 issued by Department of Personnel, Administrative Reforms & Rajbhasha Jharkhand
14. For more details please visit Annexure-I& Annexure-II
15. New date for receiving the application 01/07/2025
16. New date of Interview-............................

जिला आयुष चिकित्सा पदधिकारी, सह–सचिव, सदस्य जिला आयुष समिति, चतरा। | उप विकास आयुक्त, सह–उपाध्यक्ष, जिला आयुष समिति, चतरा। | उपायुक्त सह–अध्यक्ष, जिला आयुष समिति, चतरा

PR 356035 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D


**इंडिया**

# दौलत रुतबे और प्रचार से बढ़ता नशा




नशे का जो हुआ शिकार उजड़ा उसका घर परिवार जैसे नारों से अभी देश गूंज रहा है, मीडिया के विज्ञापनों में में लगभग यही धूम मची है पर नशे का कारोबार बढ़ता हुआ राजधानी रांची से लेकर गांवों तक पहुंच गया है और इसके कारोबारी पकड़े जाने पर कमजोर सबूत या जांच प्रणाली की कमियों के कारण छूट जाते हैं। झारखंड के डीजीपी की कठोर कार्रवाई से खूंटी जिले के अलावा अन्य जिलों में अफीम की खेती और व्यापारी पकड़े गए हैं पर विदेशों तक से इसके जुड़े इसके नेटवर्क को समूल नष्ट करने के लिए यह कार्रवाई निरंतर चलती रहनी चाहिए अन्यथा यह घातक कारोबार कमजोर होकर फिर सक्रिय हो जाएगा। इसका बड़ा कारण है इसमें तुरंत करोड़ों की कमाई जो गांवों के लोगों से लेकर पूरे नेटवर्क को दुस्साहसी बनाती है और वह दिन दूर नहीं जब इसमें माफिया का प्रवेश हो जो किसी की भी हत्या करने से परहेज नहीं करते। वैसे किसी भी उचित अनुचित रास्ते से सफल होने की अंधी दौड़ में जाने अनजाने हम सभी शामिल हो रहे हैं या विवश किए जा रहे हैं। जो अचानक सफलता की सीढ़ियां तेजी से चढ़ा उसके सर पर पद, पैसे या अहंकार का नशा चढ़कर बोलने लगता है। समाचार पत्रों में ऐसे नवधनाढ्य भ्रष्ट लोगों की कहानियां छपती रहती हैं जबकि जो पिछड़ गया या अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बचाकर नहीं रख पाया वह भी शराब, सिगरेट, तंबाकू एवं ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थों का सेवन कर नशे का शिकार हो रहा है। आज के समय में आवारा भीख मांगते, फुटपाथ और रेलवे प्लेटफार्म पर रहने वाले बच्चे भी नशे की चपेट में आ चुके हैं। लोग सोचते हैं कि वो बच्चे कैसे नशा कर सकते है जिनके पास खाने को भी पैसा नहीं होता। परंतु नशा करने के लिए सिर्फ मादक पदार्थों की ही जरुरत नहीं होती, बल्कि व्हाइटनर, नेल पॉलिश, पेट्रोल आदि की गंध, ब्रेड के साथ विक्स और झंडु बाम का सेवन करना, कुछ इस प्रकार के नशे भी किए जाते हैं, जो बेहद खतरनाक होते हैं। सफलता, शक्ति और मादक द्रव्यों के नशे की लत ने इंसान को उस स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है कि अब व्यक्ति उस स्थिति को पाने या मादक पदार्थों के सेवन के लिए किसी भी हद तक जा सकता है, वह नशे के लिए अपराध भी कर सकता है। आधुनिक से लेकर पारंपरिक रूप से नशे के मामले में महिलाएं भी पीछे नहीं है। महिलाओं द्वारा भी मादक पदार्थों का बहुत अधिक मात्रा में सेवन किया जाता है। व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, प्रेम संबंध, दांपत्य जीवन व तलाक आदि कारण, महिलाओं में नशे की बढ़ती लत के लिए जिम्मेदार है। उच्च वर्ग में यह आनंद प्राप्ति का भी साधन है। आज के आधुनिक युग में जरूरी नहीं है कि नशा सिर्फ मादक पदार्थों का सेवन कर ही किया जाए, नशा किसी भी प्रकार का हो सकता है। शोधकताओं के अनुसार हर वह चीज जो आपको जिसकी आपको लत लग जाए, नशे की श्रेणी में ही आता है। ऐसी ही कुछ आदतें हैं जिन्हें छोड़ना बेहद मुश्किल होता है जैसे - मादक पदार्थों के अलावा चाय, काफी, वर्तमान समय के नवीन यंत्र जैसे - वीडियो गेम्स, स्मार्ट फोन, फेसबुक आदि का ज्यादा उपयोग भी नशे की श्रेणी में आते है। सबसे ज्यादा नशा युवा पीढ़ी कर रही है। युवा, जिसके हाथ में देश का भविष्य है वही नशे में बर्बाद हो रहा है। युवाओं में नशा करने की वजह उनकी बढ़ती उम्र के शौक होते हैं, कुछ युवा फिल्मों और टीवी जैसे प्रचार माध्यमों में नशे को शानो शौकत के प्रतीक की तरह दिखाने, देखादेखी या परिवार की विपरीत परिस्थितियों के कारण भी नशा करने पर मजबूर हो जाता है, कुछ लोग मानसिक तनाव से भी ग्रसित होकर नशा करते हैं या उनके माता-पिता उन्?हें समय नहीं देते। कुछ ऐसे कारणों से भी युवा वर्ग नशे की चपेट में आ जाता है। युवाओं की नई उम्र के जोश में युवा नशे के लिए कुछ भी कर सकता है। वह अपराध करने से भी नही चूकता है। झारखंड में हंडिया और शराब को परंपरा बताने वाले लोग भी हैं जिससे राज्य की बबार्दी हो रही है। चतरा और खूंटी में माओवाद के नाम पर अफीम की खेती होती है। मादक पदार्थों के सेवन का सबसे बड़ी हानि, स्वास्थ्य की हानि है। इससे आपके शरीर के कई अंगों पर एक साथ विपरीत असर पड़ता है। खास तौर से यह आपके दिमाग को भी अपनी चपेट में ले लेता है। नशा करने वाला व्यक्ति हमेशा चिढ़ा हुआ और मानसिक तनाव से ग्रसित होता है। नशा करने वाला व्यक्ति सदैव अपने ख्यालों में ही रहता है, उसे अपने आस-पास के माहौल से ज्यादा मतलब नहीं होता है। नशा करने वाला व्यक्ति आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक सभी से कमजोर होता है।नशा करने वाला व्यक्ति अपने समाज एवं परिवार से बिलकुल दूर हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति सबसे ज्यादा दुर्घटनाओं का शिकार होता है। सरकार द्वारा भारत के सभी राज्यों में नशा मुक्ति केंद्र खुलवा दिए गए हैं, जो नशे से छुटकारा पाने के लिए बहुत उपयोगी हैं। रांची के प्रसिद्ध मानसिक अस्पताल सीआईपी और डॉ डेविस में भी गुटका तक की लत छुड़ाई जाती है। होम्योपैथी का इलाज नशा मुक्ति के लिए अच्छा उपाय है। नशा मुक्ति के लिए किसी काउंसलर की सलाह लेना युवा वर्ग के लिए सही उपाय है। नशा मुक्ति के लिए आयुर्वेद में भी बहुत से उपाय है जो सफल हुए हैं, इन्हें अपनाया जा सकता है।सबसे बड़ी बात यह है कि अपनी इच्छा शक्ति को मजबूत करना जिसके बिना नशा छोड़ना संभव नहीं। इसमें परिवार की भूमिका सबसे बड़ी होती है जो नशा विमुक्ति में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस**



# नशा उन्मूलन अभियान में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया

- लातेहार समाहरणालय में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान का समापन समारोह संपन्न

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून तक चलाए गए राज्यव्यापी मादक पदार्थ विरोधी जागरूकता अभियान के समापन पर गुरुवार को लातेहार समाहरणालय सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में उत्कृष्ट योगदान दिया। कार्यक्रम में बताया गया कि नशीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक, शैक्षणिक और सामाजिक हानि होती है। अधिक सेवन से मस्तिष्क की संरचना प्रभावित होती है और मृत्यु अथवा आत्महत्या तक का खतरा बढ़ जाता है। कार्यक्रम में अधिकारियों ने सभी को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया और समाज में नशा उन्मूलन के लिए सहयोग की अपील की।

## अंतरराष्ट्रीय नशा दिवस पर चला जागरूकता अभियान



- कुंदा में स्कूली बच्चों और युवाओं को दिया गया नशामुक्ति का संदेश

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के निर्देश पर बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा दिवस (26 जून) के अवसर पर नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में अधिकार मित्र अजित कुमार ने स्कूली बच्चों व युवा वर्ग को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक क्षति करता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण परिवार बिखर जाते हैं और समाज में अपराध व आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ती है। अधिकार मित्र ने बच्चों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। उन्होंने यह भी बताया कि नशा छोड़ना कठिन नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प और सही दिशा जरूरी है। कार्यक्रम में मुन्ना दास, संजय चौधरी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पहली बार सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया बाघ, भविष्य को लेकर उठे सवाल



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत सिल्ली के एक घर में घुसे बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया है, लेकिन इसके भविष्य को लेकर बाघ प्रेमियों में कई सवाल उठ रहे हैं। क्या बाघ को चिड़ियाघर भेजा जाएगा या जंगल में छोड़ा जाएगा, इसे लेकर असमंजस बना हुआ है। यह झारखंड में वन्यजीव संरक्षण की ऐतिहासिक उपलब्धि है। पलामू टाइगर रिजर्व और रांची वन प्रमंडल की संयुक्त टीम ने मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं फील्ड डायरेक्टर एस. आर. नतेशा के नेतृत्व में इस बाघ को जिंदा पकड़ने में सफलता पाई। ऑपरेशन में रांची डीएफओ श्रीकांत, वन्यजीव डीएफओ अवनीश, डॉ. जब्बार, एनटीसीए प्रतिनिधि, एनजीओ सदस्य और स्थानीय प्रशासन शामिल थे। बाघ को ट्रैंक्विलाइज कर सुरक्षित पिंजरे में पकड़ने के बाद उसे PTR के सॉफ्ट रिलीज सेंटर में निगरानी में रखा गया है। स्वास्थ्य और व्यवहार आकलन के बाद उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा। यह रेस्क्यू वन विभाग की क्षमता और समर्पण को दर्शाता है।

### मानदेय भुगतान की मांग को लेकर शिक्षकों का ज्ञापन, दी आमरण अनशन की चेतावनी



**लातेहार।** बनवारी साहू महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने विधायक रामचंद्र सिंह को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा है। प्राचार्य प्रो. पी.के. तिवारी के नेतृत्व में दिए गए इस ज्ञापन में विश्वविद्यालय से स्वीकृत अनुदान राशि का शीघ्र हस्तांतरण कर मानदेय भुगतान की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में सरकार द्वारा स्वीकृत राशि मार्च 2025 में निर्गत कर दी गई है, परंतु भुगतान अब तक नहीं हो सका है। इसके चलते शिक्षक और कर्मचारी आर्थिक संकट में हैं। ज्ञापन में यह चेतावनी भी दी गई है कि यदि 28 जून तक मांग पूरी नहीं हुई तो 1 जुलाई को शिक्षा मंत्री और वित्त सचिव को ज्ञापन दिया जाएगा और 8 जुलाई से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रो. संजीत कुमार, अनुपम मिश्रा और चंदन कुमार भी शामिल रहे।

### मनरेगा से लगी आम बागवानी की बीडीओ ने की प्रशंसा



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड की चुंगरू पंचायत में मनरेगा योजना के तहत लगे आम के बागवानी प्लांट का निरीक्षण बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने किया। उन्होंने लाभुक राजू परहिया के आम बागवानी की प्रशंसा की और कहा कि इस योजना से न केवल आय का साधन मिला है, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी कदम बढ़ा है। बीडीओ ने बताया कि यहां की जलवायु और मिट्टी आम बागवानी के लिए उपयुक्त है, जिससे ग्रामीणों को अच्छी आमदनी हो रही है। मौके पर मनरेगा जेई संजय रजक, पंचायत मुखिया बालदेव परहिया, पंचायत सचिव संतोष भगत, रोजगार सेवक मनीष शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन पर कार्रवाई के निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। उपायुक्त ने बताया कि मई से अब तक 45 वाहन जब्त, तीन प्राथमिकी दर्ज और 8.77 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को औचक जांच और दोषियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही बालूघाटों की निगरानी, चालान की वैधता और बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टरों पर सख्ती बरतने को कहा। बैठक में कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## लुकुईया में बाइक दुर्घटना, पति-पत्नी घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के लुकुईया आंगनबाड़ी के पास गुरुवार को एक अनियंत्रित बाइक घर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार कलेश तुरी व उनकी पत्नी बसंती देवी घायल हो गए। घायल दंपती को स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय दुबे ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद कलेश तुरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर किया गया, जबकि बसंती देवी का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है।

## नशा मुक्ति अभियान में कॉलेज छात्रों ने लिया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता



**महुआडांड़।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में एनएसएस सेल ने इको क्लब व आइकफ के सहयोग से नशा मुक्ति पखवाड़ा के तहत जागरूकता अभियान चलाया। पोस्टर, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता के जरिए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के खिलाफ संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश ने कहा कि नशा मुक्त राष्ट्र निर्माण हमारा कर्तव्य है। बच्चों और युवाओं को इससे बचाना जरूरी है। कॉलेज परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति की शपथ ली गई। कार्यक्रम में प्रोफेसर, छात्र और अन्य स्टाफ शामिल रहे।

### लातेहार पुलिस की तत्परता से कर्नाटक से सकुशल लौटी चंदवा की बेटी, प्रतुल शाहदेव ने जताया आभार

**चंदवा।** भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस की तत्परता की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक के प्रयास से एक युवती, जिसे दिसंबर 2024 में एक अधेड़ व्यक्ति बहला-फुसलाकर कर्नाटक ले गया था, सकुशल वापस लायी गई। पुलिस की टीम ने कर्नाटक जाकर युवती को सुरक्षित लाकर मेडिकल और मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान करवाया। प्रतुल ने इस प्रयास के लिए एसपी को धन्यवाद दिया, वहीं युवती के पिता ने भी पुलिस और प्रतुल शाहदेव का आभार जताया।

### कामता गढ़ में 144 वर्षों से चली आ रही रथ यात्रा परंपरा आज से शुरू, नेत्रदान पूजन हुआ सम्पन्न

**चंदवा।** कामता गढ़ मंदिर परिसर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ का नेत्रदान पूजन विधिवत सम्पन्न हुआ। यह परंपरा वर्ष 1890 से चली आ रही है, जिसे टोरी स्टेट के राजा कुंवर जगतमोहन शाहदेव ने शुरू किया था। शुक्रवार को सुबह 7 बजे से पट दर्शन के लिए खुलेंगे और शाम 5 बजे रथयात्रा मौसीबाड़ी के लिए निकलेगी। पांचवीं पीढ़ी के प्रेरित नाथ शाहदेव के नेतृत्व में आयोजन की तैयारी पूरी की गई है।

### नशा विरोधी मैराथन रैली का आयोजन बच्चों ने लिया संकल्प

**लातेहार।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जिला जनसंपर्क विभाग, शिक्षा विभाग और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल पार्क से समाहरणालय तक मैराथन सह रैली का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार और जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन ने रैली को रवाना किया। छात्रों ने नशामुक्ति की शपथ ली। बालक वर्ग में शुभम कुमार, आकाश कुमार और प्रिंस खलखो, जबकि बालिका वर्ग में निक्की कुमारी, पुनिता कुमारी और विभा कुमारी को पुरस्कार मिला। अधिकारी, शिक्षक और छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### गैरमजूरआ भूमि को चिन्हित कर लगाए गए बोर्ड, अतिक्रमणकारियों को चेतावनी



**बारियातू।** अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम के निर्देश पर जबरा, करमा, गाड़ी व बारिखाप गांवों में गैरमजूरआ भूमि का सीमांकन कर प्रधान लिपिक कपिलदेव सिंह और अंचल अमीन संजय यादव ने बोर्ड लगा दिए। सीमांकन के दौरान संबंधित खाता एवं प्लॉट संख्याओं सहित कुल कई एकड़ भूमि पर प्रशासन द्वारा चिन्हित कर यह दर्शाया गया कि यह सरकारी जमीन है। बोर्ड पर स्पष्ट लिखा गया है कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, दखल या निर्माण कार्य दंडनीय अपराध होगा। सीओ ने बताया कि यह कार्य अवैध कब्जों को रोकने और ग्रामीणों को सतर्क करने के उद्देश्य से किया गया है। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम भी उपस्थित रही।

### योगेंद्र गंझु बने विधायक प्रतिनिधि भाजपा नेताओं ने दी बधाई

**बारियातू।** लातेहार विधायक प्रकाश राम ने करमा गांव निवासी योगेंद्र गंझु को अनुसूचित जनजाति वर्ग कल्याण विभाग के पत्रांक 156 दिनांक 25 जून के तहत अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर भाजपा युवा नेता सोनू प्रजापति, अखिलेश भोक्ता, मुकेश गंझु सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे क्षेत्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### चपरी क्षेत्र में अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**बरवाडीह (लातेहार)।** बुधवार शाम बरवाडीह के चपरी क्षेत्र में उत्तरी कोयल नदी की तलहटी से अवैध पत्थर ढोते ट्रैक्टर को अंचलाधिकारी मनोज कुमार और थाना प्रभारी राजन कुमार अधिकारी की संयुक्त टीम ने जब्त किया। वाहन को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और अज्ञात मालिक एवं चालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। अंचलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। यह कार्रवाई प्रशासन की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में गंभीर पहल मानी जा रही है।

## सोशल मीडिया पर नेताओं की छवि खराब करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

- आजसू पार्टी ने लातेहार थाना में दी शिकायत, कहा- दुर्भावनापूर्ण पोस्ट हो रही वायरल

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** आजसू पार्टी लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव ने गुरुवार को थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि पार्टी के वरीय नेताओं की छवि सोशल मीडिया के माध्यम से जानबूझकर खराब करने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, डॉ. देवशरण भगत, दीपक महतो और पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस के खिलाफ डुमरी विधानसभा जेएलकेएम पार्टी और संदीप महतो नामक पेजों से आपत्तिजनक वीडियो और पोस्ट साझा किए गए हैं। आवेदन में वीडियो के लिंक भी संलग्न किए गए हैं। आजसू नेताओं का कहना है कि यह पोस्ट समाज में भ्रम और वैमनस्य फैलाने के उद्देश्य से प्रसारित किए गए हैं। पार्टी ने संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मौके पर रवि वर्मा, विजेंद्र दास, नितेश जायसवाल, शंकर उरांव, नीरज कुमार व सुबोध कुमार मौजूद थे।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, सोशल मीडिया पर सख्ती

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और एसपी कुमार गौरव की अध्यक्षता में मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नजर रखने और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी की बात कही और जुलूस को निर्धारित मार्ग से निकालने पर बल दिया। सभी अस्पतालों में चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बारियातू प्रखंड कार्यालय के समक्ष आम बागवानी काटे जाने के विरोध में धरना, सौंपा मांग पत्र

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** गाड़ी गांव के लोदमदाग टोला निवासी किसान शंकर उरांव ने आम बागवानी काटे जाने की घटना को लेकर गुरुवार को परिवार व ग्रामीणों के साथ प्रखंड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया। उन्होंने बताया कि उन्होंने मनरेगा योजना से 112 आम के पेड़ लगाए थे जिन्हें अज्ञात लोगों ने 22 मई की रात काट दिया। इसके बाद आवेदन देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। धरना के दौरान 'न्याय दो' जैसे नारे लिखी तख्तियों के साथ लोगों ने विरोध जताया। पीड़ित ने बीडीओ के नाम मांग पत्र सौंपा जिसमें दोषियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुनः आम बागवानी योजना का लाभ देने की मांग की गई। अंचल प्रधान सहायक ने आश्वासन दिया कि मांगें वरीय अधिकारियों तक पहुंचाई जाएंगी।


**Office Nagar Parishad, Lohardaga**

**Notice Inviting Short Tender**

**e-Tender Reference No. LNP/ 01/2025-26** **Date- 25-06-2025**

| Gr. No. | Name of the Work | Approx Value of work (in Rs.) | Earnest Money (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Cost of Bid Document (Through Online Payment getway of jharkhandtenders.gov.in) | Period of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying and installation of Highmast Ligh (12 Mtr) Under Nagar Parishad, Lohardaga | 2436745.00 | 48735.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 2 | Construction of P.C.C. road from Bablu tent house to Tejamul Hussain house, Kaushar Ansari house to Vishwanath Sahu house at Khawaja Guljar Nagar in ward no 01 and .Shaifque Ansari house to Mubarak Ansari House at Ali Nagar in Ward No -02 | 1953345.00 | 39067.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 3 | Construction of PCC Road from Bahadur Oraon house to Pawan Sahu house, Basar Toli in ward No. 21 | 1127701.00 | 22554.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 4 | Construction of RCC drain from Sajid Quraishi house to Jibraan Khan house & Repairing of PCC Road from Sajid Quraishi house to Meraj Quraishi House at Noor Nagar Ward No -02 | 1560976.00 | 31220.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 5 | Construction of RCC Drain from Udaynath sahdev house to Rahul Kumar house at ward No. 15 | 1354489.00 | 27090.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 6 | Construction of RCC Drain in Lohardaga Nagar parishad Ward No. 10 from Bagru More to Tipu Sultan Chowk. | 1792684.00 | 35854.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 7 | Construction of RCC drain from Masjid Raza-e-Mustafa to Danish Khan house to Raju house (680'X1.5'X1.5') & Repairing of PCC Road ( 500'X10' ) from Masjid Raza -e- Mustafa to Danish Khan house at New Azad basti Ward No -02 | 1877759.00 | 37555.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 8 | Construction of drain & Repairing of PCC Road from House of Anup thakur to Suresh Thakur House, Suresh Thakur to Sahu Bul House , Suresh Thakur House to Satish Thakur House, at ward No. 18 | 2472835.00 | 49457.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 9 | Construction of Brick Drain with Slab and Repair Work of PCC road from Prachin shiv mandir to house of santosh verma haose via Mr. Khatri house Dhodhatoli ward No. 03 | 1418344.00 | 28367.00 | 5,900.00 | 90 Days |
| 10 | Construction of RCC Drain and Repair of PCC Road from Mahavir Mistri house to Mithlesh Tiwari house Dhodhatoli, Ward No. 04 | 1881332.00 | 37627.00 | 5,900.00 | 90 Days |

**Note: Updated estimated cost should be considered for earnest Money.**

| Sl. No. | Procurement Officer | Date of tender publish on website | Availability of tender on line for bidding | | Place, Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| 1. | Executive officer Nagar Parishad, Lohardaga | 02-07-2025 Time 10:30 AM | Bid downloading Date-02-07-2025 Time 11:00 A.M To Date 16-07-2025 Time 5:00 P.M. | Bid submission Date- 02-07-2025 Time 11:30 P.M To Date 16-07-2025 Time 5:00 P.M. | N.P. Lohardaga Date- 17-07-2025 Time 05:00 P.M |

**Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in**

**Administrator**
**Nagar Parishad, Lohardaga**

PR 356041 Lohardaga (25-26)_D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत सत्र 2025–26 में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत सीट के विरूद्ध रिक्त सीटों पर नामांकन से संबंधित सूचना**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) एवं विभागीय अधिसूचना संख्या–237 दिनांक–16.02.2016 के अनुपालन में गैर सरकारी सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशक्त बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय रू0 72,000.00 से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है। जिसके निमित्त प्रथम चरण में विद्यालयों में नामांकन के उपरान्त 243 सीट रिक्त है। रिक्त सीटों पर इच्छुक अभिभावक आवेदन कर सकते हैं।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे, (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा, (ग) प्रवेश कक्षा 1 में नामांकन हेतु 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष के बीच होगी एवं (घ) उम्र की गणना 31 मार्च 2025 होगी। आवेदन कार्यालय के वेबसाईट https://rtegarhwa.in पर ऑनलाईन 02.07.2025 से 17.07.2025 तक भरा जायेगा।

आवेदन पत्र एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन के क्रम में कोई भी गलत प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने की पूरी जवाबदेही संबंधित पालक/अभिभावक की होगी तथा दावेदारी निरस्त कर दी जायेगी। आवेदन हेतु निम्न तालिका के कॉलम 02 में विद्यालय का नाम अंकित है। कॉलम 04 में प्रवेश कक्षा/कक्षाओं में कुल सीटों की संख्या एवं कॉलम 05 में आर0टी0ई0 नामांकन हेतु 25 प्रतिशत सीट की संख्या तथा कॉलम 06 में रिक्त सीटों की संख्या अंकित है।

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम एवं पता | प्रखण्ड | कक्षा 01 की क्षमता | 25 प्रतिशत कोटा के तहत निर्धारित सीट | द्वितीय चरण में रिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा | गढ़वा | 120 | 30 | 7 |
| 2 | जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल | गढ़वा | 40 | 10 | 10 |
| 3 | साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 9 |
| 4 | शांति निकेतन स्कूल, तिलदाग, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 7 |
| 5 | ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 9 |
| 6 | बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 10 |
| 7 | ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 0 |
| 8 | जेम्स मिशन स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन) | गढ़वा | 40 | 10 | 10 |
| 9 | कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 10 |
| 10 | सी0पी0 मेमोरियल स्कूल, सहिजना, गढ़वा | गढ़वा | 80 | 20 | 7 |
| 11 | जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेल नगर, दीपवां, गढ़वा | गढ़वा | 60 | 15 | 15 |
| 12 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 80 | 20 | 18 |
| 13 | ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 6 |
| 14 | मिशन म0वि0 भण्डरिया | भण्डरिया | 40 | 10 | 2 |
| 15 | एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल | मेराल | 80 | 20 | 7 |
| 16 | एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल | मेराल | 50 | 12 | 8 |
| 17 | एन0पी0एस0गुरूकुलम स्कूल, मेराल | मेराल | 40 | 10 | 7 |
| 18 | सरस्वती ज्ञान मंदिर, रंका | रंका | 40 | 10 | 0 |
| 19 | अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर | भवनाथपुर | 40 | 10 | 7 |
| 20 | होलीफेथ पब्लिक स्कूल, डंडई | डंडई | 80 | 20 | 20 |
| 21 | सृजन पब्लिक स्कूल, डंडई | डंडई | 80 | 20 | 19 |
| 22 | आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी | नगर उँटारी | 40 | 10 | 6 |
| 23 | एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी | नगर उँटारी | 48 | 12 | 11 |
| 24 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव | मझिऑव | 40 | 10 | 8 |
| 25 | ब्राईट स्टार पब्लिक स्कूल, बिरबल, सगमा | सगमा | 120 | 30 | 30 |
| | कुल– | | 1398 | 349 | 243 |

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए ऑनलाईन आवेदन करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु ऑनलाईन नामांकन के लिए अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

नोट :–

1. आवेदकों की सुविधा हेतु झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा के प्रवेश द्वार के सामने हेल्प डेस्क कार्य करेगा, जिसमें फॉर्म भरने एवं संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी।
2. इच्छुक अभिभावकों से अनुरोध किया जाता है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए आवेदन पत्र समर्पित करेंगे, जो उनके पास पड़ोस (क्रमशः 1 कि0मी0, 3 कि0मी0, अंततः 6 कि0मी0 दूरी सीमा तक) में अवस्थित है तथा जहां उनके पाल्य के उम्र अनुरूप प्रवेश कक्षा की सुविधा उपलब्ध है।
3. कृपया निम्नलिखित विकल्प में से प्रत्येक का कोई एक प्रमाण प्रस्तुत करेंगे :

* जन्म प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
जन्म, मृत्यु एवं विवाह प्रमाण–पत्र अधिनियम के अंतर्गत जन्म प्रमाण–पत्र।

** आवास प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
1. बच्चे का नाम वाले पिता/माता के नाम पर जारी राशन कार्ड/बी0पी0एल0 राशन कार्ड।
2. बच्चे का या उसके माता–पिता के निवास का प्रमाण–पत्र।
3. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का निवास का प्रमाण–पत्र।
4. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का बिजली बिल/टेलीफोन बिल।
5. आधार कार्ड।
6. माता–पिता/अभिभावक में से किसी एक का जॉब कार्ड।

*** आय प्रमाण–पत्र का प्रमाण :
अंचलाधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र।

**** अभिवंचित वर्ग का प्रमाण :
1. उपायुक्त/अनुमण्डलाधिकारी/अंचलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
2. सरकारी अस्पताल का चिकित्सा प्रमाण पत्र यदि बच्चा निःशक्त हो।
3. अनाथ बच्चे की स्थिति में अंचलाधिकारी/मुखिया/वार्ड कमिश्नर द्वारा जारी प्रमाण–पत्र।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 356061 Human Resource Developement(25-26)D

### लोहरदगा ठाकुरबाड़ी मंदिर में परंपरागत विधि-विधान से नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न

# आज तीन स्थानों से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**लोहरदगर ।** भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महापर्व की पूर्व संध्या पर लोहरदगा शहर में धार्मिक आस्था, परंपरा और उल्लास का वातावरण रहा। गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर सहित अन्य ठाकुरबाड़ी मंदिरों में गुरुवार को पारंपरिक श्रद्धा एवं विधिपूर्वक भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के विग्रहों का नेत्रदान अनुष्ठान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मंदिर परिसर दिनभर भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन अयोध्या लाल साहब दरबार के महंत राम नरेश शरण, श्रीराम जानकी तपोवन मंदिर रांची के महंत ओम प्रकाश शरण, ठाकुरबाड़ी मंदिर के पुजारी मोहन दास एवं पुरोहित रमेश पोरनिक के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक विधानों के साथ सम्पन्न हुआ। भगवान के नेत्र स्थापन के बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आरती, भजन और प्रसाद में भाग लिया। महंत राम नरेश शरण ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरा के अनुसार स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान जगन्नाथ 15 दिनों तक दर्शन नहीं देते। इस अवधि को अनवसर कहा जाता है। कहा जाता है कि इस दौरान भगवान को तीव्र ज्वर हो जाता है और वे एकांतवास में चले जाते हैं। इस दौरान उन्हें औषधीय जड़ी-बूटियों का सेवन कराया जाता है। इसके उपरांत प्रतिपदा तिथि को नेत्रदान अनुष्ठान होता है, जिसमें भगवान को नवीन नेत्र प्रदान किए जाते हैं। इस अवसर पर महाआरती, विशेष पूजन और भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं। महंत राम नरेश शरण ने बताया कि लोहरदगा में यह परंपरा लगभग 300 वर्षों से अनवरत चल रही है, जो जिले की धार्मिक-सांस्कृतिक समृद्धता को प्रमाणित करती है। इधर रथ यात्रा और नेत्रदान अनुष्ठान को सफल बनाने में मनोज दास, अयोध्या दास, सर्वेश पाठक, पीयूष शरण, आदित्य गोस्वामी समेत दर्जनों श्रद्धालुओं का निस्वार्थ और समर्पित योगदान रहा है। नगरवासी इस धार्मिक उत्सव को लेकर काफी उत्साहित हैं और सभी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

## भगवान जगन्नाथ कलियुग के साक्षात देवता : महंत ओमप्रकाश शरण

श्री जानकी तपोवन मंदिर रांची के महंत ओम प्रकाश शरण ने भगवान जगन्नाथ के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे श्रीकृष्ण के ही रूप हैं, परंतु कलियुग में वे एक साक्षात देवता के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उन्होंने बताया कि भगवान जगन्नाथ न केवल श्रीकृष्ण रूपी अवतार हैं, बल्कि उनमें रामावतार की दिव्यता और दशरथ-कौशल्या-सुमित्रा के संस्कार भी समाहित हैं।महंत ने कहा कि जो श्रद्धालु नेत्रदान अनुष्ठान के समय भगवान के दर्शन करते हैं, उनके चित्त की शांति और मन की उलझनें स्वतः दूर हो जाती हैं। भगवान के दर्शनों से जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।




## ग्रामीण इलाकों में विशेष उत्साह देखा गया

रथयात्रा पर्व को लेकर लोहरदगा नगर क्षेत्र और ग्रामीण इलाकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शुक्रवार, 27 जून 2025 को लोहरदगा शहर के तीन प्रमुख स्थानों से भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी जिसमे गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर, तिवारी दुरा स्थित जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर और तेतरतर स्थित मंदिर परिसर शामिल है। इन सभी स्थानों से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों को पारंपरिक साज-सज्जा के साथ रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाएगा। रथ खींचने को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है, विशेष रूप से युवा वर्ग और महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रहती है। रथयात्रा के दिन सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

## प्रशासन ने किए पुख्ता इंतज़ाम

श्रद्धालुओं की भीड़ और आयोजन की भव्यता को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा एवं ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग और मेडिकल सुविधा के साथ-साथ स्वयंसेवी संगठनों का भी सहयोग लिया गया है।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत



**कुडू - लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़मारा गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़मारा निवासी जग्गू मुंडा के पुत्र सिंटू मुंडा उम्र लगभग 25 वर्ष के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार सिंटू मुंडा चंदलासो गांव से बालू खाली कर अपने ट्रैक्टर से घर लौट रहा था। इसी दौरान बड़मारा स्थित एक ईंट भट्ठे के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में जा गिरा और खेत में पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दबने से सिंटू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कुडू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। हादसे की खबर सुन परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं गांव में शोक की लहर है।

## छोटानागपुरिया तेली समाज की जिला समिति का विस्तार 6 जुलाई को



**लोहरदगा ।** छोटानागपुरिया तेली समाज, लोहरदगा की कोर कमेटी की बैठक तेली धर्मशाला में जिलाध्यक्ष प्रो. शिव दयाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 15 जून को आयोजित अधिवेशन सह जिला पदाधिकारी चुनाव कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा कार्यक्रम के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया, जिसे कोर कमेटी ने ध्वनि मत से पारित किया। सभी सदस्यों ने शांतिपूर्ण और सफल चुनाव कार्यक्रम पर प्रसन्नता जताई और कहा कि इससे समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 6 जुलाई 2025 (रविवार) को पूर्वाह्न 11 बजे तेली धर्मशाला, लोहरदगा में जिला समिति का विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर जिले के सभी समाजबंधुओं को आमंत्रित किया जाएगा ताकि व्यापक विचार-विमर्श के उपरांत योग्य एवं अनुभवी लोगों का चयन किया जा सके। कोर कमेटी ने समाज के सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाएं। बैठक में अजय पंकज, रिपुसुदन साहू, मुन्ना साहू, बिदेसी साहू, मुकेश साहू, बजरंग साहू, रामबिलास साहू, बलराम साहू, सोहन साहू, लखपति साहू, सत्यनारायण साहू समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

## नशा के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान




**सेन्हा-लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा और सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में नशा के विरुद्ध पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया.वही पीएलवी पुनु देवी ने कहा कि नशापान करने से लोग शाररिक व मानसिक रोग से ग्रसित हो जाते हैं. जिसे तरह तरह की बीमारियां होती है.साथ ही कहा कि नशापान के कारण लोग अपने बच्चे बच्चीयों का अच्छा से परवरिश नही कर पाते हैं.और न तो उचित शिक्षा ही दे पाते हैं.जिसे नशापान के कारण लोग मुख्य उद्देश्य से भटक जाते हैं.नशा से होने वाले विभिन तरह के बीमारी और दुष्परिणाम के बारे में बताते हुए नशापान का विरूद्ध करने के लिये जागरूक किया गया।

### सदर अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ एक दिवसीय शिविर

## सिकल सेल एनीमिया अनुवांशिक रोग लोगों में जागरूकता जरूरी : उपायुक्त

● उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने भी करायी अपनी जांच

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि सिकल सेल अनीमिया एक अनुवांशिक रोग है जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होता है। इस रोग के प्रति लोगों में जागरूकता आवश्यक है। अस्पतालों में बच्चे के जन्म के समय ही उस बच्चे के स्क्रीनिंग की व्यवस्था हो जिससे सिकल सेल एनीमिया की जांच उसी समय हो जाए। लोहरदगा जिला में इस रोग के मामले कम हैं लेकिन फिर भी सैंपल जांच की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। उक्त बातें उपायुक्त ने लोहरदगा सदर अस्पताल परिसर में जिला स्वास्थ्य समिति लोहरदगा द्वारा आयोजित सिकल सेल एनीमिया जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि कही।

इससे पूर्व उपायुक्त ने शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला में सिकल सेल एनीमिया के रोगियों की जांच व ईलाज में जिला प्रशासन पूर्ण सहयोग करेगी। कार्यक्रम उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने शिविर में आये लोगों से अपनी जांच कराने की अपील की। शिविर में उपायुक्त और उप विकास आयुक्त ने अपने ब्लड सैम्पल सिकल सेल एनीमिया जांच के लिए दिए और शिविर में जांच का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी, बनयान रूफ के कुलदीप, सदर अस्पताल के चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## युवा बेहतर भविष्य निर्माण हेतु नशापान से दूरी बनाएं : मनीष कुमार चौबे

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 32वीं वाहिनी की जी कंपनी किस्को के तत्वावधान में क्षेत्र में नशामुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व कंपनी कमांडर मनीष कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम में राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय एवं राजकीय कृत मध्य विद्यालय किस्को के विद्यार्थियों, शिक्षकों और एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में "तंबाकू छोड़ें, स्वस्थ रहें", "गुटखा जीवन नहीं, जहर है" जैसे स्लोगन लिखी



तख्तियां लेकर किस्को मुख्य चौक, थाना चौक सहित विभिन्न इलाकों में जन-जागरूकता रैली निकाली। कंपनी कमांडर मनीष कुमार चौबे ने कहा कि यह अभियान एसएसबी दिल्ली मुख्यालय के निर्देशानुसार तथा कमांडेंट राजेश कुमार (गुमला) के मार्गदर्शन में 12 जून से 26 जून तक क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों

## अभिभावकों का आरोप, 500 रुपए दो तभी मिलेगा मार्कशीट और सर्टिफिकेट



इस मामले में पूछे जाने पर प्रभारी **प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी** राजीव रंजन ने कहा कि शिक्षक से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में वर्षों से इसी प्रकार की वसूली की जाती रही है, लेकिन पहली बार इसकी खुली शिकायत की गई है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस मामले में प्रशासन को सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों पर निलंबन अथवा विभागीय जांच शुरू करनी चाहिए। जब शिक्षा जैसे पवित्र पेशे में बैठे लोग खुद ही शोषण करने लगें, तो ऐसे में आम जनता न्याय की उम्मीद किनसे करे?

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शिक्षा को सौदेबाज़ी का माध्यम बना देने वाली एक शर्मनाक घटना लोहरदगा जिले से सामने आई है। जिले के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, हेसापीढ़ी में मैट्रिक पास कर चुके विद्यार्थियों से मार्कशीट और विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (टीसी) देने के नाम पर 300 से 500 तक की अवैध वसूली की जा रही है। गरीब परिवारों के छात्र जब प्रमाण पत्र लेने स्कूल पहुंचे, तो उन्हें साफ कह दिया गया — "500 रुपए लाओ, तभी मार्कशीट मिलेगी।" इस बात से आहत कई अभिभावकों ने इस अवैध मांग की शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारियों से की है। सबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब स्कूल के प्रधान शिक्षक से बात की गई। उन्होंने पूरे मामले को स्वीकार करते हुए कहा कि "500 नहीं, हम हर छात्र से सिर्फ 300 रुपए ले रहे हैं।" यानी एक ओर जहां यह कृत्य पूरी तरह अवैध और नियम विरुद्ध है, वहीं प्रधान शिक्षक इसे निडरता और बेशर्मी के साथ स्वीकार भी कर रहे हैं।.शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी सरकारी विद्यालय में छात्रों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा सकता, विशेषकर उनके दस्तावेज़ के लिए। यह शिक्षा के अधिकार कानून और राज्य सरकार की नीतियों का सीधा उल्लंघन है।


## कार्यालय-जिला आयुष समिति,चतरा

जिला संयुक्त औषधालय भवन (सदर अस्पताल परिसर) चतरा (झारखण्ड)825401

Email-chatraayush@gmail.com

**–सूचना–**

अभ्यर्थीयों को यह सूचित किया जाता है की विज्ञापन संख्या 1/आयुष पत्रांक सं0 155 दिनांक 30.04.2025 जिला आयुष समिति, चतरा के अधीनस्थ जिलान्तर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)/हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (आयुष)/राजकीय आर्युदिक औषधालय/जिला संयुक्त औषधालय हेतु योग प्रशिक्षक पारिश्रमिक के आधार पर चयन हेतु दिनांक 15.05.2025 को आवेदन आमंत्रित किये गये थे सभी पात्र अभ्यर्थीयों को निम्नलिखित विवरण के अनुसार Interview में अनिवार्य रूप से सम्मिलित होना होगा । **Interview** हेतु निम्न प्रकार से तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित कि गई है।

| क्र.स. | दस्तावेज सत्यापन की तिथि | समय | स्थान | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.07.2025 | 11:00 A.M | सिविल सर्जन कार्यालय, चतरा के सभागार में। | Interview निर्गत टोकन नं0 के आधार पर होगा। |

अभ्यर्थीयों के लिए सामान्य जानकारी एवं निर्देश –

1 सभी मुल प्रमाण पत्र/दस्तावेज।

2 वैध फोटो पहचान पत्र (जेसे वोटर कार्ड, आधार एवं इत्यादी)

3 शॉर्टलिस्ट अभ्यार्थी कि सूची जिला संयुक्त औशद्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित कि जाएगी।

4 Interview हेतु चयनित अभ्यर्थीयों की सूची दिनांक 05.07.2025 को जिला संयुक्त औषद्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर प्रदशित कि जाएगी।

नोटः जो अभ्यार्थी दिनांक 09.07.2025 को Interview हेतु उपस्थित नही होगें उनकी दावेदारी स्वतः निरस्त हो जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृप्या सम्पर्क करें: Email-chatraayush@gmail.com

प्रभारी जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

सिविल सर्जन, सह–अध्यक्ष योग प्रशिक्षक का चयन गठित कमिटि,चतरा

PR 356033 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

(डी0एम0एफ0टी) मद।

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/4/2025-26(2ND CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0 सं0 | ग्रुप नं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पाण्डेयपुरा में मत्स्य हेचरी में अवस्थित भवनों का जिर्णोद्धार। | 2458800 | 49500 | 5000 | 1 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 28.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.06.2025 से दिनांक 05.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –07.07.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR 356014 Rural Development(25-26)D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**- बंदोबस्ती हेतु आम सूचना (द्वितीय कॉल)-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित किसान भवन को (Builtup Area- 1761.89 sqft) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक 01.07.2025 से 07.07.2025 तक "चतरा जिला परिषद कार्यालय" मो0 5,000/– (पाँच हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। यह राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जायेगी।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| किसान भवन, सिमरिया | 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार रू0) | 37500.00 (सैंतीस हजार पाँच सौ रू0) |

**नियम शर्ते –**

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 08.07.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 09.07.2025 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए– 450000.00 (चार लाख पच्चास हजार रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 37500.00 (सैंतीस हजार पाँच सौ रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
8. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा

PR 356001 District (25-26)_D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–बंदोबस्ती हेतु आम सूचना (द्वितीय कॉल)–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत निर्मित **भारत माता कल्याण मण्डप को (Builtup Area- 4794.25 sqft)** का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों (36 माह) के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा।

इच्छुक व्यक्ति दिनांक **01.07.2025** से **07.07.2025** तक **"चतरा जिला परिषद कार्यालय"** मो0 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो **"DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA"** के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। यह राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जायेगी।

| भवन का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (एक वर्ष के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| **भारत माता कल्याण मण्डप, सिमरिया** | 300000.00 (रू0 तीन लाख) | 75000.00 (रू0 पचहत्तर हजार) |

**नियम शर्ते –**

1. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 08.07.2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक।
2. डाकबोली की तिथि एवं समय – दिनांक 09.07.2025 के अपराह्न 02.00 बजे।
3. स्थान – जिला परिषद सभाकक्ष, चतरा
4. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
5. बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 300000.00 (तीन लाख रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए–900000.00 (नौ लाख रू0) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
6. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 75000.00 (पचहत्तर हजार रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा **"उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा"** के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
7. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
8. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
10. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद,चतरा।

PR 355999 (District) 25-26 (D)

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



**सिसई (गुमला)**। सिसई प्रखंड क्षेत्र के ओलमुंडा और बाकू टोली गांव में "प्रसाद आयुर्वेद क्लिनिक" कुदरा मोड़ सिसई के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। रांची से आए हुए आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर एल बी प्रसाद एवं फार्मासिस्ट उदय कुशवाहा के द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमें लगभग 80 लोगों का स्वास्थ्य जांच हुआ। शिविर में ज्यादातर लोगों का बीपी, शुगर, किडनी एवं लीवर से संबंधित बीमारियों का जांच किया गया। लोगों के बीपी, शुगर एवं वजन के साथ नाड़ी परीक्षण करके उनके बीमारी के बारे में अवगत कराया गया।

## नेताओं ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से की मुलाकात



**सिसई (गुमला)**। गुमला जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गंगा उरांव के नेतृत्व में, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की टीम ने, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गुमला प्रीतिलता किस्कू से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस नेता गंगा उरांव ने कहा कि कार्डधारियों के हित के लिए ससमय राशन संबंधित सभी सामग्री का उठाव हो, गोदाम से डीलर के लिए उचित माप तौल के साथ खाद्यान्न आवंटित किया जाए। प्रति कार्डधारियों से डेढ़ - दो किलो अनाज राशन डीलर काटता है उस पर रोक लगाया जाए। प्रति माह सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा जनवितरण दुकानों का निरीक्षण हो, कई महिला मंडल जनवितरण दुकान से सिर्फ अध्यक्ष व सचिव लाभ उठा रहे हैं, बाकी सदस्य को भी लाभ दिलाया जाए। श्री उरांव ने कहा कि आपूर्ति विभाग से आकस्मिक कोष, गरीब असहाय लोगों के लिए प्रत्येक महीने, हरेक पंचायत के मुखिया को दस-दस हजार रुपया आवंटन होता है। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व मंडल अध्यक्ष बिहारी भगत ने कहा कि सिसई प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत के रोशनी महिला मंडल के अध्यक्ष जयंती देवी पूर्व मुखिया और सचिव हेमंती देवी दोनों के मिलीभगत से वर्ष 2022 जून ,जुलाई ,अगस्त तीन माह की, निशुल्क व शुल्क दोनो तरह की राशन को गबन किया गया था। जांच के उपरांत तीन साल से दुकान निलंबित है। इनकी लाईसेंस रद्द करें और कार्डधारियों की गबन की गई राशन की भरपाई कराया जाए एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दोषियों पर कानूनी कार्रवाई किया जाए। मौके पर गंदुर मुंडा, रामधारी सिंह, कैलाश उरांव, बनबिहारी भगत, रविन्द्र उरांव मौजुद थे।

## आम महोत्सव का हुआ सफल आयोजन




**चैनपुर**। चैनपुर प्रखंड परिसर में आज एक भव्य आम महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य मनरेगा योजना के तहत आम बागवानी को बढ़ावा देना और किसानों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था। इस महोत्सव में प्रखंड क्षेत्र के मनरेगा आम बागवानी योजना से जुड़े किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने बगीचों से लाए गए विभिन्न प्रकार के आमों की शानदार प्रदर्शनी लगाई।कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, सुपरवाइजर अंजली वर्मा, बीपीओ कांति कुमारी, बीपीएम बबीता बड़ाईक सहित पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।महोत्सव के दौरान, किसानों ने अपने उगाए गए कई तरह के आमों का प्रदर्शन किया, जिनमें विभिन्न किस्में और आकार शामिल थे। उपस्थित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया, किसानों से उनके आमों और बागवानी के तरीकों के बारे में जानकारी ली, और उनके प्रयासों की सराहना की।बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि "मनरेगा के तहत आम बागवानी किसानों के लिए वरदान"इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा के तहत आम बागवानी योजना किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। उन्होंने जोर दिया कि यह योजना न केवल किसानों को स्थायी आय का स्रोत प्रदान करती है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने में भी मदद करती है। बीडीओ बैठा ने किसानों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अपनी आय में वृद्धि करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वे सफल बागवानी कर सकें।जिप सदस्य मेरी लकड़ा का किसानों को संबोधित करते कहा कि "किसानों की मेहनत से समृद्ध हो रहा है।

## चैनपुर थाना दिवस मौके पर सुलझे कई विवाद, जनता को मिली राहत

**चैनपुर**। चैनपुर थाना परिसर में आज आयोजित थाना दिवस में कई लंबित मामलों का त्वरित निपटारा किया गया।अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता और थाना प्रभारी कुंदन चौधरी की संयुक्त अगुवाई में भूमि विवादों, पारिवारिक कलह और जमीन बंटवारे जैसे कई प्रकरणों को मौके पर ही सुलझाया गया, जिससे आम जनता को कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने से बड़ी राहत मिली है।अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर यह थाना दिवस आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छोटे-मोटे विवादों को स्थानीय स्तर पर ही निपटाना है, ताकि लोगों को न्याय पाने में आसानी हो और उनका समय व पैसा बचे।थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने इस पहल की सराहना करते हुए आम जनता से अपील की कि वे किसी भी विवाद या समस्या को लेकर बेझिझक थाना परिसर में आकर आवेदन दें।उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी मामलों का त्वरित और निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।यह थाना दिवस आम लोगों के लिए एक सुलभ मंच के रूप में उभरा है, जो उन्हें न्याय दिलाने और शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## 96 में से 91 मामलों का निष्पादन

**चैनपुर**। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सेवा सुविधा की पारदर्शिता हेतु सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में नियमित रूप से जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज गुरुवार को चैनपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न श्रेणियों से कुल 96 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 91 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, शेष आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई जारी है। पेंशन संबंधी 04 आवेदन,स्वास्थ्य सेवा 03 आवेदन,जन्म प्रमाण पत्र 05 आवेदन,राशन कार्ड/संबंधित समस्याएं 11 आवेदन,जाति प्रमाण पत्र 23 आवेदन,स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र 25 आवेदन,आय प्रमाण पत्र 25 आवेदन,जन शिकायत निवारण दिवस का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को उनके निकटतम प्रशासनिक स्तर पर सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

## सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 39,000 का वसूला गया जुर्माना

**चैनपुर**। प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां के निर्देश पर गुरुवार को चैनपुर चौक पर एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता और वाहन जांच अभियान चलाया गया। साप्ताहिक बाजार के दिन दोपहर 12:30 बजे से 01:30 बजे तक मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह के नेतृत्व में और सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष के सहयोग से यह अभियान चला।अभियान के दौरान, 25 से 30 मोटरसाइकिल चालकों को ट्रैफिक नियमों के पालन, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों को साथ रखने के बारे में जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा टीम ने मौके पर ही चालकों की काउंसलिंग भी की, जिसमें उन्हें बताया गया कि सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न केवल उनकी अपनी जान बचाता है, बल्कि सड़क पर दूसरों की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है।जांच के दौरान, जिन चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं थे, उनके खिलाफ परिवहन अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई की गई। इस अभियान में कुल 39,000 का जुर्माना वसूला गया।यह उल्लेखनीय है कि बिना हेलमेट वाहन चलाने पर 1000, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के 5000, बीमा रहित वाहन पर 2000, प्रदूषण प्रमाण पत्र के बिना 1000 और बिना वैध स्वामित्व दस्तावेज के वाहन चलाने पर 5000 तक का जुर्माना निर्धारित है।

# आज के ही दिन दो शताब्दी पहले रथ मेला की हुई थी शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर**। चैनपुर प्रखंड के टिंगटांगर गांव में हर साल की तरह इस साल भी रथ मेले की तैयारियां पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। समिति के सदस्य इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। शुक्रवार को निकलने वाली रथ यात्रा को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। टिंगटांगर रथ मेले का इतिहास 200 साल पुराना है, जो इसे इस क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर बनाता है। गांव के बुजुर्ग मदन सिंह ने बताया कि उनके परदादा के परदादा नन्हू दुखहरण सिंह ने आज से दो शताब्दी पहले इस रथ मेले की शुरुआत की थी। तब से लेकर आज तक, यह परंपरा अटूट रूप से निभाई जा रही है। मदन सिंह ने यह भी बताया कि पहले टिंगटांगर गांव को गड़तोली के नाम से जाना जाता था, लेकिन बाद में इसका नाम टिंगटांगर पड़ गया और यह मेला तब से टिंगटांगर रथ मेला के नाम से विख्यात है। समिति के सदस्य ने बताया कि रथ यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। रथ को बेहद आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है और पूजा-पाठ से संबंधित सभी व्यवस्थाएं भी पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को निकलने वाली इस भव्य रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस यात्रा में महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपनी मौसी बाड़ी जाएंगे।

### डीसी प्रेरणा दीक्षित ने डुमरी प्रखंड का किया दौरा

# सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला**। जिले की विकास योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की जमीनी स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने गुरुवार, 26 जून 2025 को डुमरी प्रखंड अंतर्गत मझगांव पंचायत के बन्दुआ गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों का व्यापक दौरा किया। दौरे की शुरुआत धरती आबा जनभागीदारी अभियान के शिविर से हुई, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति से उपायुक्त का स्वागत किया। उन्होंने शिविर में लगे जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का निरीक्षण किया और कर्मियों को निर्देश दिया कि हर पात्र लाभुक को योजनाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित रूप से मिले। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर – स्वच्छता, बिजली-पानी, शौचालय की स्थिति की समीक्षा की गई। रजिस्टर संधारण के निर्देश दिए गए।

### एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**गुमला**। एसडीओ राजीव नीरज ने गुरुवार को सदर अस्पताल गुमला का निरीक्षण किया और अस्पताल परिसर की व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने पूर्व, पश्चिम, ब्लड बैंक सहित विभिन्न बिंदुओं पर कैमरे की जरूरत जताई, जिस पर एसडीओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

**गुमला**। पालकोट रोड स्थित बेहरा टोली के पास गुरुवार की शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल चल रहे युवक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान छतरपुर रायडीह निवासी लव लोहरा के रूप में हुई है, जो पास की एक वेल्डिंग दुकान में मजदूरी करता है। हादसे में लव लोहरा के सिर में गंभीर चोट, चेहरे पर गहरा जख्म और एक पैर टूट गया। खून से लथपथ हालत में स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत सदर अस्पताल गुमला भेजा, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बाइक पर सवार दोनों युवक भी टक्कर के बाद सड़क पर गिरकर घायल हो गए, लेकिन इलाज के लिए भेजे जाने के दौरान रास्ते से ही फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बिना नंबर की बाइक को जब्त कर अपने पास सुरक्षित रखा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लव लोहरा काम के बाद अपने किराए के घर लौट रहा था, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मारी। स्थानीय लोग पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## पति से विवाद के बाद महिला ने लगाई फांसी, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**गुमला**। रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़ी टोली निवासी 26 वर्षीय विवाहित महिला नमृता देवी ने गुरुवार शाम करीब 7 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गनीमत रही कि परिजनों ने समय रहते उसे फंदे से उतारकर गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नमृता देवी की शादी अनिल उरांव से हुई थी और दोनों की एक 7 वर्षीय बेटी भी है। बताया जा रहा है कि करीब छह माह पूर्व महिला अपने पति और बेटी को छोड़कर ईंट भट्ठा मजदूरी करने चली गई थी। हाल ही में वह गुमला लौटी, लेकिन पति के पास न जाकर सीधे मायके बिशुनपुर चली गई। जब पति अनिल उरांव को इस बात की जानकारी हुई, तो उसने नमृता को फोन कर घर बुलाया। गुरुवार को नमृता अपने पति के पास पहुंची लेकिन उसके साथ रहने से इंकार कर दिया। इस पर पति ने कहा कि यदि साथ नहीं रहना चाहती हो तो माता-पिता को बुलाकर लिखित में दो कि तुम मुझे छोड़ रही हो। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। विवाद के बाद नमृता ने घर के एक कमरे में जाकर साड़ी से फांसी लगाने की कोशिश की। अनिल उरांव के अनुसार, पिछले तीन वर्षों से उनके संबंध सामान्य नहीं थे।

## भरनो थाना दिवस में भूमि विवादों का हुआ समाधान



- **जरुरतमंदों को 'डालसा' से निशुल्क कानूनी सहायता का भरोसा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)**। उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार गुरुवार को भरनो थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न भूमि विवादों, विधि व्यवस्था तथा जनसामान्य से जुड़े मामलों पर सुनवाई और मार्गदर्शन किया गया। थाना दिवस में गुमला अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) राजीव नीरज, अंचल अधिकारी अविनाश कुजूर, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, राजस्व कर्मचारी और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 15 भूमि विवाद संबंधित मामले प्रस्तुत हुए। इनमें से 4 मामलों का समाधान दोनों पक्षों की उपस्थिति में मौके पर ही कर दिया गया, जबकि 2 मामलों को न्यायालय भेजा गया। शेष मामलों में संबंधित पक्षों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें नोटिस जारी कर अगली तिथि में उपस्थित होने को कहा गया। एसडीओ राजीव नीरज ने इस अवसर पर विशेष रूप से ऐसे लोगों को जानकारी दी जो न्यायालय में केस लड़ने में आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि डालसा (जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) के माध्यम से गरीब और कमजोर वर्गों को निशुल्क कानूनी सहायता के तहत वकील उपलब्ध कराए जाते हैं। ऐसे जरूरतमंद लोग डालसा में आवेदन देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव, सब-इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, अभिनंदन कुमार, राजस्व कर्मचारी ब्रजेश सिंह, बलराम भगत, स्नेहलता मिंज, राजीव रंजन समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## बायपास रोड पर दुर्घटना के बाद घायल अस्पताल में भर्ती

**गुमला**। सदर थाना क्षेत्र के बृंदा बायपास रोड पर गुरुवार रात करीब 7 बजे टोंगो चैनपुर निवासी 30 वर्षीय चंद्रदेव तिर्की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वह कुछ समय के लिए बेहोश हो गया। होश में आने पर उसने पाया कि उसकी बाइक चोरी हो गई है। चंद्रदेव ने घटना की जानकारी फोन पर अपने मित्र को दी, जिसके बाद उसका मित्र मौके पर पहुंचा और आसपास बाइक की तलाश की, लेकिन बाइक नहीं मिली। इसके बाद घायल चंद्रदेव को गुमला सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

### नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन

# नशे को ना, जीवन को हां का गूंजा संदेश

- **कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला**। राज्य सरकार द्वारा 10 जून से 26 जून 2025 तक संचालित राज्यव्यापी निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता अभियान के सफल समापन पर आज नगर भवन गुमला में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के शिक्षकगण, प्रधानाचार्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और नशामुक्त समाज की दिशा में उन्हें प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। उन्होंने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "अगर स्कूल के आसपास नशे की गतिविधियां नजर आएं तो तुरंत शिक्षक, अभिभावक या पुलिस को सूचित करें।

बुरी संगति से बचें और नशा नहीं करने की जिम्मेदारी उठाएं। 'नशे को ना, जीवन को हां' को जीवन का मंत्र बनाएं।" अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक ने कहा कि "यह अभियान केवल कुछ दिनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे निरंतर जन आंदोलन का रूप देना होगा।" उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे 'ड्रग्स को ना कहकर असली हीरो' बनें और समाज को जागरूक करने में सहयोग दें। शारिब अहमद ने बताया कि इस वर्ष अभियान की थीम जिसका उद्देश्य नशे की शुरुआत को रोकना और लत की श्रृंखला को तोड़ना है।

उन्होंने कहा, "नशा एक बार नहीं, बार-बार नुकसान करता है। इससे रिश्ता तोड़िए, तभी जीवन से रिश्ता जुड़ पाएगा।" वंदना स्मिता, जिला परामर्शदात्री, तंबाकू नियंत्रण, ने बच्चों से "जिंदगी चुने, नशा नहीं" का संदेश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार को तोड़ता है।

उन्होंने युवाओं को काउंसलिंग व परामर्श की आवश्यकता पर बल दिया। जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि "नशा खेल और पढ़ाई में होना चाहिए, मादक पदार्थों में नहीं।" उन्होंने स्वस्थ जीवन के लिए खेल को अपनाने की सलाह दी।

# न्यूज बॉक्स

## रायडीह में 300 किसानों को मिला प्रशिक्षण



**गुमला**। झारखंड सरकार और केंद्र सरकार के संयुक्त प्रयास से किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे पारंपरिक खेती से आगे बढ़ते हुए कम लागत में अधिक लाभ कमा सकें। इसी क्रम में गुरुवार, 26 जून 2025 को गुमला जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर रायडीह प्रखंड के कोब्जा ग्राम पंचायत स्थित हीरादह धाम परिसर में एक दिवसीय लाह खेती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम "रायडीह वनोत्पादक सहयोग समिति रायडीह" और "सिद्धो कान्हो कृषि वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड झारखंड" के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसमें लाह अनुसंधान केंद्र नामकुम, रांची के विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों से लाह उत्पादन के गुर सिखाए। इस प्रशिक्षण में कोब्जा एवं कोण्डरा पंचायतों के लगभग 300 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर लाह की गुणवत्ता और मात्रा में वृद्धि संभव है, जिससे उन्हें बाजार में बेहतर मूल्य मिल सकेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण किसानों को प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग, पारंपरिक खेती से हटकर व्यावसायिक कृषि अपनाने, एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना था।

## गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की छठी मासिक बैठक संपन्न



**गुमला**। गुमला बस स्टैंड रोड स्थित गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में संस्था की छठी मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने की, जबकि सचिव बबलू वर्मा ने पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी दी। अध्यक्ष के निर्देश पर बैठक की प्रक्रिया आरंभ की गई, जिसमें नगर के विकास और नागरिक समस्याओं के समाधान को लेकर पुग्गु कर्मडीपा से चांडली तक सड़क चौड़ीकरण की मांग को लेकर उपायुक्त से प्रतिनिधिमंडल की भेंट होगी, साथ ही नगर के गली-मोहल्लों में बने गड्ढों की मरम्मती की मांग भी की जाएगी। नगर परिषद पदाधिकारियों से मुलाकात कर नगर की खस्ताहाल नालियों में स्लैब लगाने एवं सफाई सुनिश्चित कराने का प्रस्ताव लिया गया। बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मिलकर मीटर रीडिंग, बिलिंग अनियमितताओं तथा स्मार्ट मीटरों में आ रही गड़बड़ियों को सुधारने की मांग की जाएगी। बैठक के अंत में उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा राष्ट्रीय गान के साथ बैठक का समापन किया गया। इस अवसर पर चेंबर के अध्यक्ष राजेश सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पंकज खंडेलवाल, योगेश शर्मा, राजीव रंजन, बृज फोगला, रूपक कुमार, शिवम जायसवाल, पंकज सोनी, दिनेश प्रसाद समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## गुमला में नशा मुक्ति अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन



**गुमला**। राज्यव्यापी नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान (10 जून से 26 जून 2025) के समापन अवसर पर आज दिनांक 26 जून 2025 को गुमला जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिला स्तरीय मैराथन दौड़ का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं व आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ, नशामुक्त समाज के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल विभाग द्वारा किया गया। दौड़ का शुभारंभ प्रातः 6:00 बजे सावित्रीबाई फुले पुस्तकालय परिसर से किया गया, जो फुलवाटोली बांसडीह तक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुमला एवं पुलिस उपाधीक्षक गुमला ने धावकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस आयोजन में अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, अंचल अधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। दौड़ में जिलेभर से बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिकों ने जोश-उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ के पश्चात श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बालिका वर्ग में अनिता उरांव,सौवलीना डांग,उर्मिला टोप्पो,सेलिना कुमारी,सुमन उरांव,उषा कुमारी,खुशबू कुमारी,सितारा कुमारी,राखी कुमारी,जौनिका ये सभी कुमारी विजेता रही।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN: U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102
email:gm_mdnjseb@ahoo.in/ Telephone-06562-295539

**2nd e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.05/PR/JBVNL /2025-26 (Related with Vendar Empannelment), under Elecfric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Upto 09.07.2025 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender with online tender fee | Up to 09.07.2025 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of opening tender | Date 11.07.2025 at 15:00 Hrs. |

4.Tender Notice is also available on our website :www.iharkhandtenders.gov.in
5 For any clarification please contact: 9835574043
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 352082
Sd/-GM-Cum-CE
Electric Supply Area, Medininagar

PR 356071 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudwza, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@ahoo.in/ Telephone-06562-295539

**2nd e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No.18/PR/JBVNL /2025-26 (Related with ManPower), under Elecfric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Upto 16.07.2025 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender with tender fee | Up to 16.07.2025 17:00 Hrs. |
| 3 | Date and time of opening tender(Technical & commercial Part 1) | Date 18.07.2025 at 15:00 Hrs. |

4.Tender Notice is also available on our website : www.iharkhandtenders.gov.in
5 For any clarification please contact: 9835574043
6 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.

PR No. 352653

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR.NO.356076 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

# सुप्रभात

विचार प्रवाह

अधिकांश लोग "जागृत नींद" में जी रहे हैं, जिसका अर्थ है कि वे अपनी आदतों और प्रतिक्रियाओं के गुलाम हैं, और खुद के प्रति सचेत नहीं हैं। - जॉर्ज गुरजिएफ

## संपादकीय

## युद्ध उतावली शक्तियां और भूख

बहुत से लोगों को निराशा हुई जब भारत ने पाकिस्तान पर सीधा हमला कर जोरदार लड़ाई नहीं की। परमाणु बम और मिसाइलों की रेंज बताती इस दुनिया में कोई ऐसा नेतृत्व है, जिसे यकीन हो कि इस दुनिया को बचाना ही एक नेतृत्व के लिए सब कुछ होता है। और कोई नेतृत्व सिर्फ नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ही युद्ध विराम को अपने हिसाब से एक टूल न बना ले, बल्कि शांति का भी नेतृत्व करता नजर आए। क्या विश्व को एक ग्रुप ऑफ गुड लीडर्स जैसी संस्था की आवश्यकता आ पड़ी है, जो दुनिया को शांति और सद्भाव का पाठ पढ़ा सके? आतंकवाद और घृणा से घिरते एवं फिर हिंसक होते इस समाज को कोई बर्बाद होने से बचाना क्यों नहीं चाहता? क्यों आखिर युद्ध ही सभी मसलों का हल है? और अगर है, तो फिर ये मसले हल क्यों नहीं होते? इन सबके बीच शांति क्या अप्रचलित मूल्य बन चुकी है? ऐसा लगता है, जैसे धर्म और नस्ल में दिनों-दिन बंटती जा रही इस दुनिया को सिर्फ पैसे और व्यापार से ही युद्ध से दूर किया जा सकता है, शांति के उद्बोधन और सामाजिक आचरण से नहीं। क्या शांति अपने आप में किसी नेतृत्व का 'सेंटर ऑफ ग्रेविटी' नहीं हो सकती? सर्दियों से पहले शरद ऋतु आती है और आते हैं वे अच्छे लोग, जो लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरते हैं। और उन अच्छे लोगों में से कोई बहुत अच्छा व्यक्ति उनका लीडर बनता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न तो समाज में एकजुटता के पत्ते भूरे होंगे और न ही आम आदमी की मुस्कान। लेकिन मिसाइलों के धमाकों में वह लीडर कहां है? यह दुनिया चंद्रमा के बाद अब मंगल ग्रह और अंतरिक्ष में मनुष्यों की विशाल छलांग की कहानी गढ़ रही है। लेकिन पृथ्वी पर विकास और जिजीविषा की छलांग सिर्फ युद्ध के संदेश लिए ड्रोन और मिसाइलों से क्यों हो रही है? क्या अब भी हमारी धरती को उन भूले-बिसरे नेताओं के पदचिह्नों की जरूरत है, जिन्हें दुनिया ने पिछले कुछ दशकों में देखा है? मुझे तो सबसे ज्यादा महात्मा गांधी और नेल्सन मंडेला याद आ रहे हैं। इधर युद्ध, मिसाइल, ड्रोन हर जगह मंडरा रहे हैं, तो ग्लोबल वार्मिंग, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, आतंकवाद, निरक्षरता, महंगाई, भुखमरी का संकट भी बढ़ता जा रहा है। फिर यह दुनिया बचेगी कैसे? कौन होगा वह लीडर, जो शांति का नायक बनेगा? और क्या शांति के नेतृत्व के लिए भी आर्थिक और सामरिक शक्ति का विशाल जखीरा रखना एक 'जरूरी योग्यता' बन जाएगी? क्या महान सम्राट अशोक की कहानी इतिहास में हिंसा से अहिंसा के हृदय परिवर्तन की आखिरी कहानी बनकर रह जाएगी? आज हर दूसरा व्यक्ति डिजिटल वर्ल्ड में इन्फ्लुएंसर बना घूम रहा है। तो फिर वह इन्फ्लुएंस शांति और सद्भाव के लिए क्यों नहीं होता? अगर सब कुछ एक लीडर के हाथ में होता है, तो वह अच्छा नेता कैसा होता है? अरस्तू इसका उत्तर देते हुए कहते हैं कि एक अच्छा नेता कोई और नहीं, बल्कि एक अनुयायी होता है और वह अनुसरण करता है लोगों की जरूरतों और इच्छाओं का, सभी के कल्याण का। आधुनिक दुनिया में 'अनुसरण' शब्द सिर्फ मेटा और ब्लू टिक के इर्द-गिर्द ही दिखाई देता है।

*आज हर दूसरा व्यक्ति डिजिटल वर्ल्ड में इन्फ्लुएंसर बना घूम रहा है। तो फिर वह इन्फ्लुएंस शांति और सद्भाव के लिए क्यों नहीं होता? अगर सब कुछ एक लीडर के हाथ में होता है, तो वह अच्छा नेता कैसा होता है?*

# श्रमिक कल्याण के डिजिटल उपाय



आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब "ऑल-इन-वन" (एकल सुविधा) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं। योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें।

आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोज़गार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोज़गार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है। किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे ज़रूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है। राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक "वन-स्टॉप प्लेटफ़ॉर्म" के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देश भर में रोज़गार के अवसरों से जोड़ता है।

इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फ़ोन के ज़रिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के ज़रिए, देश भर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के ज़रिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फ़ोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है। एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोज़गार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजीलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है। इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है, जिससे रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। ये पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे। रोजगार का दूसरा पहलू सामाजिक सुरक्षा है। भारत में एक बड़ा अनौपचारिक, असंगठित क्षेत्र है जो रोजगार प्रदान करता है। ऐसे रोजगार में नियोक्ता द्वारा कोई लिखित अनुबंध और सामाजिक सुरक्षा नहीं होती।

इन कामगारों के लिए, बीमारी, चोट, दुर्घटना, नौकरी छूटना या अन्य आपात स्थिति जैसी कोई भी घटना तुरंत विपत्ति में बदल सकती है। अब सरकार के सामाजिक सुरक्षा के उपाय अस्थायी संकट को आजीवन कठिनाई में बदलने से रोकते हैं। सरकार के निरंतर प्रयासों से इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और सबको सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हाल तक लाखों असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभों तक जागरूकता और पहुंच सीमित थी। पर ई-श्रम पोर्टल ने इस चुनौती का समाधान किया है। असंगठित श्रमिकों को अब सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए एक विशिष्ट पहचान मिला है। वर्ष 2021 में आरंभ किए गए इस पोर्टल पर 30 करोड़ 70 लाख से अधिक असंगठित श्रमिक पंजीकृत हैं। यह पोर्टल लगभग 13 सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को एक ही स्थान पर एकीकृत कर श्रमिकों के लिए "एकल समाधान" के रूप में कार्य करता है, जिससे लाभों को लक्षित रुप से पहुंचाना, उन तक बेहतर पहुंच और योजना संतृप्ति (योजना लाभ) संभव हो पाता है। केंद्रीय बजट 2025-26 में गिग श्रमिकों (अल्पकालिक, अनुबंध-आधारित नौकरी करने वाले) का ई-श्रम से पंजीकरण कर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान किया गया है और उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के दायरे में लाकर सामाजिक सुरक्षा प्रदान की गई है। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ श्रमिकों का विवरण साझा करके, पोर्टल राज्य स्तर पर श्रमिक कल्याण कार्यक्रमों की बेहतर योजना और कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, पोर्टल को राष्ट्रीय करियर सेवा, स्किल इंडिया डिजिटल हब, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम-एसवाईएम), सरकारी योजनाएं खोजने के लिए "वन स्टॉप" समाधान प्रदान करने वाला राष्ट्रीय प्लैटफ़ॉर्म माईस्कीम, दिशा योजना आदि के साथ एकीकृत किया गया है। यह श्रमिकों को ई-श्रम पर एक बार पंजीकरण कराने से ही केंद्र और राज्य सरकारों के कई योजना पोर्टलों तक निर्बाध पहुंच प्रदान करता है। इससे योजना की पात्रता, योजना के लाभों, नौकरी के अवसरों का पता लगाने, कौशल प्रशिक्षण, पेंशन और बीमा जैसे लाभ की जानकारी एक ही स्थान पर मिलती है। इसकी पहुंच और भी व्यापक बनाने के लिए हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की भाषिणी परियोजना की 22 भाषाओं वाली एक बहुभाषी सुविधा को ई-श्रम में जोड़ा गया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आज की बात



**वी.अनंत नागेश्वरन**
भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार

## युद्धविराम

पहले उनलोगों का एक ही घर था। वे लोग यदा - कदा आपसी अनबन भी करते, पर रहते साथ ही थे। एक भिखारी ने प्रश्रय माँगा। एक कोना उसे दे दिया गया। फिर भिखारी अपने असली स्वरूप में आकर घर पर कब्जा जमा लिया। पूरा परिवार मिलकर लड़ा और उसे भगाने लगा। भिखारी जाते - जाते परिवार में दो गुट कर गया। लोगों की मति भ्रष्ट कर गया। भिखारी के भागते ही आपसी फूट में आंगन में दीवार खड़ी हो गयी। फिर भी आपस पड़ोस में बड़ी शान्ति रहती थी। गाँव वालों को यह खटकता। अब छोटा बड़े को नाना प्रकार से तंग करने लगा। बड़ा सहता रहता। छोटे का मन बढ़ गया। वह बड़े के घर गंदगी फैलता, उसे हानि पँहुचाता। एक दिन बड़े ने उसके अच्छी तरह पीट दिया। लहूलुहान हो लंगड़ाता हुआ वह पूरे गाँव में संवेदना बटोरने घूम गया। बड़े ने आँखें तरेर कर कह दिया कि तुम्हारा हुक्का - पानी बंद। बड़े को दबंगई पर उतरना पड़ा। छोटा जिसके पास जाकर अपना दुखड़ा रोता सभी यही कहते, बड़े के पैर पकड़कर माफ़ी मांगों। कोई विकल्प न देख बेचारा बड़े के पैर पड़ा। बड़े ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में कहा - तुमसे तबतक कोई बात नहीं करेंगे जबतक तुम गंदगी फैलाना बंद नहीं करेगा। कोई खुरखार किया तो फिर और अधिक और बुरी तरह पीट - पीट कर सुता देंगे। छोटा अब पूरे गाँव में घूमघूमकर कहने लगा - हो गया युद्ध विराम, सीज़फायर को गया। अवसर देखकर मुखिया प्रत्याशी कहने लगा - हमने सीजफायर कराया। बड़े ने आखें उठाई तो मुखिया प्रत्याशी सटक गया।

वर्तमान परिपेक्ष्य में रूस - यूक्रेन, इज़राइल - हमास, इज़राइल -हुती, इज़राइल - हिज्बुल्ला, इज़राइल - ईरान, अमरीका - ईरान, भारत - पाकिस्तान के बीच सैन्य झड़प के बाद पूरे विश्व में युद्ध की चर्चा का बाजार गर्म है। इसके बीच आजकल रणविराम, युद्ध विराम जिसे अंग्रेजी में सीज़फायर कहा जाता है, शब्द बड़ा प्रचलित हो गया है। रणविराम के लिए रण, संग्राम, झड़गा-लड़ाई, युद्ध, परस्पर अभिघात के शस्त्र प्रहार का कर्म होना आवश्यक है और उसके बाद विराम, ठहराव। इस संदर्भ में दो प्रसिद्द सिद्धांत प्रतिपादित हैं। एक यह कि शांति के लिए संग्राम आवश्यक है, संग्राम के पूर्व और पश्च्यात शान्ति है तथा दूसरा शक्ति होते ही शान्ति लायी जाती है। स्वभावतः हर प्राणी शांतिप्रिय होता है। यह बात अलग है कि कुछ शांतिप्रिय कहे जाने वाले लोग वस्तुतः शान्ति चाहते ही नहीं, युद्ध के अवसरों की ताक में लगे रहते हैं वैसे ही जैसे शासन व्यवस्था भ्रष्टाचार के लिए।युद्ध का पहला कारण अहम की संतुष्टि, दूसरा कारण एक - दूसरे पर वर्चस्व माने जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

व्यंग्य की बात



**डॉ. प्रशांत करण**

# अंतरिक्ष से भारत की हुंकार शुभांशु शुक्ला की अमर उड़ान

जब एक भारतीय ने सितारों को छू लिया, तो वह पल केवल अंतरिक्ष की यात्रा नहीं था-वह 140 करोड़ दिलों की धड़कनों का उत्सव था, भारत की आत्मा का उद्घोष था, और हमारी सांस्कृतिक विरासत का ब्रह्मांड में लहराता तिरंगा था। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जब ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर कदम बढ़ाया, तो वह केवल एक अंतरिक्ष यात्री की उड़ान नहीं थी—वह भारत के सपनों, संकल्प और वैज्ञानिक शक्ति की अनंत यात्रा थी। यह वह क्षण था जब भारत ने न केवल धरती की सीमाएं लांघीं, बल्कि सितारों के पार अपनी पहचान को अमर कर दिया।

25 जून 2025 को, भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स का फाल्कन-9 रॉकेट आकाश को चीरता हुआ अंतरिक्ष की ओर बढ़ा। ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार थे भारतीय वायुसेना के शुभांशु शुक्ला, जो एक्सिओम-4 मिशन के पायलट की भूमिका में थे। उनके साथ थे कमांडर पैगी व्हिटसन (पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री, अमेरिका), मिशन विशेषज्ञ स्लावोश उज्नांस्की-विस्निव्स्की (पोलैंड), और तिबोर कपु (हंगरी)। यह मिशन नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स की साझेदारी का प्रतीक है, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का समर्थन प्राप्त है। लॉन्च के महज 10 मिनट बाद, शुभांशु और उनकी टीम 7.5 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे थे। 28 घंटे की रोमांचक यात्रा के बाद, ड्रैगन कैप्सूल 26 जून 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे आईएसएस से डॉक करने वाला है। यह 14-दिवसीय मिशन 60 से अधिक वैज्ञानिक प्रयोगों का मंच है, जिनमें सात इसरो द्वारा डिजाइन किए गए हैं। ये प्रयोग भारत की वैज्ञानिक प्रगति को विश्व मंच पर चमकाने का अवसर हैं, जो न केवल तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि भारत के भविष्य के अंतरिक्ष सपनों का आधार भी है। शुभांशु की यह यात्रा 1984 में राकेश शर्मा की ऐतिहासिक सोवियत सैल्यूट-7 मिशन के बाद भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान में शानदार वापसी है। 41 साल बाद, शुभांशु आईएसएस पहुंचने वाले पहले भारतीय बनने जा रहे हैं, जो भारत के अंतरिक्ष इतिहास में स्वर्णिम स्याही से लिखा जाएगा। यह केवल एक व्यक्ति की उड़ान नहीं, बल्कि भारत की उस जिजीविषा का प्रतीक है, जो सीमाओं को तोड़कर अनंत की ओर बढ़ रही है।

इस मिशन की आत्मा भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। शुभांशु ने अपने साथ एक सॉफ्ट टॉय हंस लिया, जिसे भारतीय शास्त्रों में ज्ञान और विवेक का प्रतीक माना जाता है। यह हंस अंतरिक्ष की अनंतता में तैर रहा है, जैसे भारत की सांस्कृतिक विरासत सितारों के बीच अपनी चमक बिखेर रही हो। लॉन्च के दौरान, उनके कंधे पर लहराता तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं था—वह 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं, गर्व और एकता का प्रतीक था। यह तिरंगा गर्व से कह रहा था कि यह उड़ान केवल शुभांशु की नहीं, बल्कि हर उस भारतीय की है, जो खेतों से लेकर प्रयोगशालाओं तक, सपनों को हकीकत में बदल रहा है। शुभांशु ने भारतीय खान-पान को भी अंतरिक्ष की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आम का रस, गाजर का हलवा और मूंग दाल का हलवा उनके साथ गए, जो वे अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ साझा करेंगे। इसके अलावा, वे माइक्रोग्रैविटी में योग करने की योजना बना रहे हैं, जिससे भारतीय संस्कृति का वैश्विक मंच पर एक अनूठा प्रदर्शन होगा। यह वह क्षण है जब परंपरा और प्रौद्योगिकी ने एक-दूसरे का हाथ थामा, और भारत ने साबित कर दिया कि वह न केवल विज्ञान में, बल्कि संस्कृति में भी अग्रणी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से, यह मिशन भारत के लिए एक मील का पत्थर है। शुभांशु सात भारतीय प्रयोग करेंगे, जिनमें माइक्रोग्रैविटी में मूंग और मेथी के अंकुरण का अध्ययन और मांसपेशियों की हानि का विश्लेषण शामिल है। ये प्रयोग भारत और अमेरिका की साझेदारी का परिणाम हैं और इसरो के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगे। गगनयान, जो 2026 में लॉन्च होने वाला है, भारत का पहला स्वदेशी मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन होगा। शुभांशु, जो इसके लिए चुने गए चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं, इस मिशन के लिए अमूल्य अनुभव ला रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आपकी बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ज्वार उठे हैं सब तरफ, डूब रहे जज्बात।
पता नहीं हो कौन सी, रात, कयामत रात।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# 'रथयात्रा में छुपा हुआ है गंगा जमुनी तहजीब का बीज मंत्र'

प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से लेकर नौ दिनों बाद वापसी वाले रथयात्रा के पूरे अनुष्ठान को भारतवर्ष के आलोक में संपूर्ण दर्शन की संज्ञा दी जाती है। दर्शन के आईने में इसे देखें तो सनातनी दर्शन के उत्कर्ष की बातों के साथ इसके धार्मिक महत्व में स्थानीय जनजातियों की प्रत्यक्ष भागीदारी और तमाम जाति धर्म के सांस्कृतिक परंपराओं के सम्मान का भी बखूबी दर्शन होता चला जाता है। सरसरी तौर पर भगवान जगन्नाथ के रथयात्रा को भगवान के सुलभ दर्शन और उनके आशीर्वाद प्राप्त करने के विशेष अवसर के रूप में जाना जाता है। जगन्नाथ दर्शन के जानकारों के अनुसार रथयात्रा का यह संदर्भ केवल दर्शन और आशीर्वाद में सिमटा हुआ नहीं है क्योंकि इस आयोजन में अस्पृश्यता, जातिवाद, क्षेत्रवाद, धार्मिक असहिष्णुता, लिंग भेद, उम्र की बंदिशों आदि के विरुद्ध एक पूरे आंदोलन की बातें निकलकर सामने आती हैं। उल्लेखनीय है कि हम प्रायः गंगा जमुनी संस्कृति की बातें करते हैं। वस्तुतः कलियुग के प्रधान जगन्नाथ के आशीर्वाद के बगैर तहबीज की कल्पना संभव भी नहीं है। जगन्नाथ जी की महिमा देखिए कि पुरी के श्रीमंदिर में गैर हिन्दुओं के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध है और ऐसे में किसी भी गैर हिन्दू के लिए रथयात्रा या भगवान जगन्नाथ का प्रसंग भी सर्वथा अप्राकृतिक व अप्रासंगिक जान पड़ता है। संदर्भवश इन सवालों के बीच का शाश्वत सत्य तो यही है कि भगवान जगन्नाथ सबके लिए हैं और इनके दर्शन हेतु विभिन्न धर्मों के लाखों-करोड़ों "भक्त" प्रतिवर्ष यहां के गुंडिचा मंदिर जाने की राह पर एकत्रित होते चले जाते हैं। इस तथ्य की पुख्ता पुष्टि तो तब होती है जब भक्तवत्सल भगवान जगन्नाथ का रथ एक मुस्लिम धर्मावलंबी सालबेग की मजार के सामने प्रतिवर्ष स्वतः रूक जाता है। जिस मुस्लिम की यह मजार है उसका नाम सालबेग था और वह भगवान जगन्नाथजी का अनन्य भक्त था। जगन्नाथ पुरी मंदिर की आंतरिक व्यवस्था के अनुसार मुस्लिम होने के कारण सालबेग को मंदिर में प्रवेश नहीं मिल सकता था। ऐसे में वह मंदिर के बाहर बैठकर भगवान की भक्ति में लीन रहने लगा परंतु मंदिर में प्रवेश की पाबंदी के कारण मृत्यु पर्यंत उसे भगवान जगन्नाथ के दर्शन नहीं हो सके। बताया जाता है कि मृत्यु से पहले सालबेग की कामना थी कि प्रभु उसे जरूर दर्शन देंगे। अब भगवान ठहरे भक्त वत्सल तो उन्होंने भी भक्त सालबेग का मान रखा जबकि इस मान की लाज रखने के लिए भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा का महासमुद्र आज भी सालबेग की मजार पर कुछ समय के लिए ठहर जाता है। इसका संदर्भ बहुत साफ है कि भक्तवत्सल भगवान महाप्रभु स्वामी जगन्नाथ की महिमा के अनुसार मंदिर में प्रवेश की कतिपय वंदिशों के बावजूद भक्तों के कल्याणार्थ वे खुद सड़क की छांक मारने प्रतिवर्ष आ जाते हैं। जगन्नाथ दर्शन के इस दर्शन (Philosophy) में न जाति का बंधन होता है, न उम्र का, न लिंग का,न उँच नीच का और न धर्म का ही कोई बंधन शेष रह जाता है। ऐसे में गंगा जमुनी तहजीब भी जगन्नाथ पुरी में तब गर्व का अनुभव करती नजर आने लगती है जब एक मुसलमान के सम्मान में रथ के चक्के किसी मजार के सामने थम जाते हैं। रथयात्रा के बहाने एक भक्तवत्सल की तटस्थता का इससे बेहतर उदाहरण शायद ही कहीं देखने को मिले जहां हमारी गर्वानुभूति भी गर्व से सराबोर नजर आने लगे। रथयात्रा में ऐसा ही होता है और बिना किसी भेद भाव के भगवान खुद चलकर सामने आ रहे होते हैं तो पूरी कायनात नतमस्तक होने को मचल उठती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

अलग बात



**केदार नाथ दास**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13। प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जगन्नाथ पुरी में नेत्रोत्सव व नवयौवन दर्शन का आयोजन



**एजेंसी। पुरी**

पवित्र नगरी पुरी में भगवान जगन्नाथ के दो अत्यंत दिव्य और सांस्कृतिक रूप से जुड़े अनुष्ठानों-नवयौवन दर्शन और नेत्रोत्सव का आयोजन हुआ है। जगन्नाथ विद्वान और उपदेशक पंडित सूर्य नारायण रथशर्मा ने बताया कि ये सिर्फ धार्मिक रस्में नहीं, बल्कि ओडिशा की महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति अद्वितीय और अटूट आस्था की अभिव्यक्ति हैं। पंडित सूर्य नारायण रथशर्मा ने बताया कि नवयौवन दर्शन और नेत्रोत्सव, श्रीक्षेत्र में मनाए जाने वाले वार्षिक उत्सवों की श्रेणी में विशेष महत्व रखते हैं। ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में भी इन्हें उतनी ही श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाया जाता है, जो इस परंपरा के प्रति गहरी सांस्कृतिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, "भारतीय संस्कृति में अनेकों उत्सवों का पालन होता है। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को नेत्रोत्सव मनाया जाता है, जो भगवान की नेत्र दृष्टि का उत्सव है। ये उत्सव भगवान के दर्शन के रूप में मनाया जाता है, जब वो बीमारी से स्वस्थ होते हैं। भगवान जिस दिन पहले दर्शन देते हैं, इसको नवयौवन दर्शन कहा जाता है। भगवान के नेत्र का उत्सव, नित्य उत्सव कहा जाता है, जो अपूर्व करुणामय दृष्टि का प्रतीक है। पंडित सूर्य नारायण ने कहा, "भगवान जगन्नाथ के अद्वितीय नेत्र इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होते हैं। इनके नेत्रों के दर्शन मात्र से भक्तों के सारे दुख-दर्द मिट जाते हैं। भगवान की करुणा दृष्टि से ही भक्तों का कल्याण होता है। उन्होंने कहा, "भगवान जगन्नाथ का नृत्य उत्सव न सिर्फ एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि ये भक्तों के लिए एक आध्यात्मिक यात्रा है।

- **नवयौवन दर्शन :** भगवान के स्वस्थ होने के उपरांत पहले दर्शन का पर्व; उन्हें नवयुवा रूप में देखा जाता है।
- **करुणा दृष्टि का प्रतीक :** भगवान जगन्नाथ की दृष्टि को करुणामयी और भक्तों का कल्याण करने वाली माना जाता है।
- **सांस्कृतिक प्रतिबद्धता :** ओडिशा के विभिन्न भागों में भी इन उत्सवों को श्रद्धा और प्रेम से मनाया जाता है।
- **अद्वितीय नेत्रों के दर्शन :** भगवान के नेत्रों का दर्शन भक्तों के सारे दुख-दर्द हरने वाला माना गया है।
- **आध्यात्मिक अनुभव :** यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा और भक्ति का अनुभव है।
- **जगन्नाथ का नृत्य उत्सव :** प्रेम, करुणा और भक्ति से ओतप्रोत उत्सव, जो जीवन को शक्ति और दिशा देता है।

## महाकुंभ के बाद अदाणी ग्रुप पुरी रथ यात्रा में भी करेगा श्रद्धालुओं की सेवा

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

प्रयागराज में लगे महाकुंभ मेले में करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा के बाद अदाणी ग्रुप ने गुरुवार को ऐलान किया है कि वह ओडिशा के पुरी की प्रसिद्ध रथ यात्रा में भी श्रद्धालुओं की सेवा करेगा। भारत के सबसे पवित्र धार्मिक आयोजनों में से एक के रूप में जानी जाने वाली पुरी रथ यात्रा में हर साल देश और विदेश से लाखों भक्त आते हैं। चेयरमैन गौतम अदाणी के विश्वास 'सेवा ही साधना है' के मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए अदाणी ग्रुप ने 26 जून से 8 जुलाई तक चलने वाले नौ दिवसीय उत्सव के दौरान तीर्थयात्रियों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को समर्थन देने के लिए बड़े पैमाने पर स्वयंसेवी पहल शुरू की है। इस वर्ष रथ यात्रा में अदाणी ग्रुप श्रद्धालुओं और अधिकारियों को लगभग 4 मिलियन निःशुल्क भोजन और पेय उपलब्ध कराएगा। पौष्टिक भोजन वितरित करने के लिए पूरे शहर में विशेष खाद्य काउंटर स्थापित किए गए हैं, जबकि पेय पदार्थों के स्टॉल लोगों को ओडिशा की भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडे पेय उपलब्ध करा रहे हैं। अदाणी ग्रुप पुरी बीच लाइफगार्ड महासंघ को सहायता प्रदान करके समुद्र तट सुरक्षा प्रयासों को भी सपोर्ट कर रहा है। वालंटियर्स समुद्र तट को साफ करने और प्लास्टिक कचरे को हटाने में मदद करेंगे।

## नौसेना मुख्यालय में कार्यरत पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना मुख्यालय में काम करने वाले क्लर्क विशाल यादव को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आ ई ए स आ ई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उस पर हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) को संवेदनशील सैन्य जानकारी लीक करने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी की पहचान हरियाणा निवासी विशाल यादव के रूप में हुई है, जिसे राजस्थान पुलिस के खुफिया विभाग ने गिरफ्तार किया है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों का कहना है कि यादव लंबे समय से आईएसआई के लिए जासूसी कर रहा था और उसने अपने मोबाइल फोन के जरिए नौसेना और अन्य रक्षा इकाइयों के बारे में गोपनीय जानकारी साझा की थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी विष्णुकांत गुप्ता के अनुसार, राजस्थान की सीआईडी खुफिया इकाई पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों की जासूसी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही थी, जब यादव जांच के दायरे में आया। निगरानी से पता चला कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए प्रिया शर्मा के नाम से काम करने वाली एक महिला आईएसआई हैंडलर के लगातार संपर्क में था। गुप्ता ने बताया कि हैंडलर ने यादव को हनीट्रैप में फंसाया और उसे रणनीतिक और गोपनीय रक्षा जानकारी निकालने के लिए पैसे दिए।

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बिहार को 'छोटा-मोटा' राज्य बताया, एनडीए भड़का

**एजेंसी। पटना**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बिहार को 'छोटा-मोटा राज्य' बताए जाने वाले बयान के बाद बिहार की सियासत गर्म हो गई है। खड़गे के बयान पर एनडीए नेताओं ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए इसे बिहार का अपमान बताया है। वैसे इस बयान को लेकर विपक्ष अभी कुछ नहीं बोल रहा है। भाजपा के नेता और बिहार के मंत्री नितिन नबीन ने खड़गे के बयान पर कहा, "जिस छोटी मानसिकता से कांग्रेस पार्टी के नेता काम करते हैं, उनके लिए वही राज्य बड़ा है, जिस राज्य में राहुल गांधी और सोनिया गांधी का परिवार हो। बाकी सब को वे छोटी नजरों से देखने का काम करते हैं। कांग्रेस ने इस देश को केवल सोनिया गांधी, राहुल गांधी और इंदिरा गांधी की आंखों के चश्मे से देखा है, आम जनमानस उनको अपने चश्मे से नहीं दिखता है। इसका ताजा उदाहरण उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान है। बिहार के लोग इस अपमान का बदला आने वाले चुनाव में कांग्रेस को धूल चटाकर लेंगे।" राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर कहा कि कांग्रेस की यह मानसिकता पुरानी है, बिहार जैसे राज्य को वे कुछ समझते ही नहीं हैं।

### अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर केंद्रीय गृह मंत्री का संदेश

# 'नशा' सबसे बड़ी समस्या, सरकार नार्को-कार्टेल पर सख्त : अमित शाह

- **सरकार की सख्त कार्रवाई :** नार्को-कार्टेल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और नशे में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में लाने का प्रयास

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कहा कि नशा हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। सरकार नशा तस्करी करने वाले गिरोहों (नार्को-कार्टेल) के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस लाने के लिए काम कर रही है। 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी और अवैध तस्करी दिवस के अवसर पर अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल पर पोस्ट कर यह बात कही।हर साल 26 जून को विश्व स्तर पर नशा विरोधी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य नशे से मुक्त समाज के लिए कार्रवाई और सहयोग को मजबूत करना है। शाह ने पोस्ट में कहा, "ड्रग्स हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ा संकट है। मोदी सरकार इस खतरे से निपटने के लिए अन्य सरकारों के साथ काम कर रही है और नार्को-कार्टेल के लिए काम कर रही है और नशे की लत में फंसे युवाओं को सामान्य जीवन में वापस ला रही है।" इस साल का अभियान 'ब्रेक द साइकल', स्टॉप ऑर्गनाइज्ड क्राइम' है, जो ड्रग ट्रैफिकिंग और संगठित अपराध को रोकने के लिए लंबे समय तक समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर जोर देता है। इसके लिए मूल कारणों को दूर करना, रोकथाम में निवेश करना और स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक व्यवस्थाओं को मजबूत करना जरूरी है। भारत में नशे के खिलाफ सख्त कानून है। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 गैर-चिकित्सीय नशे के उपयोग को रोकता है और इलाज चाहने वालों को छूट देता है।

### नशा मुक्त भारत अभियान को मिल रही बड़ी जनसहभागिता



भारत सरकार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जून, 2025 में देशव्यापी जागरूकता कार्यक्रम शुरू किए हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के अनुसार, अब तक 15.78 करोड़ से अधिक लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया है, जिसमें 5.26 करोड़ युवा और 3.31 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव ने एक्स पर कहा, "विभाग बड़ी संख्या में नागरिकों, खासकर छात्रों और युवाओं तक पहुंच रहा है ताकि नशीली दवाओं की समस्या से लड़ने के लिए जागरूकता और सहयोग बढ़ाया जा सके।" विश्व नशा रिपोर्ट 2025 के मुताबिक, संगठित नशा तस्करी समूह वैश्विक संकटों का फायदा उठाकर कमजोर वर्गों को निशाना बना रहे हैं। साल 2023 में 31.6 करोड़ लोगों ने नशे का सेवन किया, जो 15-64 आयु वर्ग की 6 प्रतिशत आबादी है। भांग (24.4 करोड़), ओपिओइड (6.1 करोड़), एम्फेटामाइन (3.07 करोड़), कोकीन (2.5 करोड़) और एक्स्टसी (2.1 करोड़) सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले नशीले पदार्थ हैं।

## भारतीय भाषाएं बनेंगी भारत को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम : अमित शाह

- **भारतीय भाषाएं जोड़ने का सशक्त माध्यम :** अमित शाह ने कहा, "भारतीय भाषाएं भारत को जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बनेंगी"
- **भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा :** केंद्र और भारतीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ाने के लिए राज्य सरकारों से संवाद का प्रयास

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि भारतीय भाषाएं भारत को जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम बनेंगी। शाह ने कहा कि आने वाले समय में केंद्र और राज्यों के प्रशासन में भारतीय भाषाओं का उपयोग और भी बढ़ेगा। वह इसके लिए राज्यों से संपर्क करेंगे और उन्हें समझाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर शाह ने राजभाषा हिन्दी और सभी भारतीय भाषाओं के प्रेमियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "हमें किसी भी भाषा या विदेशी भाषा से विरोध नहीं है, लेकिन आग्रह अपनी भाषा के सम्मान और उपयोग का होना चाहिए। जब तक हम अपनी भाषा में सोचेंगे और गर्व से बोलेंगे नहीं, तब तक गुलामी की मानसिकता से मुक्ति संभव नहीं है।" राजभाषा विभाग की 1975 से 2025 तक की यात्रा का उल्लेख कर शाह ने कहा कि भारत की आजादी की शताब्दी (2047) तक देश के आत्मगौरव से जुड़े हर प्रयास में राजभाषा विभाग का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारी प्रशासन आम नागरिकों की भाषा में हो, यह लोकतंत्र और आत्मसम्मान दोनों के लिए जरूरी है। शाह ने बताया कि अब जेईई, नीट और सीयूईटी जैसी परीक्षाएं 13 भारतीय भाषाओं में कराई जा रही हैं। सीएपीएफ कांस्टेबल भर्ती परीक्षा भी अब 13 भाषाओं में हो रही है और 95 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपनी मातृभाषा में परीक्षा दी है। यह दिखाता है कि भारतीय भाषाओं का भविष्य उज्ज्वल है। गृह मंत्री ने कहा कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोधी नहीं है। हिंदी सभी भाषाओं की मित्र है और सब भाषाएं मिलकर ही भारत के स्वाभिमान को ऊंचा उठा सकती हैं। उन्होंने कहा कि पहले भाषाओं का इस्तेमाल देश को बांटने के लिए किया गया, लेकिन अब उन्हें भारत को जोड़ने का जरिया बनाया जाएगा। समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार, सांसद भर्तृहरि महताब, राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी और हिंदी भाषा की वरिष्ठ विद्वान डॉ. राजलक्ष्मी कृष्णन समेत कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित रहीं।

## नारायणपुर मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर, हथियार बरामद

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के अबूझमाड़ इलाके के घने जंगलों में बुधवार रात सुरक्षा बलों के साथ भीषण मुठभेड़ में दो महिला नक्सली मारी गईं। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम द्वारा किया गया यह अभियान माड़ डिवीजन से जुड़े वरिष्ठ माओ अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि माओवादियों के माड़ डिवीजन केनक्सलियों के होने की सूचना पर नारायणपुर और कोंडागांव जिले के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और एसटीएफ के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार शाम को जब सुरक्षाबल के जवान क्षेत्र में थे तब नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हुई।उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को मार गिराया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से नक्सलियों के शव, एक इंसास राइफल, एक .315 राइफल, मेडिकल का सामान और नक्सलियों से संबंधित अन्य सामान बरामद किया है।

## भारी बारिश और भूस्खलन से वैष्णो देवी यात्रा प्रभावित, नया मार्ग बंद

**जम्मू।** माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए यहां पर 12 मास लोग आते है। हर मौसम में मां के द्वार खुले रहते हैं। बारिश के समय भी यहां पर दर्शन करने वालों की संख्या काफी ज्यादा रहती है। लेकिन कुछ समय से माता वैष्णो देवी की पहाड़ियों पर लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण वैष्णो देवी तीर्थयात्रा मार्ग एक बार फिर बाधित हो गया है, इस साल यह तीसरी बार है जब नए हिमकोटि मार्ग को बंद करना पड़ा है। अधिकारियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण हिमकोटि मार्ग पर बड़ा भूस्खलन हुआ है, जिससे लगभग 30 फीट मलबा और बड़े-बड़े पत्थर मार्ग को अवरुद्ध कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, सुरक्षा कारणों से मार्ग पर बैटरी कार, केबल कार और हेलीकॉप्टर सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर राहत और निकासी अभियान तेजी से शुरू किया। जबकि नया मार्ग बंद है, यात्रा को पारंपरिक पुराने मार्ग से जारी रखने की अनुमति दी जा रही है। श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, "यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, यात्रा को मूल मार्ग पर मोड़ दिया गया है। आपदा प्रबंधन कर्मियों के साथ हमारी टीमें युद्ध स्तर पर मलबा साफ कर रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है।

**वृष :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मिथुन :** बाहरी और अंदरुनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**कन्या :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**तुला :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरुआत हो सकती है।

**धनु :** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगें।

**मकर :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें।

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

### छठ, दीपावली पर बिहार पहुंचने का टेंशन खत्म

## चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने दे दी एक और बड़ी सौगात

**एजेंसी। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को घोषणा की कि राज्य सरकार आगामी त्योहारों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए 299 अतिरिक्त बसें चलाएगी। नीतीश ने एक्स पर लिखा कि बिहार के लोग विभिन्न पर्व-त्योहारों खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर काफी संख्या में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम बंगाल से घर आते हैं। पर्व-त्योहारों के अवसर पर बिहार आने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बिहार आने वाले लोगों की यात्रा को सुगम बनाने तथा उनकी सहूलियत के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में बिहार से जुड़े अंतर्राज्यीय मार्गों पर राज्य सरकार 299 ए॰सी॰ एवं नॉन ए॰सी॰ बसों का परिचालन कराने जा रही है। उन्होंने लिखा कि 24 जून 2025 को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इसे स्वीकृति दे दी गई है। राज्य सरकार 75 वातानुकूलित और 74 डीलक्स बसों की खरीद पर 105.82 करोड़ रुपए खर्च करेगी। साथ ही लोक निजी भागीदारी के अन्तर्गत भी 150 अतिरिक्त ए॰सी॰ बसों का परिचालन कराया जाएगा। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार पर्व-त्योहारों खासकर छठ, होली, दीपावली एवं दुर्गा पूजा के अवसर पर केंद्र सरकार से भी और अधिक विशेष ट्रेन चलाने का अनुरोध करेगी। इससे पर्व-त्योहारों के समय लोगों को अब बिहार आने में सहूलियत होगी और वे सुविधापूर्वक अपने घर पहुंच सकेंगे।

### भाषा के आधार पर लोगों को बांटने की कोशिश कर रही भाजपा

**मुंबई।** शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है और सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में 'भाषा आपातकाल' लगाने का आरोप लगाया। यहां पत्रकारों से बात करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी, जो कि भाजपा की पूर्व सहयोगी है, हिंदी के विरोध में नहीं है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह निश्चित रूप से मराठी भाषी राज्य में भाषा को थोपे जाने के खिलाफ है। मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को हिंदी पढ़ाने को लेकर चल रहे विवाद के बीच उन्होंने जोर देकर कहा, "हम किसी भी भाषा का विरोध या नफरत नहीं करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम किसी भी भाषा को थोपने की अनुमति देंगे।" उन्होंने दावा किया, "भाजपा भाषा के आधार पर लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है।

## गुजरात में 'आप' को झटका: विधायक उमेश मकवाणा 5 साल के लिए निलंबित

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी (आप) के गुजरात के बोटाद से विधायक उमेश मकवाणा पर पार्टी ने बड़ा एक्शन लिया है। उमेश मकवाणा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पांच साल के लिए 'आप' से सस्पेंड कर दिया गया है। इसकी जानकारी गुजरात के पार्टी अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया पर दी। गुजरात के पार्टी अध्यक्ष इसुदान गढ़वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ''उमेश मकवाणा को पार्टी विरोधी एवं गुजरात विरोधी गतिविधियों के लिए पांच साल के लिए पार्टी से सस्पेंड किया जाता है। उमेश मकवाणा ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए 'आप' के सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा, "जब मैं भारतीय जनता पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुआ था, तो मेरा इरादा अपने समुदाय के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने का था। लेकिन, अब मुझे लगता है कि हमारी पार्टी उस रास्ते से भटक रही है, इसीलिए आज मैं आम आदमी पार्टी के सभी पदों, विधानसभा में पार्टी के सचेतक पद, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने यह संदेश हमारे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को भी भेज दिया है।" इससे पहले उमेश मकवाणा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखकर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने का ऐलान किया। उन्होंने केजरीवाल को चिट्ठी में लिखा, ''मैं आम आदमी पार्टी में राष्ट्रीय संयुक्त सचिव के पद पर अंतिम ढाई साल से सेवा कर रहा हूं।

### पुरानी मांग को पूरा करना चुनाव आयोग के लिए आसान होना चाहिए : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने वोटर्स लिस्ट का मुद्दा एक बार फिर उछाल दिया है। कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग को एक लेटर लिखा गया है, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद संपन्न विधानसभा चुनावों का डाटा मांगा है। साथ ही दोनों राज्यों के चुनाव के दिन की वीडियो फुटेज भी मांगी गई है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पर लिखा, "ये एक पुरानी मांग है जिसे चुनाव आयोग के लिए पूरा करना आसान होना चाहिए।" उन्होंने चुनाव आयोग से अनुरोध करते हुए कहा कि ये सामग्री एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस और पार्टी के नेता राहुल गांधी लगातार महाराष्ट्र के चुनावों में धांधली के आरोप लगाते रहे हैं। इन आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने 12 जून को राहुल गांधी को एक पत्र लिखा था और डिबेट के लिए बुलाया था।

### आगामी त्योहारों — योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मुहर्रम पर्व पर जारी किया निर्देश

# श्रद्धालु 'भड़काऊ नारे न लगाएं, हथियार न लहराएं'

- **11 से 9 अगस्त तक श्रावण मास रहेगा, जिसमें कई पर्व और धार्मिक होंगे**

**एजेंसी। लखनऊ**



देश में सावन की शुरूआत होने वाली है और इसके साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, सौहार्दपूर्ण वातावरण और जनसुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बुधवार देर शाम शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्यभर के सभी पुलिस आयुक्तों, संभागीय आयुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी धार्मिक आयोजन श्रद्धा, सुरक्षा और सामाजिक सद्भाव के साथ आयोजित किए जाएं तथा प्रशासनिक तंत्र पूरी संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ काम करे।

**11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा**

एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 11 जुलाई से नौ अगस्त तक पवित्र श्रावण मास रहेगा जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावण शिवरात्रि, नागपंचमी और रक्षाबंधन जैसे पर्व मनाए जाएंगे और इसी अवधि में 27 जून से आठ जुलाई तक जगन्नाथ रथ यात्रा तथा 27 जून से छह-सात जुलाई तक मुहर्रम के आयोजन संभावित हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया, ''यह अवधि प्रदेश की कानून-व्यवस्था, चिकित्सा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील है।

**कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण और गरिमामय आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री ने विशेष निर्देश दिए**

उन्होंने कहा, ''यह यात्रा आस्था, अनुशासन और उल्लास का प्रतीक है। उत्तराखंड सीमा से सटे जनपदों सहित गाजियाबाद, मेरठ, बरेली, अयोध्या, प्रयागराज, काशी, बाराबंकी और बस्ती जैसे जिले विशेष सतर्कता बरतें।

### श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है

श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान सर्वोपरि है, किंतु किसी शरारती तत्व को अवसर नहीं मिलना चाहिए। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए, "कांवड़ यात्रा मार्ग पर कहीं भी खुले में मांस आदि की बिक्री न हो। यात्रा मार्गों की स्वच्छता, रोशनी, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जर्जर बिजली के खंभे और लटकते तारों की मरम्मत तत्काल पूर्ण हो। शिविर लगाने वाली संस्थाओं का सत्यापन कर उनके सहयोग से जनसुविधा केंद्र संचालित किए जाएं।

राम मंदिर का विरोध

## डोनाल्ड ट्रंप पर भारी पड़ने वाला ये भारतीय विवादों का है किंग



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए डेमोक्रेटिक प्राइमरी में 33 वर्षीय जोहरान ममदानी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। पहली बार दक्षिण एशियाई, भारतवंशी और मुस्लिम मूल के ममदानी ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया है। लेकिन क्यूमो ने अपनी हार स्वीकार कर ली। यानी अब ममदानी डेमोक्रेट पार्टी के न्यूयॉर्क मेयर के आधिकारिक उम्मीदवार होंगे। ममदानी के इलेक्शन कैंपेन में बॉलीवुड से लेकर इजरायल तक का जिक्र है। कहीं खूब वाहवाही मिली तो कहीं आलोचना। न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए ज़ोहरान ममदानी की संभावित उम्मीदवारी ने सोशल मीडिया पर चर्चाओं को जन्म दिया है। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने ममदानी के रुख पर टिप्पणी की है, उनकी हिंदू विरासत पर सवाल उठाया है जबकि उनकी मां, फिल्म निर्माता मीरा नायर की प्रशंसा की है। 33 वर्षीय डेमोक्रेट ममदानी दौड़ में आगे चल रहे हैं, लेकिन कथित भारत विरोधी और हिंदू विरोधी विचारों के लिए आलोचना का सामना कर रहे हैं। विवादास्पद रैलियों में उनकी भागीदारी और मोदी सरकार की आलोचना ने भी ध्यान आकर्षित किया है।

## ट्रंप ने नेतन्याहू के मुकदमे को खत्म करने की मांग की

**वाशिंगटन ।** ईरान-इजरायल के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार बयान दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुकदमे को खत्म करने की मांग की है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा, "मुझे यह जानकर झटका लगा कि इजरायल, जिसने हाल ही में अपने इतिहास के सबसे महान क्षणों में से एक देखा और जिसका नेतृत्व बिबी नेतन्याहू मजबूती से कर रहे हैं, अपने युद्धकालीन महान प्रधानमंत्री के खिलाफ 'विच हंट' जारी रखे हुए है। बिबी और मैंने एक साथ नरक जैसी स्थिति का सामना किया है, वो भी इजरायल के पुराने दुश्मन ईरान से लड़ते हुए, और अविश्वसनीय पवित्र भूमि के लिए बीबी का प्यार इससे बेहतर, तेज या मजबूत नहीं हो सकता था।

कनाडाई मेयर की मांग

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करे सरकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** कनाडा के सरे शहर की मेयर ब्रेंडा लॉक ने संघीय सरकार से अपील की है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करे। उन्होंने उन सभी आपराधिक गिरोहों को भी आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग की है, जो दक्षिण एशियाई मूल के कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाकर जबरन वसूली और हिंसा में शामिल हैं। मेयर ब्रेंडा लॉक ने कहा कि बिश्नोई गिरोह को आतंकी संगठन घोषित करने से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को संगठित अपराध के नेटवर्क से लड़ने और स्थानीय नागरिकों व व्यवसायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। लॉक ने हाल के महीनों में बिश्नोई गिरोह द्वारा कथित तौर पर कराई गई हत्याओं, जबरन वसूली और गोलीबारी की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि ये केवल आपराधिक घटनाएं नहीं हैं।

इटावा कथावाचक मामला

## गाड़ियों पर पथराव के बाद पुलिस ने की हवाई फायरिंग

**इटावा ।** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में कथावाचक मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव के खिलाफ दर्ज मुकदमे ने जातीय तनाव को हवा दे दी है। बुधवार को स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी और 12 थानों की फोर्स बुलानी पड़ी। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों पर पथराव किया और सड़कों पर चक्काजाम कर हंगामा मचाया। यह मामला अब यूपी की सड़कों से लेकर सियासी गलियारों तक पहुंच गया है, जहां समाजवादी पार्टी इसे 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए बड़ा मुद्दा बनाने में जुट गई है। इटावा के दादरपुर गांव में भागवत कथा के दौरान कथावाचक मुकुट मणि यादव और उसके साथी के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई।

# आतंकवाद पर एससीओ डॉक्यूमेंट हस्ताक्षर करने से भारत का इनकार

### चीनी रक्षा मंत्री के साथ द्विपक्षीय वार्ता में हॉटलाइन फिर से शुरू करने पर हुई चर्चा



**नई दिल्ली (हि.स.)**

- राजनाथ सिंह ने कहा कि दस सदस्यीय समूह में पाकिस्तान, चीन और रूस भी शामिल हैं, लेकिन इन देशों ने कोई अंतिम घोषणा पत्र जारी नहीं किया।
- उन्होंने कहा कि एससीओ (शंघाई सहयोग संगठन) को ऐसे दोहरे मानदंड अपनाने वाले देशों की आलोचना करने से नहीं चूकना चाहिए।

चीन के किंगदाओ में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने गए राजनाथ सिंह ने एससीओ संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। इसके पीछे उनका तर्क है कि आतंकवाद के मुद्दे पर चीन और पाकिस्तान ने हमेशा सख्त रुख अपनाने के बजाय नरम रवैया अपनाया है। यह मतभेद इसलिए भी था, क्योंकि मसौदे में आतंकवाद को ठीक तरीके से परिभारित नहीं किया गया था।

किंगदाओ में एससीओ देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के लिए पाकिस्तान समर्थित समूहों को दोषी ठहराया, जिसमें 26 नागरिक मारे गए। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन 'सिंदूर' शुरू करके सैन्य प्रतिक्रिया दी। उनके इस बयान ने भारत के दृढ़ आतंकवाद विरोधी रुख, एससीओ से कार्रवाई की मांग और रणनीतिक स्वायत्तता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले का पैटर्न भारत में लश्कर के पिछले आतंकवादी हमलों से मेल खाता है। भारतीय अधिकारियों के अनुसार इस बयान पर हस्ताक्षर करने से आतंकवाद और क्षेत्रीय सुरक्षा पर भारत की स्थिति कमजोर हो जाती। यह मतभेद इसलिए भी था, क्योंकि मसौदे में आतंकवाद को ठीक तरीके से परिभाषित नहीं किया गया था।

राजनाथ सिंह का कहना था कि दस सदस्यीय समूह में पाकिस्तान, चीन और रूस भी शामिल हैं, लेकिन इन देशों ने कोई अंतिम घोषणा पत्र नहीं जारी किया। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का सीधे नाम लिए बिना कहा कि कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। गलवान घाटी के जून, 2020 में संघर्ष के बाद रक्षा मंत्री की यह पहली चीन यात्रा थी। राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों पक्षों ने भविष्य में सीमा पर तनाव से बचने के लिए भारत-चीन हॉटलाइन को फिर से शुरू करने की संभावना सहित सैन्य संचार तंत्र पर चर्चा की।

## आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं, हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे : राजनाथ

**किंगदाओ (आईएएनएस)**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चीन के किंगदाओ में शंघाई कॉर्पोरेशन ऑर्गेनाइजेशन (एससीओ) रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल होने पहुंचे हैं। गुरुवार को राजनाथ सिंह ने पहलगाम हमलों के बाद शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ देश सीमा पार आतंकवादियों को पनाह देते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में कहा, "आतंकवाद के प्रति भारत का 'जीरो टॉलरेंस' आज जग जाहिर है। इसमें आतंकवाद के खिलाफ खुद की रक्षा करने का हमारा अधिकार भी शामिल है। हमने दिखाया कि आतंकवाद के केंद्र अब सुरक्षित नहीं हैं। हम उन्हें निशाना बनाने में संकोच नहीं करेंगे। उन्होंने आगे कहा, "हमें अपने युवाओं में कट्टरपंथ के प्रसार को रोकने के लिए भी सक्रिय कदम उठाने चाहिए। एससीओ के 'आरएटीएस तंत्र' ने इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत की अध्यक्षता के दौरान जारी एससीओ राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के संयुक्त वक्तव्य 'आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ का मुकाबला' पर हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कहा, "कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को नीति के साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और आतंकवादियों को पनाह देते हैं। ऐसे दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए।

## ईरान से 3 नेपाली नागरिकों सहित 272 भारतीय, पहुंचे दिल्ली



**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारत ने इजरायल के साथ संघर्ष के बाद ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को निकाला है। उन्हें लेकर एक विशेष विमान ईरानी शहर मशहद से आधी रात के बाद दिल्ली पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ऑपरेशन सिंधु के तहत 272 भारतीय और 3 नेपाली नागरिकों को ईरान से एक विशेष उड़ान के जरिए निकाला गया, जो 26 जून को 00:01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची। ऑपरेशन सिंधु के तहत 3426 भारतीय नागरिकों को ईरान से स्वदेश लाया गया है। भारत ने बुधवार को ईरान से 296 भारतीय नागरिकों और चार नेपाली नागरिकों को निकाला था। भारत ने मंगलवार को ईरान और इज़राइल से 1,100 से अधिक नागरिकों को निकाला था।

इसने भारतीय वायुसेना के सी-17 भारी-भरकम विमान का उपयोग करते हुए 400 से अधिक लोगों को इजराइल से वापस लाया है, जिन्हें स्थल पारगमन बिंदुओं के माध्यम से इजराइल से जॉर्डन और मिस्र ले जाया गया था। इसके अलावा, 161 भारतीयों को अम्मान से एक चार्टर्ड विमान से वापस लाया गया, जो सड़क मार्ग से इजरायल से जॉर्डन की राजधानी पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय द्वारा साझा किए गए विवरण के अनुसार, दो चार्टर्ड उड़ानों में कुल 573 भारतीयों, तीन श्रीलंकाई और दो नेपाली नागरिकों को ईरान से निकाला गया। पिछले कई दिनों में ईरान से निकाले गए भारतीय नागरिकों को कई अन्य उड़ानों से वापस लाया गया है। एक सप्ताह से भी अधिक समय पहले शत्रुता शुरू होने के बाद से इजरायल और ईरान ने एक-दूसरे के शहरों और सैन्य और रणनीतिक सुविधाओं पर सैकड़ों मिसाइलों और ड्रोनों को दागा है।

## ईरान से हेरात बॉर्डर के रास्ते वापस लौटे 30 हजार अफगानी

**काबुल ।** पश्चिमी हेरात में इस्लाम कला बॉर्डर क्रॉसिंग के रास्ते 30,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थी ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। यह हाल ही में सबसे बड़ी सामूहिक वापसी में से एक है। सूचना एवं संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक मावलवी अहमदुल्ला मुत्ताकी ने बताया कि वतन लौटने वालों को पानी, भोजन और मेडिकल केयर सहित सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं। अफगानिस्तान, ईरान के साथ दो प्रमुख क्रॉसिंग पॉइंट साझा करता है। एक पश्चिमी हेरात प्रांत में और दूसरा निमरोज प्रांत में। हाल ही में, दोनों क्रॉसिंग पर लौटने वाले शरणार्थियों की संख्या में तेज वृद्धि देखी गई है।

## मेक्सिको: स्ट्रीट फेस्टिवल के दौरान गोलीबारी, 12 की मौत, 20 घायल

**मेक्सिको सिटी (आईएएनएस)**





मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य में स्थित इरापुआटो में सेंट जॉन द बैपटिस्ट के सम्मान में आयोजित एक उत्सव के दौरान बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इनके अलावा 20 लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है।

यह वारदात बुधवार रात को हुई। उस समय लोग कम्युनिटी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में डांस करने और शराब पीने के लिए एकत्र हुए थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वारदात से ठीक पहले लाइव बैंड की धुन पर लोग नाचते नजर आ रहे हैं।

इरापुआटो के एक स्थानीय अधिकारी रोडोल्फो गोमेज सर्वेंट्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुष्टि की है कि 12 लोग इस घटना में मारे गए हैं, जबकि 20 घायलों का इलाज चल रहा है। मेक्सिकन राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इस घटना की निंदा करते हुए जल्द से जल्द न्याय का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, "जो हुआ, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मामले की जांच चल रही है। फेडरल एंड स्टेट सिक्योरिटी फोर्सेज हमलावरों की पहचान में जुटी है। मेक्सिको सिटी के उत्तर-पश्चिम में स्थित गुआनाजुआटो राज्य हाल के वर्षों में मेक्सिको के सबसे हिंसक इलाकों में से एक बन गया है। अपराधी गिरोह ड्रग्स, वसूली नेटवर्क और अन्य अवैध कारोबारों पर कंट्रोल हासिल करने के लिए जानलेवा गैंगवार जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य में इस साल जनवरी से मई के बीच 1,435 हत्याओं के मामले दर्ज किए गए है। यह किसी भी अन्य मेक्सिकन राज्य में हुई ऐसी वारदातों से दोगुनी से भी अधिक है। स्टेट अटॉर्नी जनरल ऑफिस के अनुसार, इरापुआटो की यह घटना गुआनाजुआटो में अलग-अलग हिंसक घटनाओं में पांच लोगों की हत्या के ठीक एक दिन बाद हुई है।

पिछले महीने भी कुछ इसी तरह की घटना हुई थी। उस समय सैन बार्टोलो डे बेरियोस शहर में एक कैथोलिक चर्च के कार्यक्रम में बंदूकधारियों ने हमला किया था। उस घटना में सात लोग मारे गए थे। अधिकारियों ने अभी तक संदिग्धों का नाम नहीं बताया है। यह पुष्टि भी नहीं की गई है कि इरापुआटो में हाल ही में हुई हिंसा के पीछे कौन सा आपराधिक संगठन हो सकता है।

## चीन में बाढ़ से भारी तबाही, छह की मौत

**गुइयांग।** दक्षिण-पश्चिम चीन स्थित गुइझोउ प्रांत के रोंगजियांग काउंटी में बाढ़ ने तबाही मचा दी है। इसके चलते छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिसकी पुष्टि स्थानीय बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों ने की है। काउंटी में कई नदियों में जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। अधिकतम प्रवाह 11,360 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड तक पहुंच गया है। बाढ़ ने कई निचले इलाकों को जलमग्न कर दिया है।

## उधमपुर में सेना व आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**उधमपुर (आईएएनएस)**



जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में भारतीय सेना के जवानों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इलाके में भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती है। गुरुवार को ये मुठभेड़ बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में सेना और पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान हुई। भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि की। इस ऑपरेशन का नाम "ऑपरेशन बिहाली" रखा गया है। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, "खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर ने बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। आतंकवादियों के बारे में पता चल गया है। ऑपरेशन अभी जारी है। अधिकारियों ने बताया कि जिले के बसंतगढ़ इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली थी। सेना ने सुबह इलाके की घेराबंदी करते हुए तलाशी अभियान चलाया। इसी बीच सैनिकों पर गोलीबारी हुई, जिसका जवाब दिया गया और इससे मुठभेड़ शुरू हुई। मौके पर अतिरिक्त बल भेजा गया है।







रश्मिका मंदाना, जिन्हें अक्सर 'नेशनल क्रश' के नाम से जाना जाता है, न केवल अपनी स्क्रीन प्रेजेंस से बल्कि अपनी स्मार्ट स्क्रिप्ट चॉइस से भी दर्शकों को प्रभावित करती रहती हैं, जो लगातार बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करती हैं। उनकी हालिया फिल्म कुबेर इस बात का सबूत है - इस सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है और सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन जारी रखा है।

## घने कोहरे के बीच हाथ में भाला थामे खड़ी दिखी रश्मिका मंदाना

कहानी फिल्म जगत की

रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म का पहला लुक शेयर किया है। पोस्टर में उन्हें जंगल में खड़ी एक योद्धा राजकुमारी के रूप में दिखाया गया है। एक तरफ एक पेड़ जल रहा है, और पुरुषों का एक समूह उसका पीछा कर रहा है। पोस्टर डार्क, इंटेंस और रहस्य से भरा हुआ लग रहा है। इस पर लिखे शब्द "शिकार, घायल, अटूट" और "रश्मिका अनलेशेड" हैं, जो संकेत देते हैं कि उनका किरदार मजबूत, बहादुर और चोट लगने के बाद वापस लड़ने वाला है।

रश्मिका ने अपने प्रशंसकों के लिए एक मजेदार चुनौती भी जोड़ी- उन्होंने उनसे शीर्षक का अनुमान लगाने के लिए कहा और सही उत्तर देने वाले व्यक्ति से मिलने का वादा किया। इससे उनके प्रशंसक फिल्म के बारे में और भी अधिक उत्साहित और उत्सुक हो गए। यह फिल्म उनकी हालिया हिट फिल्म छावा के बाद आई है, जिसने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। वह थामा नामक एक और फिल्म पर भी काम करने में व्यस्त हैं, जिसमें वह आयुष्मान खुराना के साथ अभिनय कर रही हैं। इस नई योद्धा फिल्म के साथ, प्रशंसक रश्मिका को फिर से एक बोल्ड और शक्तिशाली भूमिका में देखने के लिए उत्सुक हैं। हाल ही में उन्हें धनुष की 'कुबेर' में देखा गया था, जो अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। हालांकि, उनकी पिछली बॉलीवुड फिल्म 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। ऐसा लगता है कि यह फिल्म अनफॉर्मूला फिल्म्स नामक प्रोडक्शन हाउस द्वारा समर्थित है।

बीएयू का 45वां स्थापना दिवस समारोह

# बिरसा कृषि विवि किसानों के तकनीकी सशक्तिकरण का केंद्र बने: कृषि मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को राज्य के किसानों के सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी सुदृढ़ीकरण का केंद्र बनना चाहिए तथा उनका दुख-दर्द काम करने की दिशा में भी काम करना चाहिए। बीएयू कृषि और संबद्ध विषयों में स्नातक और परास्नातक तैयार करने वाला कारखाना मात्र नहीं है। वे गुरुवार को बीएयू के 45वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान की पहचान वहां के भवन, ढांचागत सुविधाओं और पुस्तकों आदि से नहीं होती, बल्कि उसे चलाने वाले लोगों की मेधा, विजन, सोच और समर्पण से होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए उनका विभाग यथासंभव प्रयासरत है। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए सभी संबद्ध पक्षों, यथा शिक्षकों, विद्यार्थियों, राज्य सरकार और राजभवन को मिलकर समर्पित प्रयास करना होगा। प्रौद्योगिकी प्रसार के लिए वैज्ञानिकों को नियमित रूप से गांव का भ्रमण करना चाहिए क्योंकि उनके प्रवृत्ति के अनुरूप ही छात्र-छात्राओं में भी सोच का निर्माण होगा। अपने व्यक्तिवादी सोच से ऊपर उठकर हमें उन सपनों और उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास करना होगा जिसके लिए इस संस्थान की स्थापना की गई थी।

इसके पूर्व मंत्री ने कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय के भवन का उद्घाटन किया, बीएयू की वार्षिक रिपोर्ट का लोकार्पण किया तथा राज्य के विभिन्न जिलों से आये 5 नवोन्मेषी किसानों को सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि क्लाइमेट रेसिलियंट और बायो फोर्टीफाइड फसल प्रभेदों का विकास तथा कृषि पद्धति में बागवानी और पशुपालन का समावेश करते हुए उसे वह वैविध्यपूर्ण बनाना विश्वविद्यालय का प्रमुख भावी कार्यक्रम है। उन्होंने विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों तथा अन्य कर्मियों के बड़ी संख्या में रिक्त पड़े पदों तथा शिक्षकेतर कर्मियों के लिए एसीपी/ एमएसीपी लागू करने की ओर भी मंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

## पृष्ठ एक के शेष

**जीएलए कॉलेज के सहायक प्राध्यापक...**
उन्होंने कहा, "विश्वविद्यालय द्वारा सौंपी गई यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव की बात है। मैं पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और सकारात्मक सोच के साथ कार्य करूंगा और जेएस कॉलेज को शैक्षणिक गुणवत्ता की दिशा में आगे ले जाने का हर संभव प्रयास करूंगा।" अधिसूचना के अनुसार डॉ. पासवान का वेतन मूल संस्थान यानी जीएलए कॉलेज से ही देय होगा। साथ ही, जेएस कॉलेज के वर्तमान प्रभारी प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार वैद्य को निर्देश दिया गया है कि वे पदभार डॉ. अजय पासवान को सौंप दें। विश्वविद्यालय रजिस्ट्रार के हस्ताक्षरित ज्ञापन से यह जानकारी सभी संबंधित डीन, विभागाध्यक्षों, महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्रोफेसर इंचार्ज और विश्वविद्यालय के अधिकारियों को भेज दी गई है। डॉ. अजय पासवान ने बताया कि वे सोमवार को पद भार ग्रहण करेंगे।

**धनबाद और लोहरदगा में रिश्वत लेते 2...**
अनीस के घर पर जाकर जांच कर रही है। अनीश पर आरोप है कि वह एक व्यक्ति से जमीन से संबंधित मामले में घूस मांग रहा था।

**लोहरदगा के नाजिर वरुण कुमार रिश्वत लेते गिरफ्तार :** इधर, विशेष प्रमंडल लोहरदगा के नाजिर वरुण कुमार को रांची एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों ने उसे 4 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आगे की जांच जारी है।

**अस्पताल में भर्ती शिबू सोरेन की...**
की थी और मौके पर उपस्थित चिकित्सकों से उनके उपचार की प्रगति के संबंध में चर्चा की थी। राज्यपाल ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। शिबू सोरेन झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के प्रमुख नेता रहे हैं। झारखंड के आदिवासी समाज ने दशकों पहले उन्हें 'दिशोम गुरु' (देश का गुरु) का दर्जा दिया था। वह आम लोगों के बीच 'गुरुजी' के रूप में जाने जाते हैं। सोरेन केंद्र की सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं।

15 दिन के एकांतवास के बाद भगवान...
**नेत्रदान और नयनाभिषेक की विधि में उमड़ा जनसैलाब :** दोपहर 4 बजे से नेत्रदान की प्रक्रिया आरंभ हुई। तीनों विग्रहों को स्नान मंडप में विशेष अनुष्ठानों के साथ रखा गया, जहां उनके नेत्रों का पुनर्निर्माण किया गया। यह वह भावनात्मक क्षण था, जब भक्तों को नवनिर्मित विग्रहों के प्रथम दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

**विग्रहों की पुनः स्थापना और भव्य आरती :** 1691 में स्थापित पुरानी प्रतिमाओं को भी दर्शन के लिए रखा गया था। चार बजे पुराने स्थानों से लाए गए विग्रहों की पुनः स्थापना की गई। सायं 4:30 बजे महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसके बाद 108 मंगल आरती की गई।

**चिपरा से कोईरी समाज ने निभाई परंपरागत भूमिका :** रातु चिपरा से कोईरी समाज के लोगों ने पारंपरिक रीति के अनुसार तीनों विग्रहों को गर्भगृह से बाहर निकालकर नेत्रदान की प्रक्रिया में भाग लिया। इसके बाद रात्रि 8:30 बजे विग्रहों को पुनः गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया।

**27 जून को रथ पर सवार होकर जाएंगे मौसीबाड़ी :** इस धार्मिक क्रम की अगली कड़ी में 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा रथ यात्रा के लिए मौसीबाड़ी जाएंगे।

**मंदिर के गुंबदों पर लगे झंडों को बदला गया :** इस अवसर पर मंदिर के सभी पुराने पीले झंडों को हटाकर नए झंडे स्थापित किए गए, जिससे पूरा मंदिर परिसर और भी आभामंडित हो उठा।

**स्वस्थ व नशामुक्त झारखंड की...**
मैराथन दौड़ के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में एकत्र हुए युवाओं की भीड़ को संबोधित कर रहे थे। हर कदम पर ले शपथ नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड बनाने का पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मैराथन दौड़ में मोरहाबादी से अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ़ बढ़ते कदम के साथ हमलोगो ये हर कदम पर नशा से दूर रहने और नशा मुक्त झारखंड के लिए प्रतिज्ञा लेंगे । झारखंड ,नशा मुक्ति के अंतरराष्ट्रीय मानक के हर पहलुओं का शत- प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निदेश झारखंड को नशामुक्त बनाने का अक्षरशः पालन किया जा रहा है। मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस अवसर पर युवाओं को नशा से दूर रहने , नशा मुक्त झारखंड बनाने हेतु शपथ दिलाई।मैराथन दौड़ में विजयी प्रतिभागियों को मंत्री सुदिव्य कुमार ने पुरस्कृत भी किया। इसमे अनूप उरांव, श्रीजीत सरकार, कुंदन महतो, निर्मल, रंजीत कुमार महतो, ममता कुमारी,रीता कुमारी,सुमन कुमारी,संध्या कुमारी, सोनी कुमारी शामिल हैं।

इस अवसर गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री , निदेशक खेल कूद शेखर जमुवार सहित जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

**नशा मुक्त अभियान झारखंड में लिए बहुत जरूरी : सचिव**
पर्यटन सह खेलकूद सचिव मनोज कुमार में कहा कि नशा मुक्त अभियान झारखंड में लिए बहुत जरूरी है । संकल्प ले जो कदम मैराथन दौड़ में अल्बर्ट एक्का चौक की तरफ़ जाएगा वो हर कदम नशा मुक्त झारखंड के लिए होगा । उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछले 14 दिनों से झारखंड के प्रत्येक जिले ,प्रखंड, पंचायतों , स्कूलों ,कॉलेजों में मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता हेतु कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज मैराथन दौड़ के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया रहा है और आज ही इस अभियान का समापन भी है।

**राज्य को नशा व अपराधमुक्त बनाने...**
अलका तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि अफीम की खेती और नशे के कारोबार ने राज्य के कई हिस्सों को अपनी चपेट में लिया है। उन्होंने बताया कि इस बार राज्य सरकार ने तकनीक एवं बहु-विभागीय समन्वय के ज़रिए अफीम की खेती का बड़े पैमाने पर विनष्टीकरण किया है। अफीम की खेती के खिलाफ चलाए गए व्यापक अभियान को उन्होंने "कॉम्प्रिहेंसिव सफलता" बताया।

**इस वर्ष 27,000 एकड़ अफीम की खेती की गई नष्ट : डीजीपी**
राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने जानकारी दी कि इस वर्ष 27,000 एकड़ भूमि पर फैली अफीम की खेती को नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि खूंटी जैसे संवेदनशील जिलों में स्थानीय ग्रामीणों ने भी स्वेच्छा से इस अभियान में भागीदारी की। उन्होंने ब्राउन शुगर को युवाओं के लिए घातक बताते हुए कहा कि अब सप्लाई चेन तोड़ने की दिशा में पुलिस पैडलर्स, डीलर्स और सप्लायरों पर सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अब तक ड्रग्स के विरुद्ध कुल 350 मामले दर्ज किए गए हैं और 318 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है।

नशा उन्मूलन से जुड़े पाठ्यक्रमों को किताबों में किया जाए शामिल : स्वास्थ्य सचिव
स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने स्कूलों, कॉलेजों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि नशा उन्मूलन से जुड़े पाठ्यक्रमों को किताबों में शामिल किया जाए एवं NSS वालंटियर की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

अभियान के तहत 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम किए गए आयोजित
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि अफीम की अफीम की खेती से राज्य के 238 पंचायत प्रभावित हैं, जहां जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि बीते दो हफ्तों में 12,000 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान 3,000 से अधिक स्कूलों में 22 लाख बच्चों को शामिल करते हुए विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही डोर-टू-डोर प्रचार, मास्टर ट्रेनर्स की तैयारी और यूनिसेफ की तकनीकी सहायता इस अभियान की खास विशेषताएं रहीं।

समाज कल्याण सचिव मनोज कुमार ने कहा कि यह अभियान सिर्फ दंडात्मक नहीं बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से प्रेरित रहा। ड्रग्स पीड़ितों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाते हुए उन्हें पुनर्वास की दिशा में बढ़ाया गया है।

समारोह के अंत में जागरूकता अभियान में विशेष भूमिका निभाने वाले विभागों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार ,स्कूली शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, पर्यटन सचिव मनोज कुमार, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, आईजी असीम विक्रांत मिंज समेत कई वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुदेश महतो ने शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**रांची।** आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अस्वस्थ होने की खबर पर चिंता जताई है और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। श्री महतो ने कहा है कि उन्हें जानकारी मिली है कि नई दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में वह भर्ती हैं और वह स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। वह कामना करते हैं कि गुरुजी शीघ्र स्वस्थ होकर झारखंड आकर फिर से हमसब का मार्गदर्शन करेंगे। मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भी शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और कहा है कि उनके लिए हम लोगों के दिलों में बहुत सम्मान है।

## सीयूजे के प्रोफेसर सौमेन डे को मिली 5.68 लाख की शोध परियोजना

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर, डॉ. सौमेन डे को झारखंड सरकार के झारखंड विज्ञान, प्रावैधिकी और नवाचार परिषद (जेसीएसटीआई) से 5.68 लाख रुपए की शोध परियोजना मंजूर की गई है। "वैलराईजेशन ऑफ वेस्ट फिश-स्केल फॉर इंटीग्रेटेड टेक्नो-इकोनॉमिक वेस्टवॉटर ट्रीटमेंटः ए लैब टू लैंड अप्रोच" नामक परियोजना का उद्देश्य झारखंड पर विशेष ध्यान देते हुए 'अपशिष्ट से उपयोगी पद्धति' उपयोग करके शुद्ध पानी के लिए एक अभिनव और टिकाऊ समाधान प्रदान करके समाज को लाभान्वित करना है।

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद

**रांची।** रांची में उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। गुरुवार को सिकिदरी में उत्पाद विभाग की टीम ने मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर नकली शराब का निर्माण किया जा रहा था। उत्पाद विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर की छापेमारी में 600 पेटी शराब के साथ-साथ 500 लीटर कच्चा शराब बरामद किया है। साथ ही मौके से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।


### कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

**-: आम सूचना :-**

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–01 रा0(विभाग), दिनांक –14.05.2025 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में प्रथम चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। Pashudhan टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्डः– सिमरिया | | | | |
| 1 | बन्हे | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 2 | बानासाड़ी | बानासाड़ी / रोल | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 3 | पुण्डरा | पुण्डरा / सिकरी | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 4 | एदला | बड़ा एदला / छोटा एदला | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 5 | डाड़ी | डाड़ी / बकचोमा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– हण्टरगंज | | | | |
| 6 | नवाडिह पनारी | मयापुर कला / नावाडिह पनारी | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 7 | जबड़ा | जबड़ा / जिरहुलीया | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 8 | मीरपुर | सोनवरसा / शेरपुर | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 9 | नवाडिह | भोजपुर / सोहाद | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 10 | डाहा | विहीया जरहलीच / बेला | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– प्रतापपुर | | | | |
| 11 | रामपुर | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 12 | प्रतापपुर | प्रतापपुर / कोसीआरा | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 13 | बभने | चैनपुर / विरमात कुम | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 14 | गजवा | पाती / ननई खुर्द | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 15 | मोनिया | मोनिया / लोधीया | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– टण्डवा | | | | |
| 16 | कल्याणपुर | दुन्दुआ / अतराठी | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 17 | किचतो | करमटांड / किचटो | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 18 | बहेरा | बहेरा / राजघर | 0507.2025 / 06.07.2025 | |
| 19 | बेंती | डेम्बुआ / झुलनडीहा | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 20 | बचरा उत्तरी | बचरा अंश / होसिर | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– पत्थलगडा | | | | |
| 21 | सिंहानी | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 सरोज कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, शिला। |
| 22 | नावाडीह | नवाडीह / डमौल | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 23 | बरवाडीह | बेलहर / कुप्पा | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 24 | नोनगाँव | गोपीपुर / बन्दरचुँआ | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 25 | मेराल | मेराल / खैरा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– कान्हाचट्टी | | | | |
| 26 | राजपूर | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 27 | चिरिदिरी | चिरिदिरी / नईकी हेसांग | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 28 | कोल्हैया | कोल्हैया / भांग कुरकुट्टा | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 29 | बेंगोकला | बेंगोकला / मनगड़ा | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 30 | तुलबुल | तुलबुल / करमा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– ईटखोरी | | | | |
| 31 | ईटखोरी | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 32 | टोनाटांड | टोनाटांड / नगवाँ | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 33 | हलमता | हलमता / मुरूमदांग | 0507.2025 / 06.07.2025 | |
| 34 | धनखेरी | धनखेरी / परोका | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 35 | पितीज | हुरनाली / पितीज | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |
| प्रखण्डः– चतरा | | | | |
| 36 | पाराडीह | प्रखण्ड मुख्यालय | 01.07.2025 / 02.07.2025 | डॉ0 अंजु कुजुर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 37 | आरा | आरा / होलमगढ़ा कला | 03.07.2025 / 04.07.2025 | |
| 38 | सीमा | हफुआ / टिकुलिया | 05.07.2025 / 06.07.2025 | |
| 39 | जाँगी | लक्षणपूर / सरैया | 07.07.2025 / 08.07.2025 | |
| 40 | गंधरिया | गंधरिया / लोवागढ़ा | 09.07.2025 / 10.07.2025 | |

PR.NO.356010 Animal Husbandry(25-26):D

जिला पशुपालन पदाधिकारी, चतरा।



### कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

**आम सूचना**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड रांची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में गढ़वा जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर गढ़वा के संचालन हेतु चिकित्सक की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सक के चयन हेतु दिनांक 05.07.2025 को नगर परिषद गढ़वा में अपराह्न 12:00 बजे Walk in Interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवारों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:–

| क्रमांक | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01. | पदनाम | General Duty Officer |
| | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | झारखण्ड मेडिकल काउंसलिंग ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से न्यूनतम M.B.B.S की डिग्री। |
| | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र के आधार पर 70 वर्ष के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा) |
| | मानदेय | रू0 63000.00 / प्रति माह (तिरसठ हजार मात्र) |
| | कुल रिक्तियां | 01 (एक पद), गढ़वा। |
| 02. | चयनित चिकित्सक द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता दे नहीं होगा। | |
| | नोटः– 1. यदि एक से अधिक अभ्यर्थी चयनित हो तो वैसे स्थिति में कोर्स के प्राप्तांक दूसरा निर्णायक कारक होगा।<br>नोटः– 2. स्थानीय उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। | |

इच्छुक उम्मीदवारों को 05.07.2025 को अपराह्न 12.00 बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छाया प्रति के साथ कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा में उपस्थित होना होगा। साथ ही दिनांक 04.07.2025 तक अपना दस्तावेज बायोडाटा eo.gharhwa.np@gmail.com पर ईमेल करेंगे

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 356064 (Urban Development) 25-26 (D)



### Office of the Executive Engineer
**Planning & Investigation Division, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, Third Floor, Doranda, Ranchi-834002**
**Email id :- eercdpiranchi-jhr@nic.in**

Letter No- **Corrigendum-1** Date-

**Tender Extension Notice**

P.R No.- 355580 Road (25-26).D, **(e-Tender Ref. No RCD /PID /Ranchi /8/2025-26 ( 1st Call)**

Tender ID: **2025_CECOM_102530_1**

Due to Technical reason, a revised date and time for bid submission and bid opening are as follows :-

| Sl. No. | Items | Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Start Date/Time of Bid Submission | 28.06.2025, 17:30 PM |
| 2 | Last Date/Time of Bid Submission | 14.07.2025, 12:00 PM |
| 3 | Date and Time of Bid opening | 15.07.2025, 12:30 PM |

All other terms and conditions will remain unchanged. For more information Please visit the Site-: http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Planning & Investigation Division**
**Road Construction Department, Ranchi.**

**PR 356052 Road(25-26)#D**



### कार्यालय :–जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।
Email Id:- dtojhgrh@rntcp.org

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 01 / 2025

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्नमूलन कार्यक्रम गढ़वा के अन्तर्गत प्रयोगशाला के लिए प्रयोगशाला सामग्री का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इस सूचना के माध्यम से इच्छुक फर्म / प्रतिष्ठान से द्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) सील बंद लिफाफे मे निविदा आमंत्रित की जाती है। सील बंद लिफाफे में निविदा दिनांक 26.06.2025 से दिनांक 05.07.2025 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्य दिवस में निबंधित डाक के माध्यम् से जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा में जमा किया जा सकता है। दिनांक 09.07.2025 को 11:00 बजे अपराह्न में सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार कक्ष में निविदा खोली जाएगी। निविदा कागजात गढ़वा जिले के बेबसाईट http://garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी,
जिला यक्ष्मा केन्द्र, गढ़वा।

PR 356043 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।



### कार्यलिय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 20/2025–26**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत 4 (चार) स्थल (1. कार्यालय के पार्क 2. कॉपरेटिब के पास 3. अम्बेडकर पार्क बड़ा तालाब के पास 4. ग्रीन जोन) पर चित्र बनाने की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता / कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा / कोटेशन दिनांक **04.07.2025** को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा / कोटेशन दिनांक **04.07.2025 को 2:00** बजे **अपराह्न** नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा

ह0 / –
सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

**PR 356015 District(25-26)#D**



### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,(कृषि प्रभाग)
**कार्यालयः- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा**
**पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114**
**Email- atmagarhwa2007@gmail.com**

**(किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना)**

गढ़वा जिले के सभी किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) निम्न प्रकार हैं:– (In Rs.)

| Sl No. | Company Name | Urea Ind./IMP | DAP | | MOP | SSP | Complex | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | IND | IMP | | | 20:20:0:13 | 14:28:00 | 14:28:14 | 10:26:26 | 16:16:16 |
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350 | - | - | - | 1300 | - | - | 1720 | - |
| 2 | NFL | 266.50 | - | 1350 | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL /KRIBHCO | 266.50 | 1350 | 1350 | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | INDORAMA | 266.50 | 1350 | 1350 | 1525 | 540 | 1325 | 1400 | 1650 | 1725 | - |
| 6 | IPL | 266.50 | - | - | 1535 | 565 | - | - | - | - | 1475 |
| 7 | MATRIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350 | 1350 | - | - | 1350 | - | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | - | 550 | - | - | - | - | - |
| 11 | BEC | - | - | - | - | 575 | - | - | - | - | - |
| 12 | BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोटः–
1. Urea की प्रति बोरी 45 Kg Pack size की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी 50 Kg Pack size की होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित MRP से अधिक मूल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी / प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिला कृषि कार्यालय, गढ़वा तथा संयुक्त कृषि निदेशक कार्यालय, पलामू में इस की शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर–अनुदानित उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्व उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 356048 Agriculture(25-26).D

# जीत का सूखा खत्म करने उतरेगी जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के बीच 28 जून से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सीरीज का पहला मैच बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मुकाबला इसी मैदान पर 6-10 जुलाई के बीच खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का खिताब जिताने वाले कप्तान टेंबा बावुमा बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के चलते जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए चोट लगी थी। यह बावुमा की दो साल से भी कम समय में तीसरी हैमस्ट्रिंग चोट है। टेंबा बावुमा की गैर-मौजूदगी में केशव महाराज रेड-बॉल सीरीज के लिए कप्तान की भूमिका निभाएंगे। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे की कप्तानी क्रेग एर्विन के हाथों में है। सीन विलियम्स और ब्लेसिंग मुजरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ी इस टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के बीच साल 1995 से अब तक कुल 9 मैच खेले गए हैं। इस दौरान दक्षिण अफ्रीका ने आठ मुकाबले अपने नाम किए हैं। शेष एक मैच ड्रॉ रहा है। जिम्बाब्वे अब तक इस टीम के खिलाफ एक भी टेस्ट नहीं जीत सकी है। दोनों देशों के बीच आखिरी टेस्ट मैच दिसंबर 2017 में खेला गया था, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 120 रन से जीता था। जिम्बाब्वे के खिलाफ अब तक ऐसे पांच मैच रहे हैं, जिसे दक्षिण अफ्रीका ने पारी के अंतर से अपने नाम किया है।

**दक्षिण अफ्रीका:-** केशव महाराज (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीत्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरजी, जुबैर हम्जा, क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल वेरिन और कोडी यूसुफ।

**जिम्बाब्वे:-** क्रेग एर्विन (कप्तान), ब्रायन बेनेट, तनाका चिवांगा, ट्रेवर ग्वांडु, ताकुदज्वानाशे काइतानो, क्लाइव मदांडे, वेस्ली माधेवेरे, विंसेंट मासेकेसा, वेलिंगटन मसकाद्जा, प्रिंस मसवाउर, कुंडाई माटिगिमु, ब्लेसिंग मुजरबानी, न्यूमैन न्यामुरी, तफदज्वा त्सिगा, निकोलस वेल्च, सीन



## दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी

## बर्मिंघम टेस्ट से पहले हर्षित राणा भारतीय टीम से बाहर



**लीड्स।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा इंग्लैंड दौरे पर अब भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। विश्वस्त सूत्रों ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि राणा को भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह लीड्स से ही भारत लौटेंगे। भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के लिए बर्मिंघम पहुंच चुकी है। हर्षित राणा को लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट से ठीक पहले भारतीय टीम में शामिल किया गया था। वह लीड्स टेस्ट की अंतिम 11 में जगह नहीं बना सके थे। इंग्लैंड ने यह टेस्ट आखिरी दिन 371 रन के लक्ष्य पीछा कर पांच विकेट से जीता था।मिली जानकारी के मुताबिक, भारतीय टीम के एक तेज गेंदबाज को परेशानी थी। ऐसे में प्रबंधन ऐसे तेज गेंदबाज को बैकअप के रूप में रखना चाहता था, जो बाउंसर का सही इस्तेमाल करता हो। राणा सही विकल्प थे और इसी वजह से उन्हें टीम से जोड़ा गया था। लेकिन, अब सब कुछ ठीक है। इसलिए राणा को अब रिलीज कर दिया गया है। हर्षित राणा ने पिछले साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था। वह दो टेस्ट खेले थे, जिसमें चार विकेट उनके नाम हैं। पर्थ में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3-48 रहा था। इंग्लैंड में, राणा को कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत 'ए' के लिए पहला मैच खेलने का मौका मिला। उन्होंने 99 रन देकर एक विकेट लिए थे।

## टी20 कप्तान सूर्यकुमार की हुई हर्निया सर्जरी



**नई दिल्ली।** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह जर्मनी के म्यूनिख में अपने पेट के निचले दाहिने हिस्से में हर्निया की सर्जरी करवाने के बाद ठीक होने की राह पर हैं। आईपीएल 2025 और मुंबई टी20 लीग में खेलने के बाद, सूर्यकुमार हर्निया के ऑपरेशन के लिए म्यूनिख जाने से पहले अपनी पत्नी देविशा के साथ यूरोप में थे। सूर्यकुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा, "जीवन अपडेट: पेट के निचले दाहिने हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एक आसान सर्जरी के बाद, मैं पहले से ही ठीक होने की राह पर हूं। वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।"यह दूसरी बार है जब सूर्यकुमार ने स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी करवाई है - 17 जनवरी, 2024 को म्यूनिख में उनके कमर में इसी तरह की हर्निया की समस्या के लिए उनका ऑपरेशन किया गया था। यह दिसंबर 2023 में भारत के दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के लिए सर्जरी करवाने के कुछ समय बाद हुआ था। सूर्यकुमार ने आखिरी बार भारत के लिए इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेला था, जिसे मेजबान टीम ने इस साल की शुरुआत में 4-1 के अंतर से जीता था। 34 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस साल आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए और आईपीएल 2025 में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने। हालांकि मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 नहीं जीत पाई, लेकिन आईपीएल के एक संस्करण में गैर-ओपनिंग बल्लेबाज द्वारा सबसे अधिक रन बनाने के लिए सूर्यकुमार को सीजन का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया।

जिम्बाब्वे-न्यूजीलैंड के साथ ट्राई सीरीज

## वैन डेर ड्यूसेन को दक्षिण अफ्रीका की कमान




**एजेंसी। नई दिल्ली**

जिम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच 14 जुलाई से 'ट्राई सीरीज' की शुरुआत होगी, जिसका फाइनल 26 जुलाई को खेला जाना है। इस सीरीज के लिए रासी वैन डेर ड्यूसेन को दक्षिण अफ्रीकी टीम की कमान सौंपी गई है। दक्षिण अफ्रीकी टीम में कॉर्बिन बॉश, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, रुबिन हरमन और सेनुरन मुथुसामी के रूप में चार ऐसे खिलाड़ी हैं, जो पहली बार टीम में शामिल हुए हैं। तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर और गेराल्ड कोएत्जी भी टी20 टीम में शामिल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। बर्गर, 'लम्बर स्ट्रेस फ्रैक्चर' से उबरे हैं। वह सितंबर के बाद पहली बार नेशनल टीम में वापस लौटे हैं। दूसरी ओर, कोएत्जी अब कमर की चोट से पूरी तरह से फिट हैं। उन्होंने नवंबर 2024 में प्रोटियाज के लिए आखिरी मैच खेला था। यह ट्राई सीरीज शुकरी कॉनराड के लिए ऑल-फॉर्मेट हेड कोच के रूप में नियुक्त होने के बाद पहला टी20 असाइनमेंट भी है। 11 जुलाई को हरारे के लिए रवाना होने से पहले, टीम 9-10 जुलाई को प्रिटोरिया के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में एसए-ए के हेड कोच वांडिले ग्वावु के मार्गदर्शन में दो दिवसीय शिविर के लिए एकत्रित होगी। दक्षिण अफ्रीका 14 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले के साथ इस ट्राई सीरीज की शुरुआत करेगा। इसके बाद टीम 16 जुलाई को न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। दक्षिण अफ्रीकी टीम 20 और 22 जुलाई को क्रमशः जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड को एक बार फिर चुनौती देगी। खिताबी मैच 26 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज के सभी मुकाबलों का आयोजन हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम : रासी वैन डेर ड्यूसेन (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, नंद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएत्जी, रीजा हेंड्रिक्स, रुबिन हरमन, जॉर्ज लिंडे, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, लुंगी एनगिडी, नकाबा पीटर, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस और एंडिले सिमलेन।

## रिवर प्लेट पर 2-0 से जीत के साथ ग्रुप-ई में टॉप पर इंटर

क्लब विश्व कप 2025

**एजेंसी। सिएटल**

फ्रांसेस्को एस्पोसिटो और एलेसेंड्रो बस्टोनी के गोल की मदद से एफसी इंटरनेशनल मिलान फीफा क्लब विश्व कप 2025 के अंतिम-16 में पहुंच चुकी है। इंटर ने गुरुवार को रिवर प्लेट के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की है। इसी के साथ टीम ग्रुप-ई में शीर्ष पायदान पर पहुंच गई। इंटर ने 26वें मिनट में अपना पहला मौका बनाया, लेकिन इसे भुनाया नहीं जा सका। उसके पास 32वें मिनट पर गोल करने का एक और अच्छा मौका था, लेकिन टीम यह चांस भी चूक गई। रिवर के मजबूत डिफेंस ने ब्रेक तक मुकाबले को गोल रहित बनाए रखा। हाफ-टाइम से ठीक पहले, इंटर के फेडेरिको डिमार्को ने नियर पोस्ट पर एक खतरनाक क्रॉस फायर किया, लेकिन सेंटर-बैक पाउलो डियाज ने एस्पोसिटो को गेंद पर कब्जा जमाने से रोकने के लिए लंजिंग क्लीयरेंस किया। 49वें मिनट में रिवर ने इंटर को खतरे में डाल दिया, लेकिन गोल नसीब नहीं हुआ। इंटर ने इसके बाद दबाव बनाना शुरू किया। इतालवी टीम ने कई मौके बनाए। सबसे शानदार मौका 52वें मिनट में आया, जब डियाज ने हेनरिक मिखितारयान के शॉट को ब्लॉक किया। 55वें मिनट में गोलकीपर फ्रेंको अरमानी ने मार्टिनेज के क्लोज-रेंज प्रयास को नाकाम कर दिया। 65वें मिनट में रिवर की टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट



गई थी। इंटर को पहली सफलता 72वें मिनट पर मिली। सब्सटीट्यूट पेटर सुसिक ने एस्पोसिटो को मौका दिया, जिनके पास बॉक्स में अपने शॉट को दाएं पोस्ट के अंदर डालने के लिए भरपूर मौका था। यहां से टीम ने 1-0 से बढ़त बना ली। इसके बाद एलेसेंड्रो बस्टोनी ने 90+3 मिनट में एक शानदार गोल करके इंटर को 2-0 से आगे कर दिया। इंटर अब 30 जून को शार्लेट में ग्रुप एफ उपविजेता फ्लूमिनेंस एफसी का सामना करेगी।



## सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 1,000 उछला

**मुंबई।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को हरे निशान में बंद हुआ। शेयर बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,000.36 अंक या 1.21 प्रतिशत की तेजी के साथ 83,755.87 और निफ्टी 304.25 अंक या 1.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,549.00 पर था। शेयर बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग और फाइनेंशियल शेयरों ने किया। सत्र के दौरान निफ्टी बैंक ने 57,263.45 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया और यह 585.55 अंक या 1.03 प्रतिशत बढ़कर 57,206.70 पर बंद हुआ। इसके अतिरिक्त, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, फार्मा, ऑटो, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। हालांकि, आईटी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 345.70 अंक या 0.59 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,227.40 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 77.75 अंक या 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,805.60 पर था। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, इटरनल, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एलएंडटी और टाइटन टॉप गेनर्स थे। वहीं, ट्रेंट, एसबीआई, टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, टीसीएस, सन फार्मा और इन्फोसिस लाल निशान में बंद हुए।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आज 240 रुपये से लेकर 260 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। इसी तरह चांदी भी आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,950 रुपये से लेकर 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,700 रुपये से लेकर 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना की तरह ही चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,08,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,950 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# फिनटेक के साथ फास्टैग इकोसिस्टम का विस्तार करने का लक्ष्य : नितिन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि फास्टैग इकोसिस्टम में न केवल टोलिंग के लिए, बल्कि पूरे देश में निर्बाध डिजिटल यात्रा अनुभवों के आधार के रूप में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि फिनटेक और अन्य हितधारकों के साथ सहयोग के माध्यम से हमारा लक्ष्य फास्टैग की उपयोगिता को एक मजबूत मंच में विस्तारित करना है, जो उपयोगकर्ता की सुविधा को बढ़ाएगा, परिवहन और गतिशीलता सेवाओं को सुव्यवस्थित करेगा और इस क्षेत्र में अधिक दक्षता लाएगा।

98.5 प्रतिशत टोल पेमेंट के साथ, नेशनल इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (एनईटीसी) फास्टैग प्रोग्राम 1,728 टोल प्लाजा (1,113 राष्ट्रीय राजमार्ग, 615 राज्य राजमार्ग) पर संचालित होता है। इसके अलावा, 38 से अधिक बैंकों ने डिजिटल भुगतान का समर्थन करते हुए 11.04 करोड़ फास्टैग जारी किए हैं। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह कारों के लिए 3,000 रुपए की कीमत वाले फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरुआत की घोषणा की, जो इस साल 15 अगस्त से प्रभावी होगा।

फास्टैग सिस्टम के इनोवेटिव एप्लीकेशन का पता लगाने के लिए, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रमोटेड कंपनी इंडियन हाईवेज एंड मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में फिनटेक कंपनियों के साथ एक वर्कशॉप आयोजित की गई थी।

वर्कशॉप का उद्देश्य विकास के अगले चरण का समर्थन करने के लिए नियामक अनुपालन, शिकायत निवारण, सुरक्षा और फास्टैग के गैर-टोल एप्लीकेशन जैसे विभिन्न पहलुओं पर अग्रणी फिनटेक प्लेयर्स से जानकारी एकत्र करना था।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा, "इस वर्कशॉप में आयोजित प्रस्तुतियां और चर्चाएं डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का मार्ग प्रशस्त करेंगी, जिससे देश के हर यात्री को लाभ होगा।"सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने कहा, "फिनटेक भारत के लिए एक उज्ज्वल स्थान रहा है और इसने हमें कई इनोवेशन दिए हैं, जबकि फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह को बदल दिया है।"

## भारतीय चाय उद्योग में 58 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि संगठित क्षेत्र में भारतीय चाय उद्योग लगभग 12 लाख कर्मचारियों को रोजगार प्रदान करता है और उनमें से लगभग 58 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "महिलाएं भारत के चाय क्षेत्र के विकास का नेतृत्व कर रही हैं। हमारा देश अपनी सुगंधित चाय और लगातार निर्यात वृद्धि के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।"डीजीसीआईएस डेटा के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में, निर्यात की गई चाय की कुल मात्रा 263 मिलियन किलोग्राम थी, जबकि कुल मूल्य 7,818 करोड़ रुपए था। वाणिज्य मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि चाय की खेप 0.83 बिलियन डॉलर से 10.8 प्रतिशत बढ़कर 0.92 बिलियन डॉलर हो गई। भारतीय चाय बोर्ड द्वारा संकलित हालिया आंकड़ों के अनुसार, 2024 में, भू-राजनीतिक तनावों से प्रेरित वैश्विक बाजार में अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का चाय निर्यात 255 मिलियन किलोग्राम पर 10 साल के उच्चतम स्तर को छू गया। भारत 25 से अधिक देशों को चाय निर्यात करता है, जिसमें यूएई, इराक, ईरान, रूस, अमेरिका और यूके इसके प्रमुख बाजार हैं। भारत दुनिया के शीर्ष पांच चाय निर्यातकों में से एक है, जो कुल विश्व निर्यात का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा है। भारत की असम, दार्जिलिंग और नीलगिरी चाय दुनिया की सबसे बेहतरीन चाय में से एक मानी जाती है।



## फॉक्सकॉन की भारत में बड़े निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली।** ताइवानी दिग्गज कंपनी होन हाई प्रेसिजन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड (फॉक्सकॉन) को ताइवान की सरकार से भारत और अमेरिका में 2.2 अरब डॉलर की राशि निवेश करने की मंजूरी मिल गई। ॉक्सकॉन को मंजूरी ऐसे समय पर मिली है, जब वह चीन से बाहर अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं का तेजी से विस्तार कर रहा है। भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और पीएलआई जैसी पहल बड़ी संख्या में विदेशी इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को आकर्षित करने में सफल रही हैं और इससे देश में तेजी से मैन्युफैक्चरिंग बढ़ी है और रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। फॉक्सकॉन को भारत और अमेरिका में 2.2 अरब डॉलर से अधिक की दो महत्वपूर्ण निवेश योजनाओं के लिए विनियामक अनुमोदन प्राप्त हुआ है। फोकस ताइवान की एक रिपोर्ट के अनुसार, मिनिस्ट्री ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स (एमओईए) के तहत आने वाले डिपार्टमेंट ऑफ इन्वेस्टमेंट रिव्यू ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग दिग्गज की निवेश योजना को मंजूरी दे दी है। डिपार्टमेंट ने कंपनी की सहायक कंपनी फॉक्सकॉन सिंगापुर पीटीई लिमिटेड में पूंजी बढ़ाने के उद्देश्य से 1.49 अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कंपनी की सिंगापुर स्थित यह इकाई, युजान टेक्नोलॉजी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करेगी, जो भारत में फॉक्सकॉन की सब्सिडियरी के तहत काम करने वाली एक अन्य इकाई है। प्रमुख ऐप्पल आईफोन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ने अपने भारतीय ऑपरेशंस में 1.48 अरब डॉलर (लगभग 12,800 करोड़ रुपए) का निवेश किया है। यह वर्तमान में स्मार्टफोन डिस्प्ले मॉड्यूल को असेंबल करने के लिए श्रीपेरंबुदूर में एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित कर रही है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, भारत ने 2014 से 2024 के बीच 500 अरब डॉलर से अधिक का एफडीआई इक्विटी इनफ्लो आकर्षित किया है, जो पिछले दशक में प्राप्त 208 अरब डॉलर से दोगुना से भी अधिक है।